✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 356 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, मंगलवार, 26 मई 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



पटना स्थित जदयू कार्यालय में लोगों की शिकायत सुनते ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार

## संक्षिप्त समाचार

### 21 माफियाओं की संपत्ति होगी जब्त

पूर्णिया(नबिटा ब्यूरो)। जिले में अवैध कारोबार और संगठित अपराध के जरिए अकूत संपत्ति बनाने वाले अपराधियों के खिलाफ पुलिस ने कानूनी शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। पुलिस अधीक्षक स्वीटी सहरावत ने बताया कि जिले में विभिन्न अवैध धंधों से जुड़े कुल 21 चिह्नित लोगों को न्यायालय की ओर से नोटिस जारी किया गया है। इन मामलों में विभिन्न थानों के अनुसंधानकर्ताओं द्वारा अलग-अलग अदालतों में संपत्ति जब्ती को लेकर प्रस्ताव भेजा गया था जिस पर कोर्ट ने संज्ञान लिया है। पुलिस अधीक्षक द्वारा लिये गये इस निर्णय से अवैध कारोबार करने वाले लोगों में हड़कंप व्याप्त हो गया है।

### मैथिली भाषा सीबीएसइ के पाठ्यक्रम में शामिल

पटना(नबिटा ब्यूरो)। मिथिला वासियों के लिए अच्छी खबर है। अब केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के पाठ्यक्रम में मैथिली भाषा को शामिल कर लिया गया है। केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री और शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने इस संबंध में सांसद डॉ. गोपाल जी ठाकुर को पत्र भेजकर जानकारी दी है। मंत्री जयंत चौधरी ने बताया कि सांसद डॉ. गोपाल जी ठाकुर द्वारा मैथिली भाषा को सीबीएसइ पाठ्यक्रम में शामिल करने की मांग को शिक्षा मंत्रालय ने गंभीरता से लिया है।

### सड़क दुर्घटना में एएसआई की मौत

आरा(नबिटा ब्यूरो)। शहर के टाउन थाना क्षेत्र अंतर्गत बाईपास रोड पर सोमवार सुबह सड़क दुर्घटना में बिहार पुलिस स्पेशल ब्रांच के सहायक उप निरीक्षक (एएसआई) राजीव रंजन उर्फ गोल्डी की मौत हो गई। तेज रफ्तार प्राइवेट स्कूल बस ने उनकी बाइक को रौंद दिया। गंभीर रूप से घायल एएसआई ने सदर अस्पताल जाते समय रास्ते में ही दम तोड़ दिया। हादसे के समय बस चालक ने वाहन को बीच सड़क पर छोड़कर फरार होने की कोशिश की। बाद में उसने प्राइवेट बस स्टैंड के पास बस खड़ी कर दी और वहां से भाग निकला।

### 33वीं बिहार न्यायिक सेवा प्रारंभिक परीक्षा स्थगित

पटना(नबिटा ब्यूरो)। न्यायिक सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों के लिए काम की खबर है। सोमवार शाम को बिहार लोक सेवा आयोग ने 33वीं बिहार न्यायिक सेवा प्रतियोगिता परीक्षा से जुड़े अभ्यर्थियों के लिए महत्वपूर्ण सूचना जारी की है। बीपीएससी के अनुसार, तीन जून 2026 को आयोजित होने वाली प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा को अगले आदेश तक स्थगित कर दिया गया है। आयोग ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय में दायर रिट पिटीशन (सिविल) संख्या 1110/2025 पर 22 मई 2026 को पारित अंतरिम आदेश के आलोक में यह निर्णय लिया गया है।

## मुख्यमंत्री ने ऊर्जा विभाग के अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

# हरित एवं स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए व्यापक रणनीति पर करें काम : सम्राट चौधरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। राजधानी पटना के लोक सेवक आवास स्थित संकल्प में आयोजित ऊर्ज़ा विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राज्य में हरित एवं स्वच्छ ऊर्ज़ा को बढ़ावा देने के लिए व्यापक रणनीति पर काम करने का निर्देश दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को तेजी से लागू करने, 10 लाख कुटीर ज्योति उपभोक्ताओं के परिसरों में सोलर संयंत्र लगाने और कृषि फीडरों के सोलराइजेशन को बढ़ाने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोगों का उद्देश्य है कि हरित एवं स्वच्छ ऊर्ज़ा को बढ़ावा मिले, इसके लिये समग्र योजना पर काम करना होगा। जहां भी सोलर पैनल लगाये गये हैं, उसे मेंटेन रखें। ग्रामीण क्षेत्रों में जीविका सदस्यों को सोलर संयंत्र स्थापित करने हेतु प्रोत्साहित करें। सोलर संयंत्र की कार्यप्रणाली तथा उसके लाभ के बारे में प्रचार-प्रसार करायें ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में सौर ऊर्ज़ा अपनाने के प्रति लगाव बढ़े। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार मुख्यमंत्री विद्युत उपभोक्ता सहायता योजना के तहत घरेलू उपभोक्ताओं को प्रतिमाह 125 यूनिट तक मुफ्त बिजली उपलब्ध करा रही है। इसके साथ ही लोगों को सौर ऊर्ज़ा के प्रति आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से घरों पर सोलर प्लेट लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक घरों को शामिल किया जाए। साथ ही कुटीर ज्योति योजना के तहत 10 लाख उपभोक्ताओं के परिसरों में सोलर संयंत्र लगाने के लक्ष्य को तेजी से पूरा किया जाए। मुख्यमंत्री ने ग्रामीण क्षेत्रों में जीविका समूहों की महिलाओं को सोलर संयंत्र लगाने हेतु प्रेरित करने और सौर ऊर्ज़ा के लाभों का व्यापक प्रचार-प्रसार करने की बात कही। मुख्यमंत्री ने कृषि क्षेत्र में सौर ऊर्ज़ा के उपयोग को बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री ने कृषि फीडरों के सोलराइजेशन को प्राथमिकता देने और अधिक से अधिक फीडरों को इस योजना में शामिल करने का निर्देश दिया। ऊर्ज़ा विभाग के सचिव अजय यादव ने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, बीपीएल उपभोक्ताओं के सोलराइजेशन प्लान, जीविका दीदियों के लिए प्रोत्साहन योजना और पीएम कुसुम योजना की प्रगति की जानकारी दी।

## शिबू सोरेन को मरणोपरांत पद्म भूषण, राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने किया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



रांची। झारखंड के पूर्व सीएम और झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक शिबू सोरेन को मरणोपरांत पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन के गणतंत्र मंडप में 2026 के पहले पद्म अवॉर्ड्स दिए। बता दें कि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री 'दिशोम गुरु' शिबू सोरेन को मरणोपरांत पद्म भूषण से सम्मानित करने की घोषणा केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा 25 जनवरी 2026 को गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर की गई थी। झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक शिबू सोरेन को यह 'पद्म भूषण' सम्मान सार्वजनिक जीवन में उनके लंबे योगदान और झारखंड राज्य के गठन में निभाई गई ऐतिहासिक भूमिका के लिए दिया गया है। 'दिशोम गुरु' के नाम से पहचान बनाने वाले शिबू सोरेन ने आदिवासी समाज के अधिकारों और अलग झारखंड राज्य की मांग को लेकर लंबे समय तक संघर्ष किया था। उनके संघर्ष के चलते और बने सियासी घटनाक्रम के चलते बिहार से अलग होकर झारखंड बन गया था। शिबू सोरेन ने अपना पहला लोकसभा चुनाव 1977 में लड़ा था। हालांकि इस चुनाव में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था लेकिन शिबू सोरेन ने हार नहीं मानी। जमीनी स्तर पर काम में जुटे रहे और फिर 1980 में दुमका से लोकसभा चुनाव लड़कर पहली जीत दर्ज की। इसके बाद शिबू सोरेन ने पीछे मुड़कर नहीं देखा।

## छापेमारी के दौरान बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित दवाइयां बरामद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गया। शहर के पिपरपांती मोहल्ले में सोमवार को ड्रग विभाग और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी। कांग्रेस के पूर्व सांसद स्व. रंजीत सिंह उर्फ रंग सिंह के मकान में हुई छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में प्रतिबंधित दवाएं बरामद की गईं। पुलिस ने मौके से पति-पत्नी को हिरासत में लिया है जबकि जांच एजेंसियां अब अवैध दवा कारोबार के बड़े नेटवर्क की कड़ियां खंगालने में जुट गई हैं। जानकारी के अनुसार जिस मकान में कार्रवाई की गई वहां किराए पर पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग का कार्यालय भी संचालित होता है। कोतवाली थाना क्षेत्र के न्यू एरिया पिपरपांती स्थित मकान में सोमवार दोपहर अचानक ड्रग विभाग और जिला पुलिस की टीम पहुंची। देखते ही देखते इलाके में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान घर के अंदर घंटों तक तलाशी अभियान चलता रहा। अचानक हुई इस छापेमारी से मोहल्ले में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और आसपास के लोग घर के बाहर जुट गए। जांच टीम ने मकान से बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित दवाइयां बरामद की हैं। अधिकारियों के मुताबिक बरामद दवाओं में लिंग संबंधी बीमारियों में इस्तेमाल होने वाली मेडिसिन और प्रतिबंधित कफ सिरप शामिल हैं। पुलिस का कहना है कि इन दवाओं की कीमत लाखों रुपये आंकी जा रही है। मौके से विकास कुमार और उनकी पत्नी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी गई है। गया के ड्रग इंस्पेक्टर विजय कुमार ने बताया कि बरामद दवाएं सामान्य मेडिकल दुकानों पर डॉक्टर की पर्ची के बाद ही दी जाती हैं। उन्होंने कहा कि छापेमारी में लाखों रुपये की दवाएं मिली हैं और यह पता लगाया जा रहा है कि इनकी सप्लाई कहां-कहां होती थी। मामले में कई बड़े खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है।

## सीएम सम्राट चौधरी को दिल्ली में सरकारी आवास आवंटित

पटना(नबिटा ब्यूरो)। बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को देश की राजधानी दिल्ली में सरकारी आवास आवंटित किया गया है। केंद्र सरकार की तरफ से उन्हें लुटियंस दिल्ली के वीवीआईपी इलाके कामराज लेन में बंगला नंबर-6 दिया गया है। मुख्यमंत्री बनने के बाद यह उनका आधिकारिक दिल्ली आवास होगा। यहां वे राजधानी दौरे के दौरान रुकेंगे और सरकारी बैठकों समेत अन्य कामकाज भी करेंगे। दिल्ली का कामराज लेन इलाका काफी खास माना जाता है। यहां केंद्रीय मंत्रियों, बड़े नेताओं और पूर्व मुख्यमंत्रियों के सरकारी बंगले मौजूद हैं। सम्राट चौधरी को इसी इलाके में टाइप-8 श्रेणी का बंगला मिला है। राजनीतिक गलियारों में इसे अहम माना जा रहा है। जानकारी के मुताबिक इससे पहले यही बंगला बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को आवंटित था। बाद में राज्यसभा सांसद बनने के बाद उन्हें दिल्ली के सुनहरी बाग रोड स्थित नया सरकारी आवास दिया गया है।

## ग्रामीण पुलिस अधीक्षक के पांच नए पदों के सृजन को हरी झंडी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार सरकार के गृह विभाग ने राज्य के पांच संवेदनशील जिलों में सुरक्षा व्यवस्था को और पुख्ता करने के लिए ग्रामीण पुलिस अधीक्षक के कुल पांच नए पदों के सृजन को हरी झंडी दे दी है। सरकार का मानना है कि इन नए सीनियर पदों के आने से ग्रामीण इलाकों में कानून व्यवस्था की निगरानी और बेहतर ढंग से हो सकेगी। यह फैसला ऐसे समय में आया है जब हाल ही में पटना के रूपसपुर इलाके के होटल में बेगूसराय से परीक्षा देने आई एक पॉलिटेक्निक छात्रा से बदसलूकी की घटना के बाद कानून व्यवस्था पर लगातार सवाल उठ रहे थे। गृह विभाग द्वारा जारी पत्र के अनुसार अपराध और सांप्रदायिक नजरिए से बेहद संवेदनशील माने जाने वाले जिन 5 जिलों में इन नए पदों को मंजूरी मिली है उनमें पूर्वी चंपारण, समस्तीपुर, मधुबनी, वैशाली और सिवान शामिल हैं। इन सभी जिलों में एक-एक ग्रामीण एसपी की तैनाती की जाएगी। ये सभी पद बिहार पुलिस सेवा के स्टाफ ऑफिसर कैटेगरी के होंगे। इससे पहले भी बढ़ती आबादी को देखते हुए बिहार पुलिस सेवा संवर्ग में 181 अतिरिक्त पदों के सृजन के तहत गया, रोहतास, मुजफ्फरपुर, पश्चिमी चंपारण, सारण, दरभंगा, सहरसा, पूर्णिया, भागलपुर, मुंगेर और बेगूसराय जैसे जिलों में ग्रामीण एसपी के पद बनाए जा चुके हैं। अब इसी कड़ी में इन 5 नए जिलों को भी शामिल कर लिया गया है। सरकार के अवर सचिव इन्दु भूषण सिंह द्वारा जारी इस आदेश में बताया गया है कि इन 5 नए पदों के सृजन पर राज्य सरकार के खजाने से हर साल अनुमानित 12004800 रुपये खर्च किए जाएंगे। इस बजट में अफसरों की सैलरी (118500), 58% की दर से महंगाई भत्ता (68730) और 10% की दर से मकान किराया भत्ता (11850) शामिल है।

## रिश्वत लेते माप-तौल विभाग का क्लर्क रंगे हाथ गिरफ्तार

बेगूसराय(नबिटा ब्यूरो)। निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की टीम ने सोमवार को सहायक नियंत्रक मापतोल कार्यालय के लिपिक पुष्कर कुमार को पांच हजार रुपए रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। इस अचानक हुई कार्रवाई से पूरे सरकारी महकमे में हड़कंप मच गया है। निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की टीम ने सोमवार को सहायक नियंत्रक माप-तौल कार्यालय के लिपिक पुष्कर कुमार को पांच हजार रुपए रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। अचानक हुई इस कार्रवाई से पूरे सरकारी महकमे में हड़कंप मच गया है। शिकायत मिलने के बाद विजिलेंस ब्यूरो ने पहले अपने स्तर से मामले की शुरुआती जांच कराई। जब यह पक्का हो गया कि रिश्वत मांगी जा रही है तो आरोपी को पकड़ने के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया। तय प्लानिंग के अनुसार जैसे ही शिकायतकर्ता ने सोमवार को क्लर्क पुष्कर कुमार को घूस के पांच हजार रुपये दिए, पहले से घात लगाए बैठी निगरानी की टीम ने उसे रंगे हाथों दबोच लिया।

## नीतीश कुमार ने की मां गंगा की पूजा-अर्चना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद नीतीश कुमार ने गंगा दशहरा के पावन अवसर पर सोमवार को बाढ़ अनुमंडल के बख्तियारपुर पहुंचे। उनके दौरे को लेकर पूरे इलाके में राजनीतिक और धार्मिक हलचल देखने को मिली। प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में नजर आया जबकि कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खासा उत्साह दिखा। पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद नीतीश कुमार सुबह करीब 10:30 बजे बख्तियारपुर स्थित सीढ़ी घाट पहुंचे। यहां उन्होंने गंगा दशहरा के अवसर पर विधि-विधान से मां गंगा की पूजा-अर्चना की। घाट पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और समर्थक मौजूद रहे। गंगा पूजन के बाद नीतीश कुमार पास स्थित राधे-कृष्ण मंदिर पहुंचे जहां उन्होंने पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद उन्होंने स्वतंत्रता सेनानी पंडित शीलभद्र याजी के स्मारक पर पहुंचकर पुष्पांजलि अर्पित की और उनके योगदान को नमन किया। कार्यक्रम के बाद नीतीश कुमार अपने पैतृक आवास पहुंचे, जहां कुछ समय रुकने के बाद वे पटना के लिए रवाना हो गए। वहीं, इस आयोजन को लेकर स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार का भी पहला बख्तियारपुर दौरा चर्चा में रहा। मंत्री बनने के बाद पहली बार बख्तियारपुर पहुंचने को लेकर समर्थकों में काफी उत्साह देखा गया। बताया गया कि वे शाम को आयोजित संध्या गंगा आरती में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। सीढ़ी घाट पर उनके स्वागत की विशेष तैयारी की गई है। आयोजन को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं ताकि श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। शाम में संध्या आरती और भंडारे का भी आयोजन किया गया है।

## 12 दिनों में चौथी बार पेट्रोल-डीजल की कीमतों में वृद्धि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना/रांची। पिछले 12 दिनों में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में चौथी बार बढ़ोतरी कर दी गई है। देशभर में सोमवार को तेल कंपनियों ने पेट्रोल के दाम में 2.61 रुपये प्रति लीटर और डीजल में 2.71 रुपये प्रति लीटर तक की वृद्धि कर दी है। अब राजधानी पटना में पेट्रोल 112.70 रुपये और डीजल 99.87 रुपये प्रति लीटर पहुंच गया है। इससे पहले 23 मई को पेट्रोल 87 पैसे, डीजल 91 पैसे, 19 मई को पेट्रोल-डीजल में 90 पैसे और 15 मई को तीन रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई। विशेषज्ञों के मुताबिक अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेजी, कमजोर होता रुपया और आयात लागत बढ़ने की वजह से तेल कंपनियों पर दबाव बढ़ा है। इसके अलावा रिफाइनिंग मार्जिन में बदलाव का असर भी ईंधन की कीमतों पर पड़ रहा है। वहीं रांची में पेट्रोल 2.61 रुपये और डीजल 2.71 रुपये प्रति लीटर महंगा हुआ है। 15 मई के बाद यह चौथी वृद्धि है। इसके साथ ही रांची में पेट्रोल 7.38 और डीजल 7.76 रुपए प्रति लीटर महंगा हो चुका है। अब यहां पेट्रोल 105.25रुपए और डीजल 100.37 रुपए प्रति लीटर मिलेगा।




## योजनाओं के क्रियान्वयन में बेहतर समन्वय जरूरी : हेमंत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को वित्त एवं वाणिज्य-कर विभाग के अधिकारियों के साथ मैराथन समीक्षा बैठक कर राज्य की वित्तीय स्थिति, राजस्व संग्रह, बजट प्रावधानों के क्रियान्वयन और विभागीय कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में राज्य के आय-व्यय की स्थिति पर बिंदुवार चर्चा करते हुए वित्तीय संसाधनों के प्रभावी प्रबंधन और उनके समुचित उपयोग पर विशेष जोर दिया गया। समीक्षा के दौरान अधिकारियों ने विभागीय योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रगति से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। विभिन्न वित्तीय वर्षों के आंकड़ों के आधार पर यह जानकारी सामने आई कि पड़ोसी राज्यों उड़ीसा और छत्तीसगढ़ की तुलना में झारखंड का खनन राजस्व बेहतर स्थिति में है। अधिकारियों ने बताया कि खनिज संसाधनों के सुव्यवस्थित प्रबंधन, पारदर्शी नीतियों और प्रभावी निगरानी तंत्र के कारण राजस्व संग्रह में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। मुख्यमंत्री ने विभाग की उपलब्धियों पर संतोष जताते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि इस सकारात्मक स्थिति को और मजबूत किया जाए। उन्होंने खनन क्षेत्र में पारदर्शिता सुनिश्चित करने, अवैध खनन पर कठोर नियंत्रण स्थापित करने तथा आधुनिक तकनीकों के उपयोग को बढ़ावा देने पर विशेष बल दिया। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में विभागों के बीच बेहतर समन्वय जरूरी है। उन्होंने अधिकारियों को साझा दृष्टिकोण के साथ कार्य करने और निर्धारित लक्ष्यों को समय पर पूरा करने का निर्देश दिया। उनका कहना था कि समन्वित कार्यप्रणाली से योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आएगी और संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित होगा। वाणिज्य-कर विभाग की समीक्षा के दौरान राज्य में कर संग्रह की स्थिति, जीएसटी अनुपालन, राजस्व वृद्धि के उपायों और विभागीय कार्यप्रणाली की गहन समीक्षा की गई। अधिकारियों ने जीएसटी, वैट, प्रोफ़ेशनल टैक्स समेत विभिन्न कर मदों से प्राप्त राजस्व के आंकड़े प्रस्तुत किए तथा कर संग्रह में आने वाली चुनौतियों और संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में कर निर्धारण, वसूली, निगरानी और प्रवर्तन व्यवस्था को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया। मुख्यमंत्री ने करदाताओं के बीच स्वैच्छिक अनुपालन बढ़ाने, कर चोरी पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने तथा तकनीकी साधनों के जरिए निगरानी प्रणाली को और सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने विभागीय प्रक्रियाओं को अधिक पारदर्शी, सरल और जवाबदेह बनाने पर भी बल दिया ताकि करदाताओं को सुविधा मिल सके और राज्य के राजस्व संग्रह में निरंतर वृद्धि सुनिश्चित हो सके।

CMYK

### मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने की पुनौरा धाम के समग्र विकास कार्यों की उच्च स्तरीय समीक्षा

# समय-सीमा के भीतर विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचा तैयार करने का दिया कड़ा निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** माता सीता की पावन जन्मस्थली, सीतामढ़ी स्थित 'पुनौरा धाम' को अयोध्या के श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र की तर्ज पर एक भव्य और विश्वस्तरीय धार्मिक व पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए बिहार सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना की प्रगति को लेकर आज मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। समीक्षा के दौरान मुख्य सचिव ने पुनौरा धाम के 'समग्र विकास' से जुड़े विभिन्न घटकों, निर्माण कार्यों की समय-सीमा और भावी लक्ष्यों की बिंदुवार समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट किया कि पुनौरा धाम का विकास राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और इसके क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्य सचिव ने निर्माण एजेंसी और बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम को 10 मई 2026 से 10 अगस्त 2026 के बीच निर्धारित 'तीन माह के लक्ष्यों' को पूरी गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा करने का सख्त निर्देश दिया है।

**परिसर के भीतर सड़क नेटवर्क का तेजी से निर्माण:** परिसर के आंतरिक सड़क नेटवर्क और आम जनता के लिए वैकल्पिक मार्ग के निर्माण कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया गया, ताकि जुलाई 2026 तक यह कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण हो सके।

**जमीन हस्तांतरण और अतिक्रमण हटाने में तेजी:** मुख्य सचिव ने जिला प्रशासन, सीतामढ़ी को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि गायत्री मंदिर ट्रस्ट को वैकल्पिक भूमि का हस्तांतरण करने तथा सीता रसोई, पीठाधीश्वर निवास और गायत्री मंदिर जैसी शेष 3 इमारतों को खाली कराने की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए, ताकि निर्माण कार्य निर्बाध रूप से चल सके।

**ड्राइंग्स का अंतिम सत्यापन:** फाउंडेशन और स्ट्रक्चर से जुड़ी सभी महत्वपूर्ण ड्राइंग्स के सत्यापन कार्य को 22 जुलाई 2026 तक हर हाल में अंतिम रूप देने का निर्देश दिया गया।

**श्रद्धालुओं की सुविधाओं का विशेष ध्यान:** मुख्य सचिव ने निर्देश दिया कि मुख्य मंदिर के साथ-साथ परिसर में बनने वाले यात्री निवास, डिजिटल गैलरी, पार्क और अन्य जनसुविधाओं का खाका इस प्रकार तैयार हो कि देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को यहाँ उत्तम अनुभव प्राप्त हो।

मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने अंत में कहा कि पुनौरा धाम केवल एक पर्यटन परियोजना नहीं है, बल्कि करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र है। पर्यटन विभाग के वरीय अधिकारियों को समय-समय पर स्वयं कार्यस्थल का दौरा कर भौतिक प्रगति की समीक्षा करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## नई औद्योगिक परियोजनाएं बिहार को विनिर्माण केंद्र बनाएंगी : उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह

### बरियारपुर में 62.27 करोड़ की अत्याधुनिक पीईबी फैब्रिकेशन मेटेरियल निर्माण इकाई को मंजूरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** पटना में बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार (बियाडा) की परियोजना स्वीकृति समिति की बैठक में औद्योगिक क्षेत्र बरियारपुर में 62.27 करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक पीईबी फैब्रिकेशन मेटेरियल निर्माण इकाई स्थापित करने की स्वीकृति दी गई। एक्सपीरिया प्रीफैब्सी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा स्थापित की जाने वाली इस परियोजना से राज्य में लगभग 400 युवाओं को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार मिलने की संभावना है। बैठक उद्योग विभाग के सचिव सह बियाडा एवं आईडा के प्रबंध निदेशक कुंदन कुमार की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में पात्र आवेदकों को राज्य के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में भूमि एवं प्लग एंड प्ले शेड आवंटित करने के प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इसी क्रम में एक्सपीरिया प्रीफैब्सी प्राइवेट लिमिटेड को औद्योगिक क्षेत्र बरियारपुर में पांच एकड़ भूमि पर पीईबी फैब्रिकेशन मेटेरियल निर्माण इकाई स्थापित करने की अनुमति प्रदान की गई। प्रस्तावित इकाई से बिहार में औद्योगिक एवं निर्माण क्षेत्र को नई गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। परियोजना के माध्यम से स्थानीय स्तर पर आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा तथा युवाओं के लिए कौशल आधारित रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। साथ ही राज्य में आधुनिक औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र को भी मजबूती मिलेगी। उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह ने कहा कि राज्य में स्वीकृत हो रही नई औद्योगिक परियोजनाएं बिहार के औद्योगिक एवं तकनीकी विकास को नई दिशा दे रही हैं। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से स्थानीय युवाओं को बड़े पैमाने पर रोजगार और कौशल विकास के अवसर प्राप्त होंगे। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार निवेशकों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करते हुए राज्य को आधुनिक औद्योगिक और विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। कुंदन कुमार ने कहा कि राज्य सरकार संतुलित एवं समग्र औद्योगिक विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि बियाडा के माध्यम से पारदर्शी और समयबद्ध प्रक्रिया के तहत निवेशकों को औद्योगिक भूखंड उपलब्ध कराए जा रहे हैं। साथ ही बेहतर अवसंरचना, सुगम प्रक्रियाओं और नीतिगत सहयोग के जरिए निवेशकों के लिए अनुकूल माहौल सुनिश्चित किया जा रहा है, ताकि परियोजनाओं का तेजी से क्रियान्वयन हो सके।

## 'सात निश्चय-3' के तहत 'सबका सम्मान-जीवन आसान' संकल्प को धरातल पर उतार रही सरकार : मंगल पांडेय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता मंगल पांडेय ने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में राज्य सरकार ने 'ईज ऑफ लिविंग' को नया आयाम दिया है। 'सात निश्चय-3' के अंतर्गत 'सबका सम्मान-जीवन आसान' संकल्प के तहत सभी 8067 पंचायतों में 'सहयोग शिविर' का संचालन ऐतिहासिक कदम है। अब आम नागरिक को अपनी समस्या लेकर प्रखंड या जिला का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। इन सहयोग शिविरों में नागरिक अपनी शिकायतें ऑनलाइन पोर्टल या ऑफलाइन फॉर्म से दर्ज करा सकते हैं। हर शिकायत का निष्पादन 30 दिनों के भीतर अनिवार्य किया गया है। यह एनडीए सरकार की ऐतिहासिक पहल है। श्री पांडेय ने कहा कि यह 'सुशासन' का सबसे बड़ा प्रमाण है कि सरकार अब खुद चलकर जनता के द्वार पर जा रही है। राशन कार्ड, पेंशन, जमीन दाखिल-खारिज, नल-जल, बिजली बिल जैसी रोजमर्रा की समस्याएं अब पंचायत स्तर पर ही खत्म होंगी। व्यापारियों की सुरक्षा के लिए हर थाने में 'व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ' गठित किया गया है। डायल-112 को पंचायत स्तर तक मजबूत किया गया है जिससे 15 मिनट में पुलिस सहायता पहुंचेगी। हाट-बाजार, औद्योगिक क्षेत्रों में सीसीटीवी और नियमित पेट्रोलिंग अनिवार्य की गई है।

## बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने बस सेवाओं को किया रवाना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने को बिहार विधान मंडल सचिवालय में कार्यरत पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के कार्यालय आवागमन के लिए बिहार राज्य पथ परिवहन निगम द्वारा संचालित बस सेवाओं को विधानसभा के मुख्य पोर्टिको से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर मीडिया से बातचीत करते हुए डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि वर्तमान वैश्विक ऊर्ज़ा संकट और प्रधानमंत्री द्वारा पेट्रोल-डीजल की खपत कम करने तथा सार्वजनिक परिवहन के उपयोग को बढ़ावा देने के आह्वान के मद्देनजर यह पहल शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि बिहार विधान मंडल सचिवालय के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवासीय क्षेत्रों से कार्यालय आने-जाने में सुविधा उपलब्ध कराने के लिए पिंक, इलेक्ट्रिक और ग्रीन बसों का परिचालन शुरू किया गया है। नई व्यवस्था के तहत एम्स पटना से बिहार विधान मंडल सचिवालय रूट पर एक इलेक्ट्रिक, एक सीएनजी और एक पिंक बस चलाई जाएगी। वहीं सगुना मोड़ से बिहार विधान मंडल सचिवालय रूट पर एक इलेक्ट्रिक बस का संचालन होगा। धनकी मोड़ से बिहार विधान मंडल, निर्वाचन आयोग और विकास भवन रूट पर एक इलेक्ट्रिक, एक सीएनजी और एक पिंक बस का परिचालन शुरू किया गया है।डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि बिहार राज्य पथ परिवहन निगम पहले से भी सचिवालय सेवा के कर्मियों के लिए विभिन्न मार्गों पर बसों का संचालन कर रहा है, जिसका लाभ विधान मंडल सचिवालय के कर्मचारी उठा सकते हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस व्यवस्था से कर्मचारियों को सुविधा मिलेगी और ऊर्ज़ा संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान सुनिश्चित होगा, जिससे बिहार और देश की अर्थव्यवस्था को भी लाभ पहुंचेगा। कार्यक्रम में बिहार राज्य पथ परिवहन निगम के प्रशासक अतुल वर्मा, विधानसभा सचिवालय की प्रभारी सचिव तथा अन्य वरीय पदाधिकारी मौजूद रहे।

## 'हर थाली में बिहारी तरकारी' अभियान को क्रेता-विक्रेता सम्मेलन से मिला राष्ट्रीय विस्तार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** दीपनारायण सिंह क्षेत्रीय सहकारी प्रबंध संस्थान, शास्त्रीनगर, पटना में सहकारिता विभाग के तत्वावधान में बिहार राज्य सब्जी प्रसंस्करण एवं विपणन सहकारी फेडरेशन लिमिटेड (वेजफेड) द्वारा आयोजित राज्यस्तरीय क्रेता विक्रेता सम्मेलन का उद्घाटन सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव ने किया। यह सम्मेलन बिहार के सब्जी उत्पादक किसानों को संगठित बाजार व्यवस्था से जोड़ने, किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य दिलाने तथा राज्य में संस्थागत सब्जी विपणन व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस अवसर पर मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा कि 'हर थाली में बिहारी तरकारी' केवल एक अभियान नहीं, बल्कि बिहार के किसानों को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय बाजार से जोड़ने का व्यापक विजन है।

## सीबीएसई में मैथिली को मातृभाषा के रूप में शामिल करना सराहनीय कदम : संजय सरावगी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा कक्षा 1 से माध्यमिक स्तर तक मैथिली भाषा को मातृभाषा विषय के रूप में मान्यता दिए जाने का स्वागत करते हुए इसे मिथिला की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, भाषाई गौरव और करोड़ों मैथिली भाषियों की भावनाओं का सम्मान बताया है। प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि यह निर्णय मिथिला की संस्कृति और मातृभाषा मैथिली को शिक्षा व्यवस्था में सशक्त एवं सम्मानजनक स्थान प्रदान करने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। लंबे समय से मैथिली भाषा के संरक्षण, संवर्धन और शिक्षा व्यवस्था में इसके व्यापक समावेश की मांग की जा रही थी। ऐसे में सीबीएसई पाठ्यक्रम में मैथिली को मातृभाषा विषय के रूप में शामिल किया जाना पूरे मिथिलांचल और बिहार के लिए गर्व और सम्मान का विषय है। उन्होंने कहा कि भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं होती, बल्कि वह किसी समाज की संस्कृति, इतिहास, परंपरा, जीवन मूल्यों और सामूहिक चेतना की वाहक होती है। मैथिली भाषा ने सदियों से साहित्य, दर्शन, लोक संस्कृति और सामाजिक चेतना को समृद्ध किया है। महाकवि विद्यापति की परंपरा से लेकर मिथिला की लोक विरासत तक, मैथिली भारतीय सभ्यता की महत्वपूर्ण धरोहर रही है। श्री सरावगी ने कहा कि प्रारंभिक शिक्षा में मातृभाषा का समावेश बच्चों के बौद्धिक विकास, समझने की क्षमता और आत्मविश्वास को मजबूत करता है जब बच्चे अपनी मातृभाषा में शिक्षा ग्रहण करते हैं तो सीखने की प्रक्रिया अधिक प्रभावी होती है तथा वे अपनी संस्कृति और जड़ों से गहराई से जुड़े रहते हैं। मैथिली को मिली यह मान्यता आने वाली पीढ़ियों को अपनी भाषा, संस्कृति और पहचान के प्रति गौरव का भाव प्रदान करेगी।

## सीबीएसई पाठ्यक्रम में मैथिली के शामिल होने पर डॉ प्रेम कुमार ने जतायी खुशी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने मैथिली भाषा को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के पाठ्यक्रम में शामिल किए जाने पर देश-दुनिया के सभी मैथिली भाषियों, शिक्षाविदों और मातृभाषा प्रेमियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। डॉ. प्रेम कुमार ने इसे ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए कहा कि यह संपूर्ण बिहार, विशेषकर मिथिलांचल के लिए गौरव का क्षण है। उन्होंने कहा कि मैथिली केवल एक भाषा नहीं, बल्कि समृद्ध संस्कृति, परंपरा और विरासत की संवाहक है। उन्होंने कहा कि सीबीएसई के पाठ्यक्रम में मैथिली को स्थान मिलना भाषा के संरक्षण और संवर्धन की दिशा में एक युगांतरकारी कदम है। इससे नई पीढ़ी अपनी मातृभाषा, संस्कृति और साहित्य से और अधिक जुड़ सकेगी। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि मैथिली भाषा का साहित्यिक और सांस्कृतिक इतिहास अत्यंत समृद्ध रहा है तथा इसे शिक्षा व्यवस्था में उचित स्थान मिलना लंबे समय से मैथिली समाज की मांग रही है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस निर्णय से भाषा के प्रचार-प्रसार को नई गति मिलेगी और राष्ट्रीय स्तर पर मैथिली की पहचान और मजबूत होगी।

## अनावश्यक शोर मचा रहे हैं सोमप्रकाश सिंह : प्रमोद सिंह चंद्रवंशी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** पूर्व जदयू प्रत्याशी प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने पूर्व विधायक सोमप्रकाश सिंह पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि वे 'चोर मचाए शोर' वाली कहावत को चरितार्थ कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग में रहते हुए सोमप्रकाश सिंह पर पुलिस मैनुअल, वरीय अधिकारियों के आदेश और संवैधानिक मर्यादाओं के उल्लंघन, फर्जी मुकदमे दर्ज कराने तथा अवैध वसूली जैसे आरोप लगे थे। इन आरोपों के आधार पर तत्कालीन पुलिस अधीक्षक, औरंगाबाद ने उन्हें सेवा से बर्खास्त करने का आदेश दिया था जो उस समय मगध रेंज के आईजी कार्यालय में लंबित था। प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने आरोप लगाया कि विभागीय कार्रवाई लंबित रहने की जानकारी छिपाकर सोमप्रकाश सिंह ने इस्तीफा स्वीकृत कराया और चुनाव लड़ा। उन्होंने कहा कि ओबरा की जनता को बड़े वादों से प्रभावित कर वे मामूली अंतर से चुनाव जीत गए, लेकिन बाद में जनता खुद को ठगा महसूस करने लगी। उन्होंने बताया कि जनता की मांग पर वर्ष 2011 में उच्च न्यायालय में चुनाव याचिका दायर की गई। याचिका में कहा गया कि सोमप्रकाश सिंह के खिलाफ बख्तियारपुर थाना में मामला लंबित था जिसे प्रभाव का उपयोग कर निष्पादित कराया गया और एक ही दिन में इस्तीफा स्वीकृत कर नामांकन दाखिल किया गया। साथ ही विभागीय कार्रवाई लंबित रहने की जानकारी भी छिपाई गई जबकि नियम के अनुसार ऐसी स्थिति में इस्तीफा स्वीकार नहीं किया जा सकता। प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने कहा कि उच्च न्यायालय ने सभी तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर सोमप्रकाश सिंह का निर्वाचन अवैध घोषित कर उनकी सदस्यता समाप्त कर दी। बाद में मामला सर्वोच्च न्यायालय पहुंचा जहां भी उन्हें राहत नहीं मिली। उन्होंने बताया कि 28 जनवरी 2026 को सर्वोच्च न्यायालय ने याचिका खारिज कर उच्च न्यायालय के फैसले को बरकरार रखा। इसके बाद बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने 19 मई 2026 को पत्र और 22 मई 2026 को अधिसूचना जारी कर 15वीं विधानसभा की सदस्यता को शून्य घोषित कर दिया। उन्होंने सोमप्रकाश सिंह द्वारा विधानसभा अध्यक्ष पर लगाए गए परिवारवाद और जातिवाद के आरोपों को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए सार्वजनिक माफी की मांग की।

## ऐलोवेरा चर्म रोगों का रामबाण इलाज : डॉ. सुनील कुमार दूबे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** शहर के लंगरटोली स्थित दूबे क्लिनिक, पटना के निदेशक डॉ. सुनील कुमार दूबे (गुप्त एवं यौन रोग विशेषज्ञ) ने कहा है कि ऐलोवेरा एक ऐसा औषधीय पौधा है जिसके अनगिनत फायदे हैं। आयुर्वेदिक चिकित्सक तो इसे संजीवनी पौधा भी कहते हैं। आयुर्वेद में इसे घृतकुमारी भी कहा जाता है। आसानी से मिलने वाला ऐलोवेरा त्वचा के लिए बहुत अच्छा एवं प्राकृतिक उपाय है। यह त्वचा को पोषित करने का काम भी करता है। इसमें एंटी ऐजिंग गुण और एंटी ऑक्सीडेंट भी होता है जो चेहरे से झुर्रियों को हटाने में मदद करता है। ऐलोवेरा जेल रोज लगाने से त्वचा सुन्दर एवं जवान बनी रहती है।

डॉ. दूबे ने आगे कहा कि आयुर्वेद के अनुसार ऐलोवेरा शीतल, मीठा, कड़वा, मजा बढ़ाने वाला कामोत्तेजक, कृमिनाशक, विष निवारक होता है। लिवर रोग, प्लीहा वृद्धि, त्वचा रोग, आंखों के रोग, पित्त रोग, पीलिया, पथरी एवं सौन्दर्य समस्याओं में इसका उपयोग लाभकारी है। ऐलोवेरा के फलियों की सब्जियां खाने से पेट के सभी विकार नष्ट होते हैं। इसके गुदे का हलवा खाने से कब्ज व बवासीर की समस्या दूर होती है। ऐलोवेरा के जूस के उपयोग से शारीरिक सूजन कम होती है। शरीर में सूजन के कारण फ्री-रैडिकल्स की वजह से ऑक्सीडेंटिव डैमेज होता है। ऐलोवेरा में पर्याप्त मात्रा में एंटी-ऑक्सीडेंट पाये जाते हैं, ये एंटी-ऑक्सीडेंट फ्री-रैडिकल्स से होने वाले डैमेज को रोकते हैं। ऐलोवेरा जूस ऑर्थोराइटिस एवं रूमेटिज्म में भी काफी लाभदायक है। डॉ. दूबे ने आगे कहा कि ऐलोवेरा को इम्युनिटी बूस्टर भी कहा जाता है। ऐलोवेरा की वजह से सेल्स में नाइट्रिक ऑक्साइड और साइटोकाइन्स उत्पन्न होने लगते हैं जिससे इम्यून सिस्टम मजबूत होता है। ऐलोवेरा से पाचन तंत्र मजबूत होता है। इससे मसूढ़ों की सूजन भी कम होती है। एंटी-बैक्टीरियल गुणों के कारण कैविटी पैदा करने वाले की बैक्टीरिया दूर रहते हैं। इसका गाढ़ा जेल त्वचा के लिए अत्यंत लाभदायक माना जाता है। प्री-मैच्योर ऐजिंग की पहली निशानी झुर्रिया और फाइन लाइन्स होती है। ऐलोवेरा जेल चेहरे पर लगाएं और फिर इसका जादू देखें।

## तेजस्वी को अफवाहों और भ्रम की राजनीति छोड़ जनहित के मुद्दों पर ध्यान देना चाहिए : डा. संतोष कुमार सुमन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा (से) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार सरकार के मंत्री डॉ . संतोष कुमार सुमन ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि राजनीति केवल अफवाहों, भ्रम और अनर्गल आरोपों के सहारे नहीं चल सकती। लोकतंत्र में सत्ता और विपक्ष दोनों की भूमिका समान रूप से महत्वपूर्ण एवं जिम्मेदार होती है, लेकिन विपक्ष का दायित्व केवल विरोध करना नहीं बल्कि जनता के हित में रचनात्मक सुझाव देना भी होता है। डॉ. संतोष कुमार सुमन ने कहा कि तेजस्वी यादव लगातार जनहित के मूल मुद्दों से ध्यान भटकाने का प्रयास कर रहे हैं। बिहार की जनता अब केवल बयानबाजी और भ्रम फैलाने वाली राजनीति को समझ चुकी है। जनता विकास, रोजगार, शिक्षा, सामाजिक न्याय और गरीबों-वंचितों के उत्थान की राजनीति चाहती है न कि केवल राजनीतिक अफवाहों का माहौल। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में स्वस्थ आलोचना आवश्यक है, लेकिन निराधार आरोपों और राजनीतिक भ्रम के सहारे अपनी जमीन बचाने की कोशिश करना दुर्भाग्यपूर्ण है। इतिहास गवाह है कि अनेक महापुरुषों ने बिना सत्ता की सर्वोच्च कुर्सी पर बैठे भी समाज और देश के लिए ऐसा काम किया कि आज भी उनका सम्मान पूरे देश में किया जाता है।

## महाबोधि महाविद्यालय की बैठक में मंत्री श्रवण कुमार ने दिया शैक्षणिक गुणवत्ता और भवन निर्माण पर जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** महाबोधि महाविद्यालय, नालंदा की शासी निकाय की बैठक महाविद्यालय अध्यक्ष सह बिहार सरकार के मंत्री श्रवण कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में महाविद्यालय सचिव राजेन्द्र प्रसाद, विश्वविद्यालय प्रतिनिधि सदस्य एवं किसान कॉलेज सोहसराय, नालंदा के अंग्रेजी विभागाध्यक्ष सत्येन्द्र प्रसाद सिन्हा, दानदाता सदस्य अनीय भारती, शिक्षक प्रतिनिधि डॉ. सुधीर कुमार तथा महाबोधि महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. अरविन्द कुमार उपस्थित रहे। बैठक में पूर्व बैठक में लिए गए प्रस्तावों एवं निर्णयों की सर्वसम्मति से संपुष्टि की गई। इंटर परीक्षा 2018 में उत्तीर्णता के आधार पर बिहार सरकार से प्राप्त 26 लाख 32 हजार 600 रुपये की अनुदान राशि शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के भुगतान के लिए प्राप्त हुई थी। सरकार के निर्देशानुसार वर्ष 2016-18 में कार्यरत कर्मियों को वेतन समिति के माध्यम से भुगतान किया गया, जिसकी समीक्षा कर बैठक में अनुमोदन प्रदान किया गया। बैठक में निर्माणाधीन जी प्लस टू भवन के व्यय की समीक्षा की गई। प्रभारी प्राचार्य द्वारा प्रस्तुत व्यय विवरण पर विचार के बाद उसे स्वीकृति दी गई तथा नए शैक्षणिक सत्र से पहले भवन निर्माण कार्य पूरा करने का निर्देश दिया गया। शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों की सेवा संपुष्टि पर भी सहमति बनी। श्रवण कुमार ने महाविद्यालय में शैक्षणिक गुणवत्ता सुधारने के लिए आवश्यक सुझाव दिए। साथ ही शिक्षक एवं प्राचार्य की स्थायी नियुक्ति के लिए चयन समिति गठन पर भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक में महाविद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण तैयार करने, छात्रों को वर्ग कक्षों के प्रति आकर्षित करने तथा सामाजिक कार्य, कौशल विकास एवं व्यवसायिक शिक्षा से जुड़े पाठ्यक्रमों को शामिल करने पर जोर दिया गया। महाविद्यालय विकास कोष से बन रहे नए भवन का अवलोकन कर प्रभारी प्राचार्य को कई आवश्यक सुधार संबंधी निर्देश भी दिए गए।

## सहयोग शिविर में लापरवाही पर सख्ती, बिना कार्रवाई निपटाए मामलों की डीएम करेंगे समीक्षा

### शिविर स्थलों पर आवेदन लिखने के लिए तैनात रहेंगे लिपिक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** सहयोग शिविर को जन उपयोगी बनाने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने कई महत्वपूर्ण निर्देश जारी किया है। सामान्य प्रशासन विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. बी. राजेन्दर ने सोमवार को संबंधित अधिकारियों को पत्र भेजकर कई अति आवश्यक निर्देश दिया है। उन्होंने कहा है राज्य में 19 मई को सहयोग शिविर का आयोजन किया गया था जिसमें मिले फीडबैक के आलोक में सहयोग शिविर को और सुदृढ़ बनाना है। उन्होंने निर्देश दिया है कि शिविर में आने वाले आवेदनों का सही तरीके से निस्तारण कराना जिलाधिकारी सुनिश्चित करेंगे जिन मामलों में अपेक्षित कार्रवाई के बिना उसे निस्तारण की कार्रवाई की जा रही है, वैसे मामलों की समीक्षा कर संबंधित अधिकारी के खिलाफ अनुशासनिक कार्रवाई की अनुशंसा प्रत्येक शिविर के बाद संबंधित विभाग के पास किया जाए। शिविर स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का प्रचार-प्रसार कराने के लिए फ्लैक्स इत्यादि लगाया जाए ताकि शिविर में आने वाले लोगों को सरकार की योजनाओं की जानकारी मिल सके। उन्होंने कहा है कि जहां पंचायत भवन या अच्छे सरकारी भवन उपलब्ध नहीं है वहां गर्मी को देखते हुए अस्थाई दमदार संरचना की व्यवस्था की जाए। ताकि आमजन को कोई कष्ट नहीं हो सके। साथ ही वहां पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए। एसीएस ने पत्र में कहा है कि आवेदन प्राप्ति के 30 दिनों में मामले का निष्पादन नहीं होने पर प्रखंड स्तर पर जिम्मेदार पदाधिकारी के विरुद्ध निलंबन एवं अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों के कार्य निष्पादन में सहयोग के लिए जिम्मेदार प्रखंड स्तर से नीचे की इकाई के कर्मी के विरुद्ध भी निलंबन एवं अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी। एसीएस ने निर्देश दिया है कि शिविर स्थल पर आवेदन के लिए प्री-प्रिंटेड प्रोफार्मा की प्रतियां रखी जाए जिसमें आवेदक की वैसी जानकारी ली जाए जो पोर्टल पर इंट्री हेतु आवश्यक हो और वहां आवेदन लिखने हेतु दक्ष की लिपिकों की प्रतिनियुक्ति की जाए। ताकि वैसे लोग जो आवेदन नहीं लिख सकते हैं उन्हें आवेदन दाखिल करने में कठिनाई न हो।

## अब हाईटेक होंगे बिहार के थाने, तीन महीने में राष्ट्रीय नेटवर्क से जुड़ जाएगी पुलिस व्यवस्था

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राज्य के सभी थानों को जल्द ही एक नई प्रणाली से जोड़ दिया जाएगा। इंटर ऑपरेवल क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम नामक इस राष्ट्रीय प्रणाली की मदद से देशभर के सभी थानों के अलावा न्यायालय, जेल, सीसीटीवी (विधि विज्ञान प्रयोगशाला), पुलिस (थाना) और अभियोजन प्रणाली के साथ डाटा का आदान-प्रदान आसानी से होने के साथ ही केस की ट्रैकिंग सिस्टम को मजबूत करने में खासतौर से मदद मिलेगी। डाटा का आदान-प्रदान आसानी से हो सकेगा। उन्होंने कहा कि यह प्रणाली 2022 से शुरू की गई है। परंतु इसके नए उन्नत और विस्तृत संस्करण को जल्द ही नए सिरे से शुरू किया जा रहा है। इससे पूरे देश में पुलिस से संबंधित डाटा साक्षा करने में एकरूपता आ जाएगी।

एडीजी ने कहा कि राज्य में मौजूद 1382 थानों में अभी 968 थाने सीसीटीएनएस से जुड़ गए हैं। आने वाले दो महीने में 347 थानों को इससे जोड़ दिया जाएगा। बचे हुए थानों को भी आगामी तीन महीने में सीसीटीएनएस से जोड़ दिया जाएगा। इसके अलावा राज्य में अभी 1212 थानों में सीसीटीवी कैमरे लग गए हैं। बचे हुए थानों में भी दो से तीन महीने में सीसीटीवी कैमरे लगा दिए जाएंगे। एक थाना में औसतन 12 से 13 कैमरे लगे हुए हैं। इन कैमरों में 18 महीने तक की रिकॉर्डिंग सुरक्षित रखने की व्यवस्था है। इसका कंट्रोल पुलिस मुख्यालय के अलावा सभी जिला मुख्यालयों में भी है।

## पूर्व सांसद रामप्रसाद कुशवाहा का निधन, सादगी और बेबाक राजनीति की एक पहचान का अंत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**सासाराम।** पूर्व सांसद रामप्रसाद कुशवाहा का उनके पैतृक गांव कोचस में निधन हो गया। उनके निधन की खबर से शाहाबाद सहित पूरे राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। लंबे समय तक विक्रमगंज और आरा की राजनीति में सक्रिय रहे रामप्रसाद कुशवाहा अपनी सादगी, साफगोई और जमीनी राजनीतिक शैली के लिए पहचाने जाते थे। विश्वनाथ प्रताप सिंह की लहर के दौर में रामप्रसाद कुशवाहा ने तत्कालीन विक्रमगंज संसदीय क्षेत्र से चुनाव जीतकर राजनीतिक हलकों में बड़ी पहचान बनाई थी। उस समय उन्होंने सहकारिता आंदोलन के बड़े नेता और इलाके में बेहद प्रभावशाली माने जाने वाले तपेश्वर सिंह को चुनाव में पराजित कर सबको चौंका दिया था। तपेश्वर सिंह का क्षेत्र में व्यापक जनाधार था और सहकारिता क्षेत्र से जुड़े विभिन्न संस्थानों में उन्होंने करीब साढ़े सात हजार लोगों को रोजगार दिलाया था। यही कारण था कि उनका परिवार तीन पीढ़ियों से राजनीति में सक्रिय बना हुआ है।राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार उस दौर में तपेश्वर सिंह को हराना आसान नहीं माना जाता था, लेकिन वीपी सिंह की लहर और सामाजिक समीकरणों के बीच रामप्रसाद कुशवाहा जनता के समर्थन से संसद पहुंचे। इसके बाद उन्होंने तपेश्वर सिंह की पत्नी इंदु देवी को भी अगले चुनाव में शिकस्त दी। हालांकि बाद के वर्षों में राजनीतिक परिस्थितियां बदलीं और वर्ष 2004 के लोकसभा चुनाव में अजीत कुमार सिंह ने उन्हें पराजित किया। बाद में मीना सिंह विक्रमगंज और फिर आरा से सांसद निर्वाचित हुईं। रामप्रसाद कुशवाहा का राजनीतिक जीवन इस मायने में अलग माना जाता है कि अचानक बड़ी राजनीतिक सफलता मिलने के बावजूद उनके व्यवहार में कभी अहंकार नहीं आया।

# भीषण गर्मी एवं लू से बचाव को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट

## डीएम ने की आमजनों से सतर्क रहने एवं बचाव के उपाय अपनाने की अपील

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम।** रोहतास जिले में लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी एवं तापमान को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। जिलाधिकारी ने आमजनों से अपील करते हुए कहा है कि गर्म हवाओं एवं लू के प्रभाव से बचने के लिए सभी नागरिकों को विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है। प्रशासन द्वारा लोगों को सतर्क रहने तथा आवश्यक दिशा-निर्देशों का पालन करने की सलाह दी गई है ताकि लू एवं अत्यधिक गर्मी के दुष्प्रभाव से बचा जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि वर्तमान मौसम परिस्थितियों को देखते हुए विशेष रूप से बच्चे, बुजुर्ग, गर्भवती महिलाएं एवं बीमार व्यक्तियों को अतिरिक्त सावधानी बरतने की आवश्यकता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि यदि किसी व्यक्ति में लू के लक्षण दिखाई दे तो तुरंत सहायता उपलब्ध कराएं तथा आवश्यकता पड़ने पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें। प्रशासन द्वारा बताया गया है कि लू लगने के प्रमुख लक्षणों में चक्कर आना, घबराहट होना, दिल की धड़कन तेज होना, अत्यधिक पसीना आना, सिरदर्द, बेहोशी, तेज बुखार, शरीर की त्वचा का अत्यधिक गर्म हो जाना तथा जी मिचलाना शामिल हैं। ऐसे लक्षण दिखाई देने पर लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए और तुरंत चिकित्सकीय सलाह लेनी चाहिए। लू से बचाव के लिए जिला प्रशासन ने आम लोगों को कई महत्वपूर्ण सावधानियां अपनाने की सलाह दी है। लोगों से कहा गया है कि यथासंभव धूप में बाहर निकलने से बचें तथा अत्यधिक आवश्यक होने पर ही घर से बाहर जाएं। बाहर निकलते समय हल्के रंग के सूती कपड़े पहनें और सिर को कपड़े, टोपी अथवा छाते से ढंककर रखें। साथ ही पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहें ताकि शरीर में पानी की कमी न हो। लोगों को ओ.आर.एस., नींबू पानी, लस्सी, छाछ एवं फलों के रस जैसे तरल पदार्थों का सेवन करने की सलाह दी है। वहीं चाय, कॉफी एवं अत्यधिक शर्करा युक्त पेय पदार्थों से बचने को कहा गया है। दोपहर के समय भारी शारीरिक श्रम नहीं करने तथा लंबे समय तक तेज धूप में लगातार खड़े रहने अथवा काम करने से बचने की अपील की गई है। इसके अलावा बच्चों एवं पालतू जानवरों को बंद वाहनों में अकेला नहीं छोड़ने की सलाह दी गई है। घर एवं कार्यस्थल को यथासंभव ठंडा रखने तथा बाहर निकलते समय पानी की बोतल साथ रखने पर भी जोर दिया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा स्वास्थ्य विभाग सहित सभी संबंधित विभागों को पूरी तरह सतर्क रहने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि जागरूकता एवं सावधानी के माध्यम से आमजन स्वयं तथा अपने परिवार को लू एवं गर्म हवाओं के दुष्प्रभाव से सुरक्षित रख सकते हैं। किसी भी आपात स्थिति में सहायता के लिए टोल फ्री नंबर 101 एवं 112 पर संपर्क किया जा सकता है।

# बिहार में डिजिटल पुलिसिंग को नई मजबूती, सीसीटीएनएस सीएएस 1.0 लागू करने की तैयारी तेज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** बिहार पुलिस में डिजिटल पुलिसिंग को और सशक्त बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए सीसीटीएनएस सीएएस 1.0 के प्रभावी क्रियान्वयन की तैयारी तेज कर दी गई है। बिहार पुलिस द्वारा इस परियोजना के कार्यान्वयन की जिम्मेदारी एनआइसी बिहार को सौंपी गई है। इसी क्रम में राज्य के 343 नवस्थापित थानों के लिए सीसीटीएनएस सीएएस 1.0 पर विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए राज्य सूचना विज्ञान पदाधिकारी डॉ. शैलेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि बिहार को सीसीटीएनएस सीएएस 1.0 के सफल क्रियान्वयन में अग्रणी राज्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि बिहार द्वारा विकसित कार्यप्रणाली, नवाचार और सॉफ्टवेयर कार्यान्वयन मॉडल अन्य राज्यों के लिए भी उदाहरण बन सकते हैं। उन्होंने परियोजना के दौरान उच्च तकनीकी मानकों को बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। कार्यशाला में नेशनल क्राइम रिकार्ड्स ब्यूरो के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया और सीसीटीएनएस कास 1.0 की प्रमुख विशेषताओं, मॉड्यूल्स और कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी दी। वहीं एनआईसी बिहार के राज्य तकनीकी निदेशक नवीन कुमार ने प्रतिभागियों को परियोजना की कार्यान्वयन रणनीति और रोलआउट योजना से अवगत कराया। प्रशिक्षण सत्र के दौरान राम भगवान सिंह, प्रदीप नायक और अभिषेक कुमार ने सीसीटीएनएस कास 1.0 के सभी मॉड्यूल्स पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया। विभिन्न जिलों से आए पुलिसकर्मियों ने सक्रिय भागीदारी करते हुए परियोजना के प्रति उत्साह दिखाया और प्रशिक्षण को उपयोगी बताया। कार्यशाला में बिहार के सभी जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारियों ने तकनीकी सहयोग प्रदान किया। रोहतास जिले में सहायक जिला सूचना पदाधिकारी चंदन कुमार सिन्हा ने संबंधित पुलिसकर्मियों को तकनीकी सहायता और प्रशिक्षण देकर मॉड्यूल्स की बेहतर समझ विकसित कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके सहयोग से प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल संचालन और जिला स्तर पर बेहतर समन्वय सुनिश्चित हुआ।

# रंगदारी नहीं देने पर दुकानदार पर हमला, सात नामजद के खिलाफ प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** नगर थाना क्षेत्र के जक्खी बिगहा निवासी उमर खान ने सात लोगों के खिलाफ रंगदारी मांगने, मारपीट, लूटपाट एवं जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस को दिए आवेदन में उमर खान ने बताया कि वह अपनी पेंट की दुकान खोलकर बैठा था। इसी दौरान सहजाद खान, यूसुफ खान, शाकीब खान, साजिद खान, साकिब खान, असद खान एवं खुर्शीद खान आधा दर्जन लोगों के साथ दुकान पर पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने दो दिनों पूर्व मांगी गई 50 हजार रुपये की रंगदारी नहीं देने पर दुकान बंद कराने की धमकी दी। पीड़ित के अनुसार यूसुफ खान ने उसकी टी-शर्ट पकड़कर खींच दिया जिससे वह गिर पड़ा। इसके बाद सभी आरोपियों ने लाठी-डंडे एवं लोहे की रॉड से उसकी पिटाई की। आरोप है कि सहजाद खान ने बंदूक निकालकर उसके सिर पर सटा दी और गले से करीब दो भर सोने की चेन छीन ली। वहीं साजिद खान ने बंदूक की बट से गले पर वार किया तथा असद खान दुकान के गल्ले से 25 हजार रुपये नकद निकाल ले गया। आरोपियों ने दुकान में ताला भी जड़ दिया।

शोर सुनकर बचाने पहुंचे उमर खान के पिता बाबर खान एवं भाई नवाज खान पर भी धारदार हथियार से हमला किया गया। आरोप है कि साकिब खान ने बाबर खान के सिर पर वार कर दिया जिससे उनकी आंख के नीचे एवं नाक के पास गंभीर चोट आई। घटना के दौरान आसपास के लोग जुटने लगे तो सभी आरोपी सप्ताहभर के भीतर 50 हजार रुपये नहीं देने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित ने बताया कि इससे पहले भी रंगदारी को लेकर विवाद एवं मारपीट हो चुकी है जिस पर पंचायत भी हुई थी। नगर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता प्रकाश गोस्वामी के आवास पहुंचे मंत्री कुमार शैलेन्द्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी के तार बंगला स्थित भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं बिहार विधान परिषद सभापति प्रतिनिधि प्रकाश गोस्वामी के आवास पर सोमवार को बिहार सरकार के पथ निर्माण मंत्री इं. कुमार शैलेन्द्र एवं तरारी विधायक विशाल प्रशांत पहुंचे। इस दौरान मंत्री इं. कुमार शैलेन्द्र और विधायक विशाल प्रशांत ने प्रकाश गोस्वामी की माता के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी। मंत्री ने प्रकाश गोस्वामी को अंगवस्त्र देकर सम्मानित भी किया। मौके पर मंत्री इं. कुमार शैलेन्द्र ने कहा कि यदि आज वह मंत्री पद पर हैं तो इसमें जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले समर्पित



कार्यकर्ताओं का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि ऐसे कर्मठ कार्यकर्ताओं को वह सम्मान और प्रणाम करते हैं। कार्यक्रम में समाजसेवी पंकज कुमार, श्री अरविंद एकेडमी के निदेशक अरविंद भारती, पूर्व विधायक सत्यनारायण सिंह, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बब्बल कश्यप, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रिंस कुमार, अमित गुप्ता, धर्मेंद्र कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# 15 जून से सोन नदी में बालू खनन पर रोक, घाटों पर स्टॉक करने की मची होड़

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम/औरंगाबाद।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के आदेश के अनुसार 15 जून से 15 अक्टूबर तक सोन नदी के सभी घाटों पर बालू खनन पूरी तरह बंद रहेगा। खनन बंदी की अवधि नजदीक आते ही रोहतास जिले के कछवां, नासरीगंज, इंद्रपुरी और तिलौथू समेत विभिन्न घाटों पर दिन-रात बालू स्टॉक करने की होड़ मच गई है। चार महीने तक खनन कार्य बंद रहने से निर्माण कार्य प्रभावित होने और बालू की कीमतों में बढ़ोतरी की आशंका जताई जा रही है। इस बीच कई सामाजिक संगठनों ने आरोप लगाया है कि प्रशासनिक और खनन विभाग के अधिकारियों की चुप्पी के कारण डालमियानगर, इंद्रपुरी, दरिहट और नासरीगंज थाना क्षेत्रों में संचालित बालू घाटों पर नियमों की अनदेखी करते हुए अवैध खनन जारी है। सूत्रों के अनुसार कई घाट संचालक एनजीटी के नियमों को ताक पर रखकर सोन नदी से लगातार बालू का उठाव कर रहे हैं। कुछ संचालकों का यह भी कहना है कि खनन विभाग और प्रशासनिक अधिकारियों को 'महीने की मिठाई' भेजी जाती है जिसके कारण उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं होती। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। सामाजिक संगठनों ने दावा किया है कि अधिकांश बालू घाटों पर नियमों का खुलेआम उल्लंघन किया जा रहा है। इस मामले को लेकर बुधवार को एक प्रतिनिधिमंडल खनन मंत्री और विभाग के प्रधान सचिव को रिपोर्ट सौंपने की तैयारी में है। इधर, खनन विभाग के सहायक निदेशक रणधीर कुमार सिंह ने कहा कि घाट से 300 मीटर के दायरे में ही बालू स्टॉक करने की अनुमति है। उन्होंने चेतावनी दी कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# बिक्रमगंज नगर परिषद के लिए सशक्त स्थाई समिति का चुनाव होगा जल्द

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** बिक्रमगंज नगर परिषद की सशक्त स्थायी समिति के सदस्यों का चुनाव आगामी 29 मई को नगर परिषद कार्यालय में संपन्न कराया जाएगा जिसको लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी उदिता सिंह ने सोमवार को पत्र जारी कर दिया है। यह निर्वाचन बिहार नगरपालिका संशोधन अधिनियम-2026 के तहत आयोजित किया जा रहा है जिसके लिए 12 मार्च 2026 को बिहार गजट के माध्यम से बिहार नगरपालिका अधिनियम, 2007 की धारा 21(3) एवं 27(3) में संशोधन किया गया था। इसके बाद विभागीय अधिसूचना संख्या 1187 दिनांक 02 अप्रैल 2026 के आलोक में चुनाव की प्रक्रिया शुरू की गई है। जिला प्रशासन के अनुसार बिक्रमगंज नगर परिषद के सशक्त स्थायी समिति सदस्यों का निर्वाचन निर्वाचित वार्ड पार्षदों द्वारा गुप्त मतदान के माध्यम से बहुमत के आधार पर होगा। चुनाव प्रक्रिया नगर परिषद बिक्रमगंज के सभागार में सुबह 08:00 बजे से शुरू होकर निर्वाचन समाप्ति तक जारी रहेगी। जिलाधिकारी द्वारा जारी पत्र में सभी वार्ड पार्षदों को सख्त निर्देश दिया गया है कि वे निर्धारित तिथि 29 मई को सुबह 08:00 बजे से पहले अपने प्रमाण पत्र के साथ अनिवार्य रूप से निर्धारित स्थल पर उपस्थित हों। अनुपस्थित रहने वाले पार्षदों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। सशक्त स्थायी समिति नगर परिषद की सबसे महत्वपूर्ण समिति मानी जाती है, जो विकास योजनाओं की स्वीकृति, बजट निर्माण और नीतिगत निर्णयों में अहम भूमिका निभाती है। इसी कारण इस चुनाव को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। नगर परिषद कार्यालय परिसर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे ताकि चुनाव प्रक्रिया बाधित न हो। बिहार नगरपालिका संशोधन अधिनियम-2026 के लागू होने के बाद यह पहला मौका है जब इस संशोधित प्रावधान के तहत सशक्त स्थायी समिति का गठन किया जा रहा है, इसलिए प्रशासनिक स्तर पर इसे लेकर विशेष निगरानी रखी जा रही है।

# सड़क दुर्घटना में 20 वर्षीय युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल के सूर्यपुरा थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह सूर्यपुरा-कल्याणी पथ पर सड़क किनारे बाइक सवार युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई जिसकी पहचान मठ गोठानी गांव निवासी रामेश्वर गिरी के 20 वर्षीय पुत्र आदित्य कुमार के रूप में हुई है। बताया जाता है कि आदित्य रविवार रात सूर्यपुरा की ओर जा रहा था, तभी रास्ते में किसी अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी और चालक मौके से फरार हो गया जिसके बाद सोमवार सुबह करीब 7 बजे स्थानीय लोगों ने शव देखा और सूर्यपुरा पुलिस को सूचना दी। सूचना पर थाना प्रभारी चंदन कुमार भगत पुलिस बल के साथ तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया और जांच शुरू की। थाना प्रभारी के अनुसार प्रथम दृष्टया यह हिट एंड रन का मामला प्रतीत हो रहा है और पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालकर टक्कर मारने वाले वाहन की पहचान करने में जुटी है। आदित्य परिवार में सबसे छोटा बेटा था, अविवाहित था और उसके दो भाई व चार बहनें हैं। जवान बेटे की असमय मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे मठ गोठानी गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।


कर्मचारी राज्य बीमा निगम
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)
EMPLOYEES' STATE INSURANCE CORPORATION
(Ministry of Labour & Employment, Govt. of India)
क.रा.बी.नि.
ESIC

चिकित्सा शिक्षा प्रकोष्ठ, ईएसआईसी, मुख्यालय
MEDICAL EDUCATION CELL, ESIC, HEADQUARTERS
पंचदीप भवनः सी. आई. जी. मार्ग, नई दिल्ली-110002
Panchdeep Bhawan: C.I.G. Marg, New Delhi-02

**एमबीबीएस/बीडीएस/बीएससी नर्सिंग में बीमाकृत व्यक्तियों के प्रतिपाल्य (वार्ड ऑफ आईपी) के लिए प्रवेश सूचना**

यह प्रवेश सूचना कर्मचारी राज्य बीमा योजना के अंतर्गत कर्मचारी राज्य बीमा निगम चिकित्सा/ दंत्य/ नर्सिंग महाविद्यालयों एवं कुछ अन्य सरकारी चिकित्सा महाविद्यालयों में पूर्वस्नोतक पाठ्यक्रम (एमबीबीएस/बीडीएस/बीएससी नर्सिंग) में 'बीमाकृत व्यक्तियों के प्रतिपालयों' (आईपी) के प्रवेश के लिए है जो निर्धारित पात्रता मानदंडों को पूर्ण करते हैं और जिन्होंने भारत सरकार / कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा अनुमोदित प्रवेश नीति और प्रक्रिया के अनुसार शिक्षा-सत्र 2026-27 के लिए राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (यूजी)-2026 [एनईईटी (नीट) (यूजी) के लिए आवेदन किया है। विवरण कर्मचारी राज्य बीमा निगम की वेबसाइट esic.gov.in पर प्रवेश लिंक पर उपलब्ध हैं

चिकित्सा शिक्षा प्रकोष्ठ,
एसिक मुख्यालय


# बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक, मस्जिदों पर पुलिस बल की तैनाती



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढी गोला (रोहतास)।** आयरकोठा थाना परिसर में सोमवार शाम 6 बजे थानाध्यक्ष शिवम कुमार की अध्यक्षता में ईद उल जुहा (बकरीद) पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में थानाध्यक्ष ने सरकार की गाइडलाइन का पालन करते हुए आपसी भाईचारे और सौहार्द से पर्व मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि नमाज के दौरान सभी मस्जिदों पर पुलिस बल तैनात रहेगा और सोशल मीडिया पर पैनी नजर रखी जाएगी। शांति भंग करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। मौके पर हरिद्वार प्रसाद, अजीत कुमार सिंह, कृष्णा सिंह, जनार्दन सिंह, मुन्नी लाल साह, ददन पासवान, विनय कुमार सिंह, महबूब आलम, उस्मान अंसारी, समसुल हक अंसारी समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# महिला से चेन स्नैचिंग, बाइक सवार बदमाश फरार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी नगर थाना क्षेत्र के न्यू एरिया निवासी प्रियंका सिंह से बाइक सवार दो बदमाशों द्वारा सोने की चेन छीन लेने का मामला सामने आया है। घटना को लेकर पीड़िता ने नगर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्रियंका सिंह ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि वह पाली पुल स्थित सोन बहार रिजॉर्ट के समीप टहल रही थीं। इसी दौरान एक बाइक पर सवार दो युवक वहां पहुंचे। बाइक के पीछे बैठे बदमाश ने झपट्टा मारकर उनके गले से सोने की चेन खींच ली और दोनों तेजी से फरार हो गए। पीड़िता ने बताया कि उन्होंने बदमाशों को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन वे भागने में सफल रहे। उनके अनुसार छीनी गई सोने की चेन की कीमत करीब 1 लाख 50 हजार रुपये है। नगर थानाध्यक्ष राहुल ने बताया कि मामले में आवेदन प्राप्त हुआ है। घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। बाइक सवार बदमाशों की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

# दहेज के लिए विवाहिता को प्रताड़ित करने का आरोप, पति समेत चार पर प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** नगर थाना क्षेत्र के बाबा नगरी न्यू एरिया निवासी अंजू कुमारी ने पति, सास, ससुर एवं देवर पर दहेज प्रताड़ना, मारपीट और छेड़खानी का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस के अनुसार अंजू कुमारी ने आवेदन में बताया कि उसकी शादी 18 मई 2022 को गाजीपुर निवासी आशीष यादव के साथ हिंदू रीति-रिवाज से हुई थी। शादी में मायके पक्ष की ओर से करीब पांच लाख रुपये के गहने तथा पांच लाख रुपये मूल्य के फर्नीचर एवं इलेक्ट्रॉनिक सामान उपहार स्वरूप दिए गए थे। पीड़िता का आरोप है कि शादी के कुछ दिनों बाद ही पति आशीष यादव, सास मुन्नता देवी, ससुर शंभुनाथ यादव तथा देवर विवेक यादव दहेज में 10 लाख रुपये नकद और एक गाड़ी की मांग करने लगे। मांग पूरी नहीं होने पर मानसिक एवं शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाने लगा। अंजू कुमारी ने बताया कि 3 सितंबर 2025 से उसके साथ मारपीट एवं गाली-गलौज की घटनाएं बढ़ गईं। वहीं 27 अगस्त 2023 को बेटी के जन्म के बाद पति का व्यवहार और खराब हो गया तथा वह अलग कमरे में रहने लगा। आवेदन में यह भी आरोप लगाया गया है कि देवर विवेक यादव ने कई बार उसके साथ छेड़खानी करने की कोशिश की। शिकायत करने पर सास और देवर ने उल्टा उसे ही दोषी ठहराया। पीड़िता के अनुसार गत 13 सितंबर की रात करीब 10 बजे पति के कहने पर देवर ने उसके साथ मारपीट की और बेटी समेत उसे जबरन डिहरी आने वाली ट्रेन में बैठाकर घर से निकाल दिया। साथ ही दोबारा ससुराल आने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई। अंजू कुमारी ने आरोप लगाया कि उसका पति एसबीआई में नौकरी करता है, लेकिन वह उसे और बेटी को बातचीत तक नहीं करने देता। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले में दहेज प्रतिषेध अधिनियम समेत अन्य धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।


**कार्यालय, झारखण्ड शिक्षा परियोजना, पलामू**
Email:- jepcpalamu1@gmail.com

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 01/2026–27**

उपायुक्त, पलामू के स्वीकृत्यादेश ज्ञापांक 92/जि0यो0 दिनांक 06.03.2026 एवं ज्ञापांक 106/जि0यो0 दिनांक 10.03.2026 के द्वारा जिला योजना अनाबद्ध निधि (वित्तीय वर्ष 2025–26) के अंतर्गत पलामू जिला के विभिन्न विद्यालयों में बालिका शौचालय (Girls Toilet) निर्माण हेतु प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। अतः निम्नांकित स्वीकृत योजनाओं में वर्णित कार्य के लिए झारखण्ड सरकार के भवन निर्माण विभाग अथवा पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अंतर्गत श्रेणी–IV (Class-IV) एवं एक श्रेणी ऊपर में निबंधित संवेदकों से $F_2$ प्रपत्र पर निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | विज्ञापन दाता का नाम | :– | जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, पलामू। |
| 2 | परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि | :– | दिनांक 30.05.2026 को अपराह्न 04:00 बजे तक |
| 3 | निविदा प्राप्त करने की तिथि | :– | दिनांक 02.06.2026 (अपराह्न 02:00 बजे तक) |
| 4 | निविदा खुलने की तिथि | :– | दिनांक 03.06.2026 (अपराह्न 02:00 बजे से) |
| 5 | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | :– | समग्र शिक्षा कार्यालय, पलामू। |
| 6 | निविदा प्राप्ति/जमा करने का स्थान | :– | समग्र शिक्षा कार्यालय, पलामू। |
| 7 | निविदा खोलने का स्थान | :– | समग्र शिक्षा कार्यालय, पलामू। |
| 8 | कार्य की विस्तृत विवरणी :– | | |

| क्र0 | प्रखण्ड | ग्रुप नम्बर | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | DALTONGANJ | Group No-1 | CONSTRUCTION OF GIRLS TOILET IN RAJKIYEKRIT BRAHMAN PLUS 2 HIGH SCHOOL MEDININAGAR, RAJKIYEKRIT GANESH LAL AGARWAL HIGH SCHOOL MEDININAGAR, RAJKIYEKRIT MS BALAK KUND URDU, DALTONGANJ, DISTRICT- PALAMU | 890904 | 17819 | 2500 | 3 month |
| 2 | DALTONGANJ | Group No-2 | CONSTRUCTION OF GIRLS TOILET IN UPG PS CHHATANIYATOLA POKHRAHA,PM SHREE RK. MAHATMA GANDHI + 2 HS SARJA POLPOL, NETAJI SUBHASH CHANDRA AVASIYA VIDHYALAYA | 890904 | 17819 | 2500 | 3 month |
| 3 | DALTONGANJ& CHAINPUR | Group No-3 | CONSTRUCTION OF GIRLS TOILET IN UPG RAJKIYEKRIT MS SINDURIA-DALTONGANJ, NPS KEKATUA - CHAINPUR, UPG HIGH SCHOOL TURKTALIYA -CHAINPUR | 890904 | 17819 | 2500 | 3 month |
| 4 | PANKI | Group No-4 | CONSTRUCTION OF GIRLS TOILET IN RAJKIYE BUNIYADI MS KONWAI-PANKI, UPG PS BAGHAUTA TOLA ASEHAAR -PANKI, UPG PS KOIRIADIH GOGAD-PANKI | 890904 | 17819 | 2500 | 3 month |
| 5 | PANKI | Group No-5 | CONSTRUCTION OF GIRLS TOILET IN UPG PS HAHAR TOLA TUNUDAG-PANKI, UPG PS HARIYA -PANKI, UPG PS HIRINGBAR-PANKI, | 890904 | 17819 | 2500 | 3 month |
| 6 | BISHRAMPUR | Group No-6 | CONSTRUCTION OF GIRLS TOILET IN UPG RAJKIYEKRIT MS GHORDIHA-BISHRAMPUR, RAJKIYEKRIT MS TOLRA-BISHRAMPUR | 593935 | 11879 | 2500 | 3 month |
| 7 | UNTARI ROAD | Group No-7 | CONSTRUCTION OF GIRLS TOILET IN RAJKIYEKRIT MS UNTARI ROAD, UPG PS MAJHLI GHAT-UNTARI ROAD | 593935 | 11879 | 2500 | 3 month |
| 8 | PANKI | Group No-8 | CONSTRUCTION OF GIRLS TOILET IN UPG PS JASPUR-PANKI, UPG PS POKHRAHA-PANKI | 593935 | 11879 | 2500 | 3 month |
| 9 | PATAN | Group No-9 | CONSTRUCTION OF GIRLS TOILET IN UPG PS MAHULIYA-PATAN, UPG RAJKIYEKRIT MS MAHULIYA -PATAN | 593935 | 11879 | 2500 | 3 month |
| 10 | HUSSAINABAD& MOHAMMADGANJ | Group No-10 | CONSTRUCTION OF GIRLS TOILET IN RAJKIYEKRIT BAKSI HIGH SCHOOL HUSSAINABAD, UPG PS MAHUR-MOHAMMADGANJ | 593935 | 11879 | 2500 | 3 month |

नोट– 1. भवन निर्माण विभाग अथवा पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अंतर्गत श्रेणी–IV (Class-IV) एवं एक श्रेणी ऊपर में निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे।
2. परिमाण विपत्र की राशि किसी भी सरकारी बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से (जो SSA, Palamu के पदनाम से होगा जो डालटनगंज मे भुगतेय होगा) जमा करना अनिवार्य होगा।
3. परिमाण विपत्र की राशि घट बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
4. निविदा शुल्क (Non Refundable) एवं अग्रधन की राशि केवल Demand Draft (किसी भी मान्यता प्राप्त बैंक द्वारा निर्गत) SSA, Palamu के पदनाम से डालटनगंज में भुगतेय होगा, के रूप में स्वीकार्य होगी।
निविदा की तकनिकी एवं सामान्य शर्ते www.palamu.nic.in एवं समग्र शिक्षा, पलामू के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

ह0/–
जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,पलामू

PR 380674 District(26-27).D

# चाकूबाजी में दो की मौत, तीन घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा**। जिले के नरहट थाना क्षेत्र के छोटी पाली गांव में पुरानी रंजिश को लेकर हुए खूनी संघर्ष में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद पूरे गांव में तनाव का माहौल व्याप्त है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और स्थिति पर नजर रखी जा रही है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, दोनों पक्षों के बीच काफी समय से विवाद चल रहा था। इस संबंध में दोनों ओर से पूर्व में मामला भी दर्ज कराया गया था। बताया जाता है कि एक पक्ष के लोगों को मामले में जमानत मिल गई थी, जबकि दूसरे पक्ष के लोग जमानत नहीं करा सके और उन्हें न्यायालय में आत्मसमर्पण करना पड़ा था। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच तनाव लगातार बढ़ता जा रहा था। बताया जा रहा है कि रविवार को विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। आरोप है कि एक पक्ष के कुछ लोग दूसरे पक्ष के घर पहुंचकर गाली-गलौज और मारपीट करने लगे। देखते ही देखते दोनों ओर से झड़प शुरू हो गई और चाकूबाजी की घटना घटित हो गई। इस दौरान कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय ग्रामीणों की सहायता से घायलों को तत्काल हिसुआ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें नवादा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। बाद में चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए पावापुरी मेडिकल कॉलेज भेज दिया। घटना की सूचना मिलते ही नवादा पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान सहित कई पुलिस अधिकारी सदर अस्पताल पहुंचे और घायलों तथा परिजनों से घटना की जानकारी ली। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है तथा दोषियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। गांव में किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है।

## सुरक्षित बचपन- सुरक्षित भविष्य योजना पर कार्यशाला आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। नवादा विधि महाविद्यालय, नवादा में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नवादा के सहयोग से "सुरक्षित बचपन, सुरक्षित भविष्य" जागृति योजना के अंतर्गत पॉक्सो एक्ट जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डी. एन. मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बचपन बचाओ आंदोलन बिहार एवं झारखंड के राज्य संयोजक तथा पूर्व सदस्य, बिहार राज्य बाल श्रमिक आयोग, मो. मुख्तरुल हक़ उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों के अधिकार, उनकी सुरक्षा तथा पॉक्सो अधिनियम के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला और छात्र-छात्राओं को बाल संरक्षण के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।

# लूटकांड का दो आरोपित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। नालंदा पुलिस ने चंडी थाना क्षेत्र के माहो गांव में हुई लूट की घटना का सफल उद्भेदन करते हुए दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है, जबकि तीन विधि-विरुद्ध बालकों को निरुद्ध किया गया है। पुलिस ने लूटी गई मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन तथा घटना में प्रयुक्त बाइक भी बरामद कर ली है। जानकारी के अनुसार 20 मई की रात चंडी थानाध्यक्ष को सूचना मिली थी कि तीन अज्ञात अपराधियों ने सवलपुर निवासी राजनंदन कुमार से हथियार के बल पर उनकी मोटरसाइकिल, दो मोबाइल फोन और 4500 रुपये नगद लूट लिए। मामले में पीड़ित के लिखित आवेदन पर चंडी थाना कांड संख्या-344/26 दर्ज किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक नालंदा के निर्देश पर सहायक




पुलिस अधीक्षक सह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी हिलसा-1 के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया। अनुसंधान के दौरान टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए लूटकांड का खुलासा कर दिया। पुलिस ने इस मामले में मुकेश जमादार उर्फ लेमण्टी तथा अभिषेक कुमार को गिरफ्तार किया है। वहीं तीन विधि-विरुद्ध बालकों को भी निरुद्ध किया गया है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से लूटी गई मोटरसाइकिल संख्या BR-01-FR-6245, एक मोबाइल फोन तथा घटना में प्रयुक्त R15 मोटरसाइकिल बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अपराधियों का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है। मुकेश जमादार उर्फ लेमण्टी के खिलाफ नगरनौसा थाना में लूट, आर्म्स एक्ट एवं अन्य संगीन धाराओं में कई मामले दर्ज हैं। छापेमारी टीम में चंडी थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार झा, नगरनौसा थानाध्यक्ष शशिरंजन कुमार मिश्रा, राहुल कुमार, आनंद कुमार, श्वेता कुमारी, डीआईयू टीम तथा चंडी एवं नगरनौसा थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

# सड़क निर्माण को लेकर खोदे गए गड्ढे लोगों के लिए बने जंजाल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। नगर के इंदिरा चौक से पोस्टमार्टम रोड जाने वाली महत्वपूर्ण सड़क इन दिनों आम लोगों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। सड़क निर्माण कार्य के लिए पुरानी सड़क को तोड़ दिया गया है, लेकिन निर्माण कार्य की धीमी गति और उचित जल निकासी व्यवस्था नहीं होने के कारण सड़क पर पानी जमा हो गया है। नतीजतन पूरा मार्ग कीचड़, गड्ढों और जलजमाव से भर गया है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।



रविवार सुबह की तस्वीरें हालात की गंभीरता को बयां कर रही हैं। सड़क पर जमा गंदे पानी के बीच दोपहिया वाहन चालक किसी तरह संतुलन बनाकर गुजरने को मजबूर हैं। वहीं पैदल चलने वाले लोगों को भी कीचड़ और पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क तोड़ने के बाद विभाग की ओर से न तो निर्माण कार्य में तेजी दिखाई जा रही है और न ही जल निकासी की कोई वैकल्पिक व्यवस्था की गई है।

व्यवसायियों का कहना है कि सड़क की बदहाल स्थिति के कारण ग्राहकों की आवाजाही प्रभावित हो रही है, जिससे उनके कारोबार पर भी असर पड़ रहा है। आसपास के निवासियों ने बताया कि हल्की बारिश या नल-जल योजना के पानी के बहाव से भी सड़क पर जलजमाव हो जाता है और घंटों तक पानी जमा रहता है।

स्थानीय नागरिकों ने संबंधित विभाग और नगर प्रशासन से अविलंब सड़क निर्माण कार्य पूरा कराने तथा जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है। लोगों का आरोप है कि बार-बार शिकायतों के बावजूद विभागीय अधिकारी मौन बने हुए हैं। यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो आने वाले दिनों में स्थिति और गंभीर हो सकती है तथा किसी बड़े हादसे की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता।

# पुलिस थानों को सीसीटीएनएस कोर एप्लीकेशन से जोड़ने हेतु लाइव प्रशिक्षण कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो, नई दिल्ली एवं राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र, बिहार के संयुक्त तत्वावधान में आज 'क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम्स' के नए संस्करण सीएएस 1.0 को लेकर जिले के विभिन्न थानों के लिए एक दिवसीय लाइव प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।




अब तक जिले के सभी थानों में सीसीटीएनएस प्रणाली नॉन-सीएएस संस्करण पर संचालित हो रही थी, जिसे अब आधुनिक सीएएस 1.0 संस्करण में अपग्रेड किया जा रहा है। नई प्रणाली लागू होने के बाद राज्य स्तर पर किसी भी थाने अथवा जिले का डेटा सरकार एवं संबंधित विभागों द्वारा केंद्रीकृत रूप से कहीं से भी देखा, मॉनिटर एवं रिपोर्ट के रूप में प्राप्त किया जा सकेगा। इससे डेटा प्रबंधन, निगरानी, रिपोर्टिंग एवं अपराध विश्लेषण की प्रक्रिया अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं तेज होगी। कार्यशाला को बिहार के राज्य सूचना विज्ञान पदाधिकारी डॉ. शैलेश कुमार श्रीवास्तव ने संबोधित किया। उन्होंने विभिन्न जिलों से जुड़े प्रतिभागियों से संवाद करते हुए सभी नवस्थापित थानों में सीसीटीएनएस सीएएस 1.0 परियोजना के सफल क्रियान्वयन पर बल दिया।

प्रशिक्षण के दौरान केवल सैद्धांतिक जानकारी ही नहीं दी गई, बल्कि एनआईसी नवादा की तकनीकी टीम के सहयोग से सभी संबंधित पुलिसकर्मियों एवं अधिकारियों के कंप्यूटर सिस्टम में सीसीटीएनएस सीएएस 1.0 सॉफ्टवेयर का लाइव इंस्टॉलेशन भी कराया गया। इसके उपरांत सॉफ्टवेयर में डेटा एंट्री की प्रक्रिया का अभ्यास कराया गया तथा प्रतिभागियों को प्रदान की गई।

लाइव सत्र के दौरान नवादा जिले के विभिन्न थानों से जुड़े अधिकारियों एवं तकनीकी कर्मियों द्वारा सॉफ्टवेयर संचालन, डेटा एंट्री तथा नेटवर्क कनेक्टिविटी से संबंधित कई प्रश्न पूछे गए, जिनका समाधान एनसीआरबी दिल्ली एवं एनआईसी बिहार के तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा तत्काल किया गया।

सीएएस 1.0 प्रणाली पूरी तरह लागू होने के बाद नवादा जिले के सभी थानों में आपराधिक मामलों की ट्रैकिंग, एफआईआर पंजीकरण एवं अनुसंधान प्रक्रिया पहले से अधिक तेज, सुरक्षित एवं पारदर्शी हो जाएगी। डिजिटल माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर अपराधियों के रिकॉर्ड का सत्यापन एवं डेटा का आदान-प्रदान भी सरल होगा, जिससे पुलिस प्रशासन की कार्यक्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। इस अवसर पर पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), जिला सूचना विज्ञान अधिकारी श्रेया वर्मा,विभिन्न थानों के थानाध्यक्ष, जिला रोलआउट प्रबंधक मनीष कुमार एवं नेटवर्क इंजीनियर गोपेश्वर कुमार सिंह सहित पुलिस विभाग के अधिकारी एवं पुलिसकर्मी उपस्थित थे।

# मॉडर्न शैक्षणिक समूह के सभी विद्यालयों में समर कैंप की शुरूआत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। अनुशासन प्रिय शिक्षा एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए ख्याति प्राप्त दक्षिण बिहार एवं झारखंड के शिक्षण संस्थानों में से शुमार मॉडर्न शैक्षणिक समूह नवादा के द्वारा संचालित सभी विद्यालयों में मॉडर्न इंग्लिश स्कूल कुंती नगर, मॉडर्न इंग्लिश स्कूल न्यू एरिया ,न्यू मॉडर्न इंग्लिश स्कूल, मॉडर्न चिल्ड्रन स्कूल, पुरानी कचहरी, मॉडर्न पब्लिक स्कूल रामनगर,मॉडर्न इंटरनेशनल स्कूल हिसुआ, मॉडर्न इंटरनेशनल स्कूल नारदीगंज में समर कैंप की शुरूआत हुई। यह आयोजन कक्षा नर्सरी से कक्षा आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए रखा गया है। गर्मी की छुट्टियों को रचनात्मक एवं ज्ञानवर्धक बनाने के उद्देश्य से समर कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तथा कला, संगीत, नृत्य, योग, खेलकूद, पेंटिंग, हस्तकला एवं व्यक्तित्व विकास से जुड़ी गतिविधियों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। छह दिवसीय इस समर कैंप के माध्यम से बच्चों की प्रतिभा को निखारने का प्रयास किया जाएगा।





इसके तहत ड्राइंग- पेंटिंग, आर्ट-क्राफ्ट, नृत्य - संगीत, मेहंदी - रंगोली , तैराकी,बालकवि सम्मेलन, इंग्लिश स्पोकन, संस्कृत श्लोक वाचन के साथ-साथ खेल की कई गतिविधियों को शामिल किया गया है। सोमवार को समर कैंप का शुभारंभ न्यू एरिया स्थित न्यू मॉडर्न इंग्लिश स्कूल में मॉडर्न इंग्लिश स्कूल के प्राचार्य गोपाल चरण दास,उपप्राचार्य सुजय कुमार एवं न्यू मॉडर्न इंग्लिश स्कूल के प्राचार्य सुशील कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। विद्यालय पहुंचने के बाद विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के द्वारा पुष्प वर्षा कर सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। समर कैंप का आगाज करने पहुंचे प्राचार्य गोपाल चरण दास ने समर कैंप की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह का आयोजन से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। साथ ही बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा को सामने आने का अवसर प्रदान करती है। विद्यालय के उपप्राचार्य सुजय कुमार ने कहा कि समर कैंप में हर दिन कुशल शिक्षकों के नेतृत्व में अलग-अलग तरह की गतिविधियां कराई जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि विद्यालय में कई वर्षों से निरंतर समर कैंप आयोजित किया जाता रहा है। इस वर्ष भी इसके आयोजन को लेकर बच्चों में काफी उत्साह है। कई गतिविधियां विद्यालय के द्वारा करवाई जा रही है। समर कैंप को आयोजित कराने में विद्यालयों के शिक्षकों में कुमारी स्वीटी ,स्वीटी कुमारी, वंदना कुमारी, शबाना खातून, आशीष कुमा, धीरज कुमार, धर्मप्रकाश, राहुल कुमार, आशुतोष आनंद, सुनील कुमार वर्मा सहित सभी विद्यालयों के शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कैंप में हजारों की संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया जिस विद्यालय प्रांगण आनंद एवं ऊर्जा से भर गया।

# सीसीटीएनएस सीएएस 1.0 कार्यशाला का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। बिहार पुलिस एवं एनआईसी बिहार द्वारा डिजिटल पुलिसिंग को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बिहार पुलिस द्वारा सीसीटीएनएस सीएएस 1.0 के प्रभावी कार्यान्वयन का दायित्व राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी), बिहार को सौंपा गया है। इसी क्रम में एनआईसी बिहार द्वारा राज्यभर के नवस्थापित 343 पुलिस थानों हेतु सीसीटीएनएस सीएएस 1.0 पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला को बिहार राज्य सूचना विज्ञान पदाधिकारी डॉ. शैलेश कुमार श्रीवास्तव ने संबोधित किया। उन्होंने विभिन्न जिलों से जुड़े प्रतिभागियों से संवाद करते हुए सभी नवस्थापित पुलिस थानों में सीसीटीएनएस सीएएस 1.0 परियोजना के सफल क्रियान्वयन पर विशेष बल दिया। उन्होंने बिहार को सीसीटीएनएस सीएएस 1.0 के कार्यान्वयन में देश का अग्रणी राज्य बनाने की प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए कहा कि बिहार द्वारा विकसित नवाचार, कार्यप्रणालियां एवं सॉफ्टवेयर कार्यान्वयन मॉडल अन्य राज्यों के लिए प्रेरणास्रोत बन सकते हैं। डॉ. श्रीवास्तव ने यह भी उल्लेख किया कि एनआईसी बिहार ने राष्ट्रीय स्तर पर लगातार कई उत्कृष्ट पद्धतियों का योगदान दिया है तथा परियोजना के कार्यान्वयन के दौरान उच्च गुणवत्ता एवं मानकों को बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। कार्यशाला के




दौरान राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के प्रतिनिधियों द्वारा महत्वपूर्ण तकनीकी सत्र प्रस्तुत किए गए, जिनमें सीसीटीएनएस सीएएस 1.0 की प्रमुख विशेषताओं एवं कार्यप्रणालियों का विस्तृत प्रदर्शन किया गया।

एनआईसी बिहार के एसटीडी नवीन कुमार ने प्रतिभागियों को परियोजना की कार्यान्वयन रणनीति एवं रोलआउट योजना से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। वहीं संयुक्त निदेशक राम भगवान सिंह, संयुक्त निदेशक प्रदीप नायक एवं उप निदेशक अभिषेक कुमार द्वारा सीसीटीएनएस सीएएस 1.0 के सभी मॉड्यूल पर विस्तृत प्रशिक्षण सत्र संचालित किए गए। प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण सत्रों में सक्रिय सहभागिता निभाते हुए परियोजना के प्रति उत्साह एवं सकारात्मक प्रतिक्रिया व्यक्त की। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान राज्यभर के जिला सूचना-विज्ञान पदाधिकारियों ने तकनीकी सहायता प्रदान करते हुए संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को मॉड्यूल की व्यावहारिक समझ विकसित करने में सहयोग किया। उनके समन्वय एवं सहयोग से प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल एवं सुचारू संचालन संभव हो सका। नालंदा जिले से जिला सूचना-विज्ञान पदाधिकारी अजीत कुमार, डीआरएम तनवीर आलम, नेटवर्क इंजीनियर नीरज कुमार सिंह एवं आशीष रंजन ने कार्यशाला में सक्रिय भूमिका निभाई। साथ ही नालंदा जिले के चयनित आठ थानों के थानाध्यक्षों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त किया। यह कार्यशाला बिहार के नवस्थापित पुलिस थानों में सीसीटीएनएस सीएएस 1.0 के सफल कार्यान्वयन की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी। साथ ही यह कार्यक्रम राज्यभर में डिजिटल पुलिसिंग को सशक्त बनाने एवं आधुनिक तकनीकी प्रणाली के प्रभावी उपयोग हेतु बिहार पुलिस एवं एनआईसी बिहार की प्रतिबद्धता को और अधिक मजबूत करता है।

# मलमास मेला में जीविका दीदियां बिखेर रही हैं नारी सशक्तिकरण के रंग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। राजगीर मलमास मेला में जीविका से जुड़ी 25 ग्रामीण महिलाएं अपना हुनर दिखा रही हैं और मेल घूमने आए आगंतुकों को बेहद कम कीमत पर घर के जैसा शुद्ध और पौष्टिक भोजन मुहैया करवा रही हैं। ग्रामीण इलाकों मे निवास करनेवाली ये दीदियां जीविका से जुड़ कर किसी न किसी तरह के जीविकोपार्जन गतिविधियों की बदौलत अपनी आजीविका संवर्धन का कार्य करती आ रही हैं और इसी क्रम मे इस बार "मलमास मेला" मे जिला प्रशासन नालंदा की ओर से कुल 25 स्टॉल प्रदान किया गया है। इन स्टॉल मे नालंदा जिले के विभिन्न प्रखंडों से जीविका दीदियों ने शुद्ध और पौष्टिक खाने की दुकान लगाई है जहां मात्र 35 रुपयों मे पांच रोटी एक कटोरी सब्जी और दाल–चावल सब्जी और आचार उपलब्ध करवाया जा रहा है। मेले के हर कोने मे जीविका दीदियों की रसोई का प्रबंध किया गया है जो आगंतुकों के आकर्षण का एक केंद्र बना हुआ है। इन स्टॉल पे आनेवाले आगंतुकों की मानें तो इस मंहगाई के जमाने मे इतने कम दरों पर घर की तरह




का स्वच्छ भोजन मिलना बहुत सुख दायक है। मेले मे लगे खाने के इन स्टॉल से न सिर्फ स्टॉल चलानेवाली दीदियाँ ही लाभान्वित हो रही हैं बल्कि उनके स्टॉल पे मिल रहे भोजन के लिए कच्चा माल भी जीविका दीदियां ही उपलब्ध करवा रही हैं जैसे सभी स्टॉल पर आटा गिरियक की पूजा दीदी के आटा चक्की से उपलब्ध करवाया जा रहा है तो मसाले सिलाव की मंजुला दीदी के मसाला उत्पादन केंद्र से भेजी जा रहा है। इसी क्रम मे भोजन परोसने के लिए जरूरी पत्तल एवं दोना सिलाव की किरण देवी की ओर से उपलब्ध करवाया जा रहा है। इन सभी स्टॉल पर उपस्थित जीविका दीदियों को राजगीर की इंदु दीदी उपलब्ध करवा रही हैं। अब तक जीविका दीदियों द्वारा संचालित इन भोजन के स्टाल्स से लगभग चार लाख रुपयों का कारोबार हो चुका है और मेला की समाप्ति तक एक अच्छी खासी आमदनी इस मलमास मेला मे जीविका दीदियों के सर्वांगीण विकास का उदाहरण देखने को मिला रहा है जो परियोजना के सभी आयामों का जीवंत प्रमाण प्रस्तुत कर रहा है।

## चूहा मारने की दवाई खाने से युवक गंभीर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली**। रजौली थाना क्षेत्र के फरका बुजुर्ग पंचायत के मांगोडीह गांव का एक युवक घरेलू विवाद में चूहे मारने की दवाई खा लिया। युवक को गम्भीर स्थिति में सुबह 9:15 बजे रजौली अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज हेतु भर्ती कराया गया। अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक डॉ. अभिप्राय चौधरी ने बताया कि चूहे मारने की दवाई खाए युवक की पहचान मांगोडीह गांव निवासी हारो राजवंशी के पुत्र रविन्द्र राजवंशी के रूप में हुई है। युवक की स्थिति गंभीर होने पर रविंद्र राजवंशी का प्राथमिक इलाज कर बेहतर इलाज हेतु पावापुरी स्थित विम्स अस्पताल भेजा गया है। चिकित्सक ने युवक की स्थिति को चिंताजनक बताया है। रविन्द्र कुमार ने ऐसा क्यों किया है, इसके पीछे कुछ स्पष्ट कारण की जानकारी नहीं है। रविंद्र के पत्नी के अलावे दो छोटे-छोटे बच्चे भी हैं।

# लूटकांड गिरोह के पांच सदस्य गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। सारे थाना क्षेत्र में हुई लूट की बड़ी वारदात का पुलिस ने महज 17 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया। पुलिस ने लूटी गई राशि और मोबाइल बरामद करने के साथ ही घटना में शामिल गिरोह के सभी सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार डुमरांव निवासी सोहन पासवान से 23 मई 2026 की शाम 45 हजार रुपये नकद और एक कीपैड मोबाइल लूट लिया गया था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हो गई और मामले के उद्भेदन के लिए विशेष टीम का गठन किया गया। सदर डीएसपी-1 संकेत कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सहायक पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में गठित टीम में सीआई अस्थावां, सारे थानाध्यक्ष और अन्य



पुलिसकर्मियों को शामिल किया गया। टीम ने तकनीकी एवं वैज्ञानिक अनुसंधान के साथ स्थानीय स्तर पर सूचना जुटाकर तेजी से कार्रवाई की। जांच के दौरान पुलिस ने खुलासा किया कि घटना स्थानीय स्तर पर रची गई साजिश का हिस्सा थी। पाइप खरीदने के बहाने ओम प्रकाश उर्फ शिवन ने अन्य आरोपितों के साथ मिलकर लूट की योजना बनाई थी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कुल पांच लोगों को गिरफ्तार किया, जिनमें एक नाबालिग भी शामिल है। गिरफ्तार आरोपियों में उत्तम कुमार, राकेश कुमार उर्फ मझला, भुल्ला और ओम प्रकाश उर्फ शिवन शामिल हैं। पुलिस ने लूटी गई 45 हजार रुपये की राशि में से 43 हजार रुपये नकद तथा मोबाइल बरामद कर लिया है। पूछताछ के दौरान यह भी सामने आया कि गिरफ्तार आरोपियों में उत्तम कुमार और राजेश कुमार का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है। दोनों के खिलाफ सारे थाना में आर्म्स एक्ट समेत अन्य मामलों में केस दर्ज हैं। नालंदा पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई की स्थानीय स्तर पर सराहना की जा रही है। डीएसपी संकेत कुमार ने बताया कि मामले का सफल उदभेदन करने वाली टीम को पुरस्कृत करने की अनुशंसा की जाएगी।

# सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के सातवें निश्चय "सबका सम्मान-जीवन आसान " का मुख्य उद्देश्य राज्य के सभी नागरिकों के दैनिक जीवन में आने वाली कठिनाइयों को कम कर उनके जीवन को अधिक सरल, सहज एवं सम्मानजनक बनाना है। इस निश्चय के अंतर्गत यह सुनिश्चित किया गया है कि आमजनों को सरकारी कार्यालयों से संबंधित कार्यों के निष्पादन में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उक्त उद्देश्य की प्राप्ति हेतु प्रत्येक सप्ताह सोमवार एवं शुक्रवार को जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई की व्यवस्था लागू की गई है। जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश के निर्देशानुसार जिले के ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तर के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई का आयोजन किया गया, जिसमें आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा उनके त्वरित एवं प्रभावी निष्पादन हेतु आवश्यक कार्रवाई की गई। जिला स्तर पर जनसुनवाई का आयोजन जिला पदाधिकारी श्री रवि प्रकाश की अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में किया गया। इस जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों द्वारा कुल 17 शिकायतें दर्ज की गईं। कार्यक्रम के दौरान जिला पदाधिकारी द्वारा कई शिकायतों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को जांचोपरांत आवश्यक कार्रवाई हेतु अग्रसारित किया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को सभी मामलों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं नियमानुसार निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

# धराहारा में ऑनर किलिंग में युवती की हत्या

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पकरीबरावां**। धमौल थाना क्षेत्र के धराहारा गांव से ऑनर किलिंग का सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां एक पिता ने अपनी ही शादीशुदा 20 वर्षीया पुत्री नंदिनी कुमारी की गला दबाकर हत्या कर दी। हत्या के बाद साक्ष्य मिटाने की नीयत से शव को बोरे में भरकर कौड़ीहारी नदी में फेंक दिया गया तथा बाद में मिट्टी में गाड़ दिया गया। मामले में पुलिस ने मृतका के पिता बिरजू चौधरी, मां लखिया देवी तथा भाई जितेन्द्र चौधरी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना 30 अप्रैल की रात की बताई जा रही है। आरोप है कि बिरजू चौधरी ने अपनी पत्नी के साथ मिलकर नंदिनी की गला दबाकर हत्या कर दी। हत्या के बाद शव को बोरे में भरकर कौड़ीहारी नदी में फेंक दिया गया। करीब एक सप्ताह बाद जब शव पानी के ऊपर तैरने लगा तो बिरजू ने अपने पुत्र जितेन्द्र चौधरी के साथ मिलकर शव को दूसरी जगह ले जाकर नदी किनारे मिट्टी में गाड़ दिया। रविवार को मामले की सूचना धमौल थाना पुलिस को मिली। इसके बाद पुलिस सक्रिय हुई और घटना का सत्यापन करते हुए रविवार की देर शाम मृतका के पिता, मां और भाई को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ के दौरान तीनों ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली। जितेन्द्र चौधरी की निशानदेही पर सोमवार की सुबह कौड़ीहारी नदी से नंदिनी का शव बरामद किया गया। शव बरामदगी के दौरान पकरीबरावां के एसडीपीओ सुजय विद्यार्थी, पुलिस इंस्पेक्टर प्रशांत कुमार, सीओ निशांत कुमार, थानाध्यक्ष हिमांशु कुमार सहित फॉरेंसिक टीम मौजूद थी। पूछताछ में आरोपी पिता ने हत्या की बात स्वीकार करते हुए पुलिस को बताया कि उसकी पुत्री के चाल-चलन से वह नाराज था। कई बार समझाने के बावजूद बात नहीं मानने पर उसने हत्या की योजना बनाई और घटना को अंजाम दिया। इधर, शव बरामद होने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल नवादा भेज दिया है। धमौल थाना में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में पूरे मामले का खुलासा करते हुए पकरीबरावां के एसडीपीओ ने बताया कि इस मामले में मृतका के पिता बिरजू चौधरी, माता लखिया देवी एवं भाई जितेंद्र चौधरी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। तीनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

**पूर्व रेलवे**

**ई–निविदा सूचना सं.: ओ–एसी–टी–38–26–27 (खुली), दिनांक 22.05.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन–713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदाएँ (खुली) आमंत्रित की जाती हैं: **केस संख्या** : ओ–एसी–टी–38–26–27, **कार्य का नाम**: वरिष्ठ डीईएन/1/आसनसोल के तहत एईएन/2/आसनसोल के अधिकार क्षेत्र में पीक्यूआरएस मशीन का इस्तेमाल करते हुए टीएसआर(पी) के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 2,67,99,930.43, **बयाना राशि :** रु. 5,36,000/–, **कार्य की समापन अवधि**: 12 माह। **बंद होने की तिथि और समय**: 17.06.2026 को 12.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है। ASN-110/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

## डॉ. प्रेम कुमार ने की जिला वन विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक

# 45 हेक्टेयर भूमि पर चिड़ियाघर का कराया जाएगा निर्माण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गया।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने सोमवार को गयाजी जिला अतिथि गृह सभागार में जिला वन पदाधिकारी एवं वन विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर जिले में चल रही पर्यावरण संरक्षण, हरित विकास एवं वन विस्तार योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। बैठक के दौरान डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि गया जी के कंडी क्षेत्र में 45 हेक्टेयर भूमि पर आधुनिक सुविधाओं से युक्त चिड़ियाघर का निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस परियोजना के प्रथम चरण के लिए भारत सरकार को लगभग 195 करोड़ रुपये का प्रस्ताव भेजा जाएगा। प्रस्तावित चिड़ियाघर में लगभग 34 प्रकार के वन्य जीवों को रखने की योजना बनाई गई है। उन्होंने कहा कि यह परियोजना गया जी के पर्यटन, पर्यावरण संरक्षण एवं रोजगार सृजन के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण साबित होगी। उन्होंने जानकारी दी कि पटना चिड़ियाघर लगभग 190 एकड़ क्षेत्र में तथा राजगीर जू सफारी लगभग 260 एकड़ क्षेत्र में विकसित है। इसी तर्ज पर गया जी में भी आधुनिक वन्यजीव एवं पर्यावरणीय संरचना विकसित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। साथ ही कंडी, नवादा एवं बोधगया में आगामी दो माह के भीतर पार्कों का निर्माण कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बैठक में वन विभाग द्वारा संचालित पौधारोपण कार्यक्रमों की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों ने बताया कि जिले की 19 नर्सरियों में लगभग 18 लाख 376 पौधे तैयार किए जा रहे हैं। वहीं पूरे गया जी में इस वर्ष लगभग 24 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वन क्षेत्रों में लगभग 5 लाख पौधे लगाए जाएंगे। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन का स्वरूप देने की आवश्यकता है। उन्होंने निर्देश दिया कि स्कूली बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जो छात्र अपना परिचय पत्र जमा करेंगे, उन्हें वन विभाग की ओर से निःशुल्क पांच-पांच पौधे उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके अतिरिक्त जीविका दीदियों के माध्यम से भी उनकी इच्छा अनुसार लगभग 5 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि हरित आवरण बढ़ाने, पर्यावरण संतुलन बनाए रखने तथा गया जी को 'ग्रीन गया' के रूप में विकसित करने के लिए सभी योजनाओं को समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से क्रियान्वित किया जाए।

## करंट से जीविका कर्मी झुलसी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्रखंड के छोटकी मननपुर गांव में सोमवार को करंट लगने से जीविका कर्मी अनुराधा देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना उस समय हुई जब वह अपने घर में घरेलू कार्य कर रही थी। बताया जाता है कि घर के लोहे के कीवाड़ में अचानक 220 वोल्ट का करंट प्रवाहित होने लगा जिसकी चपेट में अनुराधा देवी के साथ उनके बच्चे भी आ गए। परिजनों के अनुसार करंट लगते ही बच्चा झटके से दूर जा गिरा जबकि अनुराधा देवी लोहे के कीवाड़ से चिपक गई और गंभीर रूप से झुलस गईं। घटना के बाद परिवार के सदस्यों ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कोंच में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों द्वारा उनका इलाज किया जा रहा है। ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टरों ने बताया कि महिला की स्थिति अब खतरे से बाहर है।

## जिलाधिकारी ने जनता दरबार में समस्याओं का किया ऑन द स्पॉट निवारण



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने समाहरणालय स्थित सभागार में आयोजित जनता दरबार के माध्यम से जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए लगभग 90 से अधिक आमजनों की समस्याएं सुनीं। इस अवसर पर भूमि विवाद, आवास योजना, स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी शिकायतें, पेंशन योजना, मुआवजा, शिक्षा विभाग से संबंधित विषयों समेत अन्य मामलों को लोगों ने जिलाधिकारी के समक्ष रखा। जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को संबंधित प्रकरणों का त्वरित एवं निष्पक्ष निपटारा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान जिला प्रशासन की प्राथमिकता है और प्रत्येक विभागीय पदाधिकारी इस दिशा में गंभीरता से कार्य करें।

## पूर्व सांसद के मकान से नकली और नशीली दवाएं बरामद, एक हिरासत में

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया जी।** शहर के पीपरपाती मोहल्ले में ड्रग विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पूर्व सांसद के मकान में रह रहे एक किरायेदार के कमरे से नकली एवं नशीली दवाएं बरामद की है। कार्रवाई के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस ने मौके से एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार ड्रग विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि पीपरपाती मोहल्ला स्थित एक मकान में अवैध रूप से नकली और नशीली दवाओं का कारोबार संचालित किया जा रहा है। सूचना के आधार पर ड्रग विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने छापेमारी की। तलाशी के दौरान भारी मात्रा में संदिग्ध दवाएं बरामद किए गए। अधिकारियों के मुताबिक बरामद दवाओं की जांच कराई जा रही है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि दवाएं नकली है, प्रतिबंधित श्रेणी की है या नशीले पदार्थों से जुड़ी है। हिरासत में लिए गए व्यक्ति से पूछताछ जारी है और पुलिस इस अवैध कारोबार के नेटवर्क की जांच में जुटी हुई है। वही सहायक औषधि नियंत्रक विजय कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की गई जिसमें भारी मात्रा में नशे से संबंधित दवाएं बरामद हुई है। प्रारंभिक पूछताछ में पकड़े गए अभियुक्त ने बताया कि दवाएं देवघर से लाकर यहां स्टोर की जाती थी। उन्होंने कहा कि जांच अभी जारी है, इसलिए फिलहाल सभी नामों का खुलासा नहीं किया जा सकता। सूत्रों के अनुसार जांच एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी है कि इस अवैध दवा कारोबार का नेटवर्क गया समेत अन्य जिलों तक फैला हुआ है या नहीं। मामले में जल्द बड़ा खुलासा होने की संभावना जताई जा रही है। बताया जाता है कि यह मकान पूर्व सांसद रंजीत सिंह उर्फ रंग सिंह का है जो वर्ष 1980 में झारखंड के चतरा से कांग्रेस के टिकट पर सांसद चुने गए थे। उनका कुछ वर्ष पहले निधन हो चुका है।

## बिहार-झारखंड के लोगों को बेहतर इलाज देने का संकल्प : डॉ. नवीन निश्चल-डॉ. कविता निश्चल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बोधगया।** रविवार को डॉ. नवीन निश्चल और डॉ. कविता निश्चल ने अपनी शादी की 25वीं वर्षगांठ भव्य और सुव्यवस्थित समारोह में धूमधाम से मनाई। इस अवसर को दोनों चिकित्सकों ने केवल पारिवारिक उत्सव तक सीमित नहीं रखा, बल्कि बिहार और झारखंड के लोगों को प्रभावी उपचार उपलब्ध कराने तथा गुणवत्तापूर्ण मरीज देखभाल में उत्कृष्टता बनाए रखने का संकल्प दोहराया। विदित हो कि चिकित्सक दम्पति अंतरराष्ट्रीय पर्यटन स्थल गया में स्थित अर्श सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल चलाते हैं जो आज मगध क्षेत्र में आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं का नया मानदंड स्थापित कर रहा है। 165 बिस्तरों वाला यह उद्देश्य-निर्मित सुपर स्पेशलिटी तृतीयक चिकित्सा संस्थान गया, बोधगया सहित पूरे मगध प्रमंडल के लोगों के लिए उच्च गुणवत्ता, सुलभ और भरोसेमंद चिकित्सा सेवाओं का प्रमुख केंद्र बन चुका है। राज्य के प्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ एवं वरिष्ठ सर्जन डॉ. नवीन निश्चल तथा डॉ. कविता निश्चल के नेतृत्व में संचालित यह अस्पताल अत्याधुनिक तकनीक, अनुभवी चिकित्सकों और मानवीय संवेदनाओं के समन्वय के साथ मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करा रहा है। अस्पताल में विभिन्न गंभीर और जटिल बीमारियों के इलाज की आधुनिक व्यवस्था की गई है, जिससे लोगों को इलाज के लिए बड़े महानगरों का रुख नहीं करना पड़ रहा है। डॉ. नवीन निश्चल ने कहा कि अर्श सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल का उद्देश्य मगध क्षेत्र के लोगों को विश्वस्तरीय चिकित्सा सुविधाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि बिहार और झारखंड के मरीजों को बेहतर इलाज के लिए दूसरे राज्यों में जाने की मजबूरी कम करना उनकी प्राथमिकता है। अस्पताल में आधुनिक ऑपरेशन थिएटर, अत्याधुनिक जांच सुविधाएं, आपातकालीन चिकित्सा सेवा और विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम लगातार मरीजों की सेवा में जुटी है। डॉ. कविता निश्चल ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण उपचार और मरीजों की संवेदनशील देखभाल अस्पताल की सबसे बड़ी पहचान है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा केवल पेशा नहीं, बल्कि सेवा का माध्यम है और अस्पताल का पूरा प्रयास मरीजों को बेहतर उपचार के साथ आत्मीय वातावरण उपलब्ध कराना है। इस अवसर पर अस्पताल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों चिकित्सकों, स्वास्थ्यकर्मियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, परिजनों और गणमान्य लोगों ने दोनों चिकित्सकों को विवाह की 25वीं वर्षगांठ की शुभकामनाएं दीं। उपस्थित लोगों ने अर्श सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा मगध क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्थान क्षेत्र के लोगों के लिए उम्मीद और भरोसे का केंद्र बन चुका है।

## मुख्यमंत्री पारिवारिक लाभ योजना के तहत लाभुकों को मिली आर्थिक सहायता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**खिजरसराय।** प्रखंड मुख्यालय में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने की दिशा में लगातार कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में सोमवार को खिजरसराय प्रखंड कार्यालय परिसर में मुख्यमंत्री परिवार लाभ योजना के तहत पात्र लाभुकों के बीच आर्थिक सहायता राशि का चेक वितरित किया गया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) कुमारी सुमन ने लाभार्थियों को सहायता राशि प्रदान करते हुए कहा कि सरकार का उद्देश्य जरूरतमंद और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को संकट की घड़ी में तत्काल राहत पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि प्रशासन पूरी पारदर्शिता के साथ सभी पात्र लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। योजना के तहत सरवहदा ग्राम (पोस्ट- सरवहदा) निवासी आरती देवी, पति सुनील कुमार को 20 हजार का चेक प्रदान किया गया। वहीं उचौली हाजीचक ग्राम निवासी लखनदर मांझी की पत्नी ननकी देवी को भी मुख्यमंत्री परिवार लाभ योजना के अंतर्गत आर्थिक सहायता राशि सौंपी गई। चेक प्राप्त करने के बाद लाभार्थियों ने सरकार एवं प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान प्रखंड कार्यालय के कर्मी एवं स्थानीय लोग भी मौजूद रहे।

## युवक की हत्या मामले में दो गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** कोंच थाना क्षेत्र में हुए हत्या कांड के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह जानकारी वरीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय, गया द्वारा मंगलवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में दी गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार 19 नवंबर 2024 को वादी ने कोंच थाना में आवेदन देकर बताया था कि वह अपने दोस्त के साथ कोंच बाजार में भुंजा खरीद रहे थे। इसी दौरान पहले भुंजा खरीदने को लेकर दीपक कुमार से विवाद हो गया। आरोप है कि बाद में जब दोनों बाजार से घर लौट रहे थे, तभी दीपक कुमार अपने सहयोगियों के साथ लाठी-डंडा एवं लोहे के रॉड से हमला कर दिया जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के दौरान एक युवक की मौत हो गई थी। इस मामले में कोंच थाना कांड संख्या 492/24 दर्ज कर पुलिस द्वारा अनुसंधान शुरू किया गया। वरीय पुलिस अधीक्षक, गया के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी टिकारी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर छापेमारी अभियान चलाया गया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए इस कांड में संलिप्त दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपितों में गौरव कुमार, पिता रामजीवन पासवान तथा दीपक कुमार उर्फ रवि, पिता संजय चौधरी शामिल हैं। दोनों कोंच थाना क्षेत्र के माना बिगहा गांव के निवासी बताए जाते हैं। पुलिस के अनुसार मामले में अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

## ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी से आमजन परेशान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच।** पेट्रोल और डीजल की कीमतों में एक बार फिर बढ़ोतरी होने से आम लोगों की चिंता बढ़ गई है। लगातार बढ़ती महंगाई के बीच ईंधन के दाम बढ़ने का सीधा असर गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों की जेब पर पड़ रहा है। खासकर रोज कमाने-खाने वाले लोगों को इससे काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार डीजल का मूल्य सोमवार को 98.23 रुपये प्रति लीटर था जो मंगलवार को बढ़कर 101.07 रुपये प्रति लीटर हो गया। इस प्रकार डीजल के दाम में 2.84 रुपये प्रति लीटर की वृद्धि दर्ज की गई। वहीं पेट्रोल का मूल्य 112.17 रुपये प्रति लीटर से बढ़कर 115.05 रुपये प्रति लीटर पहुंच गया। पेट्रोल की कीमत में 2.88 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी हुई है। स्थानीय निवासी ने बताया कि पेट्रोल और डीजल के लगातार बढ़ते दाम से गरीब लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है। मेहनत-मजदूरी कर परिवार चलाने वालों के लिए महंगाई के बीच घर चलाना मुश्किल होता जा रहा है। ईंधन महंगा होने से बाजार में अन्य वस्तुओं की कीमतों पर भी असर पड़ रहा है। सबसे अधिक परेशानी उन लोगों को हो रही है जो अपनी गाड़ियों से गांव-गांव घूमकर सामान बेचते हैं और इसी से अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं। उनका कहना है कि तेल की कीमतों में लगातार वृद्धि से उनकी आमदनी प्रभावित हो रही है।

## 12 घंटे में चोरी की बाइक बरामद, आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खिजरसराय।** महकार थाना पुलिस ने वाहन चोरी के मामले में बड़ी सफलता हासिल करते हुए केवड़ी महायज्ञ परिसर से चोरी हुई मोटरसाइकिल को महज 12 घंटे के भीतर बरामद कर लिया। इस कार्रवाई में पुलिस ने एक शातिर चोर को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से इलाके के लोगों में खुशी का माहौल है। बताया जाता है कि केवड़ी में आयोजित महायज्ञ के दौरान एक मोटरसाइकिल चोरी हो गई थी। चोरी के बाद वाहन मालिक ने मामले की सूचना महकार थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष पवन कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम सक्रिय हो गई और जांच शुरू कर दी। जांच के दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली जिसके आधार पर एक संदिग्ध युवक को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने चोरी की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली। गिरफ्तार आरोपी की पहचान संतन कुमार के रूप में हुई है जो गया जिले के हृदय बीघा गांव का निवासी है। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने बताया कि चोरी की गई बाइक को सुंदरपुर नदी के पास घनी झाड़ियों में छुपाकर रखा गया था, ताकि किसी को शक न हो। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने छापेमारी कर चोरी की मोटरसाइकिल को सकुशल बरामद कर लिया।

## कुर्की वारंटी समेत पांच फरार अभियुक्त गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** आंती थाना कांड संख्या 18/2012 एवं न्यायालय डी.ए.एस.जे.-11 गया के एसटीआर संख्या 190/2015 में लंबे समय से फरार चल रहे पांच कुर्की वारंटियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों में मो. शमशेर पिता मो. शमशुद्दीन, मो. जिलानी पिता स्व. मो. बक्स, मो. शबीर एवं मो. सईद दोनों पिता यूसुफ तथा मो. जुनैद पिता मो. कासिम शामिल हैं। सभी अभियुक्त जमालपुर, थाना आंती, जिला-गया के निवासी बताए गए हैं। पुलिस ने सभी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय गया में उपस्थापन हेतु उचित अभिरक्षा में भेज दिया है। पुलिस द्वारा फरार वारंटियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है।


### पूर्व रेलवे

**सूचना सं. : एसआईजी_डब्ल्यू _5 _पॉलिसी, दिनांक 21.05.2026,** वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर, पूर्व रेलवे, मालदा टाउन, मालदा टाउन ऑफिस बिल्डिंग, पी.ओ. झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **ई-निविदा सं.: एमएलडीटी _एसएनटी _26-27_04_ओटी, दिनांक :19.05.2026, कार्य का नाम:** निमतीता - विश्वसीनीयता सुधार के लिए निमतीता (एनआईएलई) में द्वितीय डिटेक्शन का प्रावधान। **निविदा मूल्यः** रु. 2,69,02,915.71, **बयाना राशिः** रु. 5,38,100/-, **ई-निविदा जमा देने की तिथि और समय :** दिनांक 27.05.2026 से 10.06.2026 को 11.00 बजे तक। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पटः** वेबसाइटः **www.ireps.gov.in** और सूचना पटः वरिष्ठ डीएसटीई का कार्यालय, डीआरएम बिल्डिंग, मालदा। MLD-60/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

### पूर्व रेलवे

**निविदा सूचना संख्याः ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21 (सूचना)/760, दिनांक 22.05.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित विद्युत कार्यों के लिए ओपन ई-टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं : **निविदा संख्याः ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3628, कार्य का नाम :** "हावड़ा मंडल के तहत विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर फुट ओवर ब्रिज को जोड़ने वाले पैसेंजर लिफ्ट का प्रावधान"। **निविदा मूल्य :** रु. 4,58,86,083/-, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 9,17,700/-, **पूर्णता अवधिः** 180 दिन। **समापन तिथि एवं समयः** दिनांक 12.06.2026 को 15.00 बजे। यदि किसी कारणवश उपर्युक्त समापन तिथि को अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा जमा करने की तिथि में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस वेबसाइट पर समापन तिथि और समय के बाद कोई निविदा जमा नहीं की जा सकती। हालांकि, निविदाओं का ऑनलाइन उद्घाटन समापन तिथि के बाद किसी भी सुविधाजनक दिन किया जा सकता है। निविदा का पूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध है कि उपरोक्त वेबसाइट पर अपनी निविदा ऑनलाइन प्रस्तुत करें। HWH-95/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू

**अल्पकालीन ई० निविदा आमंत्रण सूचना**

**(Two Envelope System)**

ई0-निविदा संख्या- **EE/RDSD/Palamau/ F2 - 02/ 2026-27 (2nd Call)**

| S. No. | Name of Work | Estimated Cost | Amount of Earnest Money | Cost of Tender Paper | Time Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | पलामू जिला के प्रखंड छतरपुर के पंचायत कवल के ग्राम कवल में कवल जघवल पथ पर पुल निर्माण। | 8277700.00 | 1,65,600 | 10000 | 07 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 29.05.2026 (05:00 PM से)
3. ई-निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 29.05.2026 (अपराह्न 5:00 PM से दिनांक 09.06.2026 को 5:00 PM तक।
4. ई-निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू।
5. तकनीकि बिड खोलने की तिथि एवं समय – 11.06.2026 अपराह्न 3:00 PM बजे।
6. वित्तीय बिड खोलेन की तिथि – पत्र द्वारा घोषित किया जायेगा।
7. ई-निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पलामू।
8. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06562-355581
9. परिमाण विपत्र की राशि घट-बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
11. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई-भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू

PR 380737 District (26-27)_D

### कार्यालय : जिला दण्डाधिकारी–सह–उपायुक्त, पलामू।
(जिला योजना शाखा)
e-mail: dpopalamau@gmail.com, Office: 06562-230859
dpo-palamu@jharkhandmail.gov.in

**ईच्छा की अभिव्यक्ति से पूर्व Pre-Bid परिचर्चा हेतु ''आमंत्रण सूचना''**

जिला योजना अनाबद्ध निधि अन्तर्गत पलामू जिला के मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र में सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था के दृष्टिकोण से विभिन्न स्थलों पर अधिष्ठापित कुल 113 CCTV कैमरों एंव सम्बंधित उपकरणों के मरम्मति एवं रख-रखाव हेतु AMC हेतु Turnkey Basis पर निबंधित एवं इच्छुक गैर सरकारी संगठनों/अर्द्ध सरकारी संगठनों/कम्पनी/संस्थानों/फर्म/उत्पादक एवं उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि आदि से ईच्छा की अभिव्यक्ति (Epresssion of Interest) आमंत्रण से पूर्व इच्छुक/अनुभवी प्रस्तावकों को दिनांक 05.06.2026 को पूर्वाह्न 11:30 बजे से समाहरणालय सभागार, Block-A, प्रथम तल, पलामू में निर्धारित Pre-Bid परिचर्चा में भाग लेने हेतु आमंत्रित किया जाता है।

उक्त Pre-Bid बैठक में इच्छुक प्रस्तावकों से मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र के TOP-01 एवं TOP-02 क्षेत्रों में अधिष्ठापित CCTV एवं अन्य उपकरणों की मरम्मति तथा वार्षिक रख-रखाव के तकनीकी बिन्दुओं, कार्य योजना आदि के संदर्भ में Power Point presentation या सुझाव के आधार पर बेहतर एवं Cost Effective कार्य योजना अथवा विकल्प आदि का निर्धारण करते हुए जिला स्तरीय एवं मूल्यांकण समिति द्वारा परियोजना हेतु इच्छा की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जायेगी। पूर्व से अधिष्ठापित CCTV एवं अन्य उपकरणों एवं विभिन्न स्थलों की सूची जिला की अधिकारिक Website-Palamu.nic.in से डाउनलोड की जा सकेगी। इच्छुक प्रस्तावको से अपेक्षा की जाती है कि वे अधिष्ठापित CCTV कैमरों, वायरिंग एवं अन्य उपकरणों का निरीक्षण कर वास्तविक कार्य की आवश्यकता के अनुसार उक्त Pre-bid परिचर्चा में सम्मिलित होंगें।

उपायुक्त,
पलामू

PR 380649 Palamu (26-27)_D

### जिला मत्स्य कार्यालय, पलामू।

**वेद व्यास अवास हेतु आवेदन आमंत्रण सूचना**

झारखण्ड सरकार, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) के राज्यादेश सं0 04रा0(वि0)/दिनांक 21/05/2026 के आलोक में एतद् द्वारा पलामू जिले के मत्स्य पालन से जुड़े मत्स्य कृषक जिनके पास पक्का आवास नहीं है को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में भी वेद व्यास आवास योजना प्रस्तावित है।

| क्र0 | लघु शीर्ष | प्राप्त लक्ष्य | अनुदानित राशि प्रति इकाई (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 01 | 101 | 32 | 1.912 |
| 02 | 789 | 03 | 1.912 |

उक्त आवास योजना के अन्तर्गत विभागीय आर्थिक सहायता की अधिकत्तम राशि 1.912 लाख (एक लाख एक्यानवे हजार दो सौ रूपये) प्रति आवास निर्धारित है।

**शर्तें निम्नांकित है। :–**

1. आवास का निर्माण कम से कम दस के कलस्टर में किया जाएगा।
2. सक्रिय अथवा परम्परागत मत्स्य पालक/मछुआ जो मत्स्य उत्पादन/मत्स्य बीज उत्पादन/प्राकृतिक जल संसाधनों में मछली पकड़ने/मत्स्य बिक्री में सक्रिय हो। (मत्स्य प्रशिक्षण प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।)
3. प्राथमिकता गरीबी रेखा के नीचे कच्चे मिट्टी से बने अथवा फूस के मकान में रहने वाले मछुआ/मत्स्य पालक को दी जाएगी। (बी0पी0एल0 कार्ड एवं आय प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा)
4. आवास निर्माण हेतु जमीन उपलब्ध रहने तथा कच्चा घर वाले मछुआरों को भी कंडिका 02 एवं 03 के अतिरिक्त लाभाविन्त किया जा सकता है। एक परिवार में एक आवास देय है। आवश्यकतानुसार पति-पत्नी के संयुक्त नाम से स्वीकृति दी जायेगी। (अंचलाधिकारी के स्तर से निर्गत भूमि-स्वामित्व प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।)
5. प्रक्रियानुसार आवेदक दिव्यांगों हेतु स्वीकृत राशि का न्यूनतम 03प्रतिशत (दिव्यांगता पमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा) तथा महिलाओं के लिए 10 प्रतिशत राशि का प्रावधान किया जाएगा।
6. ऐसे लाभुकों को आवास का दोबारा लाभ नहीं दिया जायेगा जो पूर्व संचालित विभागीय मछुआ आवास योजना अथवा इन्दिरा आवास योजना या समतुल्य आवास/अबुआ आवास/राज्य सरकार की आवास योजना से लाभान्वित हो चुके है।
7. प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के मानक प्राक्कलन के आधार पर आवास निर्माण का कार्य लाभुकों के द्वारा स्वंय कराया जाएगा। लाभुक आवश्यकतानुसार छत्त ढलवा/समतल रख सकते है।
8. सभी आवेदक/मत्स्य कृषक/मत्स्य बीज उत्पादकों को **NFDP Portal** पर निबंधन कराते हुए निबंधन प्रमाण पत्र आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।

**उपरोक्त शर्तो के अधीन पलामू जिला के इच्छुक एवं सुयोग्य मछुआरों से दिनांक 15/06/2026 तक विहित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन का प्रपत्र जिला मत्स्य कार्यालय, पलामू में निःशुल्क उपलब्ध है।**

**नोटः–त्रुटिपूर्ण अथवा अधूरा आवेदन को रद्/अस्वीकृत करने हेतु अद्योहस्ताक्षरी स्वतंत्र होगें।**

(मो0 कमरूज्जमाँ)
जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, पलामू।

PR 380725 (Fish) 26-27 (D)

## संपादकीय

# प्रदूषण रोकने, ईंधन बचाने के लिए परिवहन नीति पर हो पुनर्विचार

प्रधानमंत्री द्वारा सार्वजनिक परिवहन के उपयोग, कार-पूलिंग जैसे उपायों के जरिये ईंधन बचाने की अपील करना समयोचित था, जिसका सभी को स्वागत करना चाहिए था. यह राजनीति नहीं, बल्कि देशभक्ति की भावना से प्रेरित थी. मेरा दृढ़ विश्वास है कि जब देश द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद से सबसे गंभीर ऊर्जा-आर्थिक संकट का सामना कर रहा हो, तब इस अपील को उपहास का विषय नहीं बनाया जा सकता. लेकिन इसमें एक समस्या थी: नेताओं ने सलाह को तुरंत अनसुना कर दिया. उन्होंने भीषण गर्मी में लाखों लीटर ईंधन जलाते हुए विशाल रोड शो किए और रैलियां निकाल कर जनता के गुस्से को भड़काया. सबसे चर्चित 'शो' मध्यप्रदेश में हुआ, हालांकि मुख्यमंत्री मोहन यादव ने तुरंत ही स्थिति को संभालते हुए अपने विशाल काफिले को आधा कर दिया. लेकिन, नरेंद्र मोदी द्वारा पेट्रोल और डीजल बचाने की राष्ट्रव्यापी अपील के ठीक दो दिन बाद, यादव के एक छुटभैये चेले ने अपने समर्थकों की 700 कारों के साथ उज्जैन से भोपाल (लगभग 200 किलोमीटर, एक तरफ) तक रोड शो किया. आखिर उसने मोदी की अवज्ञा करने का साहस कैसे जुटाया? मुझे वे दिन याद हैं जब कोविड लॉकडाउन और उससे संबंधित सख्त पाबंदियों के चलते लोग और वाहन घरों में बंद रहे थे. महामारी की दो जानलेवा लहरों के दौरान शहरों में तापमान और प्रदूषण में भारी गिरावट आई थी. वर्ष 2020 और 2021 की गर्मियों में वायुमंडलीय तापमान में काफी कमी आने से कई लोगों ने इस सुखद बदलाव को महसूस किया. लोगों के घरों से काम करने के कारण कार्यालयों में एयर कंडीशनरों का उपयोग न होना भी एक कारण था. लाखों वाहन - जिनमें से कई अनावश्यक रूप से सड़कों पर चलते हैं - पर्यावरण का तापमान बढ़ाते हैं और पुराने मॉडल की कारें प्रदूषक तत्व फैलाती हैं, पर नए तरीके से विचार जरूरी है. राजनेता - मुख्य रूप से मंत्री - 8-10 कारों का काफिला क्यों रखते हैं? क्योंकि उन्हें अपनी जेब से खर्च नहीं करना पड़ता. दूसरा, कोई जवाबदेही नहीं है. भाजपा के पुराने नेता स्वभाव से ही मितव्ययी और सादगीपूर्ण थे. अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी, कुशाभाऊ ठाकरे, मुरली मनोहर जोशी, कल्याण सिंह, राजनाथ सिंह, मनोहर पर्रिकर, सुषमा स्वराज, सुमित्रा महाजन अपने ध्येय के प्रति समर्पित थे और सादा जीवन जीते थे. आज, छोटे-मोटे नेताओं के पास भी बड़ी-बड़ी गाड़ियों का बेड़ा है, जिनका इस्तेमाल वे अपनी ताकत और दबदबा कायम करने के लिए करते हैं. उज्जैन के सौभाग्य ठाकुर उनमें से एक थे, लेकिन उन्होंने अपने इस मूर्खतापूर्ण कृत्य के लिए सुर्खियां बटोरीं. ईंधन संकट हो या न हो, एक नेता को अपने समर्थकों की 700 गाड़ियों से आम लोगों को सड़कों पर क्यों परेशान करना चाहिए? उन्होंने जिन शहरों का दौरा किया, वहां हंगामा मचाया और लाखों लीटर कीमती ईंधन जलाया. लेकिन उनके खिलाफ इतनी सख्त कार्रवाई नहीं की गई कि उदाहरण पेश किया जा सके. बंगाल के नए मुख्यमंत्री ने भी भारी-भरकम रैली निकाली और ईंधन समस्या को ठेंगा दिखाया. वर्तमान आर्थिक स्थिति में बहुमूल्य ईंधन की बचत करना सर्वोपरि है, लेकिन इसके कई अन्य फायदे भी हैं. सड़कों पर कारों का कम से कम उपयोग करने से यातायात जाम से बचा जा सकता है और दुर्घटनाएं भी आनुपातिक रूप से कम होंगी.

इससे प्रदूषण और गर्मी बढ़ने पर अंकुश लगेगा तथा सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था मजबूत होगी. लेकिन इससे जुड़ी कुछ समस्याएं भी हैं: कार निर्माता लगातार नए-नए मॉडल बाजार में उतार रहे हैं- वित्त वर्ष 2026 में सिर्फ चार शीर्ष कंपनियों ने 43,09,482 कारें बेचीं. नीति निर्माताओं को इस बात का अंदाजा नहीं है कि आने वाले कुछ वर्षों में सड़कों पर कितनी और कारें आएंगी. इसके चलते शहरी नियोजन पटरी से उतर गया है. पेट्रोल की बात छोड़िए, हमारे शहरों में पार्किंग की जगहें कहां हैं?

# भारत की विकास यात्रा



**श्री सी. पी. राधाकृष्णन**

जब मैं तिरुप्पुर के स्कूल में पढ़ता था, तब मेरे मन में देश को लेकर कई सपने थे। मेरे मन में अक्सर ये सवाल उठते थे- भारत अपनी महानता कब वापस पाएगा? विश्व मंच पर एक शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में कब उभरेगा? हमारे गरीब और वंचित भाई-बहनों को सम्मानजनक जीवन कब मिलेगा? मुझे खुशी है कि किशोरावस्था में मेरे मन में जो विचार थे, वे अब साकार हो रहे हैं।

मैं अक्सर खुद को स्वामी विवेकानंद के इन शब्दों की याद दिलाता था, उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्त होने तक मत रुको। तमिलनाडु की धरती से स्वामीजी के दिए ये शब्द हर व्यक्ति में देशभक्ति और समर्पण की भावना जगाने की अपार शक्ति रखते हैं। मेरा हमेशा यह विश्वास रहा कि जब भारत अपनी पूरी क्षमता के साथ आगे बढ़ेगा, तब वह पूरी दुनिया का मार्गदर्शन करने वाला राष्ट्र बनकर उभरेगा। पिछले एक दशक में मुझे यह देखकर खुशी होती है कि हमारा देश जबरदस्त ऊर्जा और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है।

अब हमें अपनी आंखों के सामने तिरुवल्लुवर के इन शब्दों की सच्चाई देखने का अवसर मिल रहा है-जो अपने संकल्प में अडिग रहते हैं, वे ठीक वही हासिल करते हैं, जिसकी उन्होंने कल्पना की होती है। हम देख सकते हैं कि हमारा देश तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। पिछले एक दशक में भारत ने जो प्रगति हासिल की है, उसने पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है।

ऐसे समय में, जब पूरी दुनिया आर्थिक मंदी और अनिश्चितताओं से जूझ रही है, भारत की अर्थव्यवस्था मज़बूती और तेज़ी से आगे बढ़ रही है। इस दौर को निरंतर विकास का युग बनाने के लिए सरकार और जनता, दोनों का साझा उत्साह ही इस प्रगति का कारण है। एक समय कमजोर अर्थव्यवस्था माने जाने वाला हमारा देश आज दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और जल्द ही तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हमारा आर्थिक विकास समावेशी रहा है।

पिछले एक दशक में लगभग 25 करोड़ भारतवासी अत्यधिक गरीबी से बाहर निकलकर सम्मानपूर्ण जीवन जीने में सक्षम हुए हैं। अब तक भारत में गरीब और बेघर लोगों के लिए लगभग 4 करोड़ पक्के घर बनाए जा चुके हैं। 12 करोड़ से अधिक लोगों को पाइप से पीने के पानी का कनेक्शन उपलब्ध कराया गया है। हमने खुले में शौच से मुक्त राष्ट्र बनने का संकल्प लिया था और केवल 60 महीनों के भीतर देश ने 60 करोड़ लोगों के लिए यह लक्ष्य हासिल कर दिखाया।

प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत 80 करोड़ लोगों को हर वर्ष 5 किलोग्राम खाद्यान्न मुफ्त दिया जा रहा है, जिस पर 2.3 लाख करोड़ रुपये का खर्च किया जा रहा है। मैंने बचपन से ही गांवों में लोगों को इलाज की सुविधा न मिलने के कारण परेशान होते देखा है। उनके परिवारों की पीड़ा देखकर मुझे दुख होता था। आज देश इस संकल्प के साथ आयुष्मान भारत योजना चला रहा है कि स्वास्थ्य सेवाएं हर व्यक्ति तक पहुंचें। इसी का परिणाम है कि अब 44 करोड़ से अधिक लोगों को प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना के तहत 5 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा कवर मिल रहा है। केवल पिछले एक वर्ष में ही 2.5 करोड़ लोगों ने इस योजना के अंतर्गत मुफ्त इलाज प्राप्त किया है।

हमारे किसानों ने अपनी मेहनत से 35 करोड़ टन खाद्यान्न उत्पादन किया है, जिससे भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा खाद्यान्न उत्पादक देश बन गया है। भारत अब चावल उत्पादन में भी दूसरा सबसे बड़ा देश बन चुका है और अपने निर्यात के माध्यम से दुनिया से जुड़ रहा है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत अब तक 4 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि सीधे किसानों के बैंक खातों में भेजी जा चुकी है।

आज हमारी नारी शक्ति के लिए देश के विकास में पूरी भागीदारी के अवसर खुल रहे हैं। 3 करोड़ से अधिक महिलाएं लखपति दीदी और नमो ड्रोन दीदी बन चुकी हैं। कृषि, शिक्षा, चिकित्सा, विज्ञान एवं तकनीक से लेकर अंतरिक्ष तकनीक तक, महिलाओं ने हर क्षेत्र में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। अब महिलाएं सशस्त्र बलों में स्थायी कमीशन भी प्राप्त कर रही हैं और युद्धक भूमिकाओं में भी भाग ले रही हैं। नारी शक्ति वंदन अधिनियम संसद और राज्य विधानसभाओं में उनकी भागीदारी को और मजबूत करेगा।

जब मैं देशभर की यात्रा के दौरान लखपति दीदियों और नमो ड्रोन दीदियों से मिलता हूं, तब मुझे अपनी बहनों के चेहरों पर उम्मीद की चमक दिखाई देती है। महिलाओं के दैनिक जीवन को आसान बनाने और उनके स्वास्थ्य की चिंता करते हुए देशभर में लगभग 2 करोड़ नए एलपीजी गैस कनेक्शन उपलब्ध कराए गए हैं।

जब हम युवा पीढ़ी को उत्साह के साथ स्टार्टअप्स की ओर आगे बढ़ते देखते हैं, तब हमें देशभक्त कवि सुब्रमण्यम भारती के ये शब्द याद आते हैं-

आओ, आओ, आओ और अपने सपनों को साकार करो,
पूरा देश एकजुट होकर आगे बढ़े और समृद्ध बने,
आओ, आओ, आओ और कोई महान कार्य करके दिखाओ।

युवाओं के लिए पिछले दस वर्षों में ही 13 नए आईआईटी स्थापित किए गए हैं, जिससे देश में आईआईटी की कुल संख्या बढ़कर 23 हो गई है। इसी तरह आईआईएम की संख्या 13 से बढ़कर 21 हो गई है। एम्स की संख्या 7 से बढ़कर 23 हो चुकी है और मेडिकल कॉलेजों की संख्या 37 से बढ़कर 823 हो गई है। यह गर्व की बात है कि मेडिकल छात्रों के लिए सीटों की संख्या 51,348 से बढ़कर 1,29,603 हो गई है।

हम विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचे की दिशा में भी तेज़ी से आगे बढ़ रहे हैं। भारतीय रेलवे का लगभग 99 प्रतिशत विद्युतीकरण हो चुका है। देशभर में 164 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों ने रेल यात्रा के एक नए युग की शुरुआत की है। हवाई अड्डों की संख्या भी 74 से बढ़कर 163 हो गई है और उड़ान योजना के तहत आम लोगों के लिए हवाई यात्रा सुलभ हुई है।

तमिलनाडु के लिए रेलवे बजट का आवंटन, जो एक दशक पहले लगभग ?880 करोड़ था, बढ़कर 2026ङ्क27 में ?7,600 करोड़ हो गया है। तमिलनाडु में यह खुशी की बात है कि रामेश्वरम और पंबन के बीच नया पंबन ब्रिज बनाया गया है, जो भारत का पहला वर्टिकल लिफ्ट ब्रिज है। यह आध्यात्मिक पर्यटन और आर्थिक विकास के लिए एक नया अवसर बनकर उभरा है। चाहे चिनाब ब्रिज हो या बोगीबील पुल, भारत अब आधुनिक बुनियादी ढांचे के नए आयाम स्थापित कर रहा है।

भारत के विकास के लिए देश भर में विश्व स्तरीय चार-लेन और आठ-लेन की सड़कों के साथ-साथ सुदूर गांवों तक सड़क संपर्क को मजबूती से विकसित किया गया है। तमिलनाडु में पिछले 10 वर्षों में 4,000 किलोमीटर से अधिक राष्ट्रीय राजमार्ग बनाए गए हैं। वहीं पूर्वोत्तर राज्यों में पिछले 10 वर्षों के दौरान लगभग 7,200 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण हुआ है। ये सभी विकास कार्य %प्रगति% के तहत प्रधानमंत्री की करीबी निगरानी के कारण संभव हो पाए हैं।

प्री-मैट्रिक और पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनाओं तथा एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों ने क्रमशः अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के छात्रों को बहुत लाभ पहुंचाया है। मेरा हमेशा यह विश्वास रहा है कि विकास केवल सामाजिक वर्गों तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि उसमें सभी क्षेत्रों की भागीदारी भी सुनिश्चित होनी चाहिए। जो सीमावर्ती गांव कभी भारत के अंतिम गांव माने जाते थे, वे अब देश के प्रथम गांव बन चुके हैं और वाइब्रेंट विलेज स्कीम के माध्यम से उनका विकास किया जा रहा है।

मुझे खुशी के साथ याद आता है कि प्रधानमंत्री ने पूर्वोत्तर राज्यों को देश की अष्टलक्ष्मी कहा था। हाल ही में जब मैंने नागालैंड, मिजोरम, त्रिपुरा और सिक्किम का दौरा किया, तब वहां परिवहन और बुनियादी ढांचे में जबरदस्त सुधार देखने को मिला।

विज्ञान, तकनीक और नवाचार के क्षेत्र में देश ने जो प्रगति हासिल की है, वह हम सभी को गर्व से भर देती है। तकनीक से लेकर चिकित्सा तक, हर क्षेत्र में तेज़ी से विकास हो रहा है। कोविड-19 महामारी के दौरान भारत ने वैक्सीन निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाई और स्वदेशी वैक्सीन विकसित कर बहुत कम समय में सभी को मुफ्त उपलब्ध कराई। भारत ने मानवीय संवेदना के साथ दुनिया के 100 से अधिक देशों को भी वैक्सीन उपलब्ध कराई, जिसने विश्व इतिहास में एक विशेष स्थान बनाया।

चंद्रयान-3 की सफल लॉन्चिंग ने भारत को उन्नत अंतरिक्ष अनुसंधान के नए युग में पहुंचा दिया है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के क्षेत्र में वैश्विक कंपनियां भारत को अपना केंद्र बना रही हैं, जिससे निवेश में कई गुना वृद्धि हुई है। भारत अब सेमीकंडक्टर निर्माण के क्षेत्र में दुनिया के लिए एक मॉडल बनकर उभर रहा है।

मोबाइल फोन उत्पादन में भी हमने विश्व में दूसरा स्थान हासिल किया है। जो भारत कभी मोबाइल फोन आयात करता था, वही आज 300 करोड़ अमेरिकी डॉलर मूल्य के मोबाइल फोन निर्यात करने वाला देश बन चुका है। ये सभी उपलब्धियां आने वाली पीढ़ियों के समृद्ध भविष्य की मजबूत नींव बनेंगी।

कई दशकों तक हमारे देश ने केवल आतंकवाद ही नहीं, बल्कि उग्रवाद और वामपंथी चरमपंथ जैसी चुनौतियों का भी सामना किया है। साहसिक नीतिगत फैसलों और कानून के सख्त पालन के माध्यम से आज देश में शांति स्थापित हुई है और इन क्षेत्रों में विकास के द्वार खुले हैं। हमने यह लक्ष्य निर्धारित किया है कि 2047 तक, यानी स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूरे होने तक, भारत एक अग्रणी वैश्विक शक्ति बने और दुनिया का मार्गदर्शन करने की स्थिति में पहुंचे। कठिन परिश्रम का यह दौर ही अमृत काल है।

जिस प्रकार हर स्वतंत्रता सेनानी के हृदय में आजादी की प्यास थी, उसी तरह आज के युवाओं के मन में राष्ट्र विकास का संकल्प होना चाहिए। इस अमृत काल में यदि युवाओं के विचार और प्रयास देशभक्ति, उच्च आदर्शों और श्रेष्ठ चरित्र के साथ आगे बढ़ेंगे, तब हम 2047 में एक विकसित भारत का सपना साकार होते देख सकेंगे।

स्वामी विवेकानंद के ये शब्द हमें प्रेरणा देते हैं और दिशा भी दिखाते हैं- मेरे भाइयों, आइए हम सब मिलकर कड़ी मेहनत करें। यह सोने का समय नहीं है। भारत का भविष्य हमारे प्रयासों पर निर्भर करेगा।

आइए हम सब मिलकर अपनी कड़ी मेहनत से एक विकसित भारत का निर्माण करें।

**(लेखक भारत के उपराष्ट्रपति हैं)**

## अध्यात्म

# दान करने से वस्तु घटती नहीं

एक राजा बड़े धर्मात्मा और दयालु थे, किंतु उनसे भूलसे कोई एक पाप हो गया था। जब उनकी मृत्यु हो गयी, तब उन्हें लेने यमराजके दूत आये। यमदूतों ने राजाको कोई कष्ट नहीं दिया। यमराजने उन्हें इतना ही कहा था कि वे राजाको आदरपूर्वक नरकों के पास से आने वाले रास्ते से ले आवें। राजाकी भूल से जो पाप हुआ था, उसका इतना ही दण्ड था। यमराज के दूत राजा को लेकर जब नरकों के पास पहुँचे तो नरक में पड़े प्राणियों के चीखने, चिल्लाने, रोने का शब्द सुनकर राजा का हृदय घबरा उठा। वे वहाँ से जल्दी-जल्दी जाने लगे। इसी समय नरक में पड़े जीवों ने उनसे पुकार कर प्रार्थना की - महाराज! आपका कल्याण हो! हम लोगों पर दया करके आप एक घड़ी यहाँ खड़े रहिये। आपके शरीरसे लगकर जो हवा यहाँ आती है, उसके लगने से हम लोगों की जलन और पीड़ा एकदम दूर हो जाती है। हमें इससे बड़ा सुख मिल रहा है। राजा ने उन नारकी जीवों की प्रार्थना सुनकर कहा - मित्रो! यदि मेरे यहाँ खड़े रहनेसे आप लोगों को सुख मिलता है तो मैं पत्थर की भाँति अचल होकर यहीं खड़ा रहूँगा। मुझे यहाँ से अब आगे नहीं जाना है। यमदूतोंने राजासे कहा- आप तो धर्मात्मा हैं। आपके खड़े होने का यह स्थान नहीं है। आपके लिये तो स्वर्ग में बहुत उत्तम स्थान बनाये गये हैं। यह तो पापी जीवों के रहने का स्थान है। आप यहाँ से झटपट चले चलें। राजाने कहा- मुझे स्वर्ग नहीं चाहिये। भूखे-प्यासे रहना और नरक की आग में जलते रहना मुझे बहुत अच्छा लगेगा, यदि अकेले मेरे दु:ख उठाने से इन सब लोगोंको सुख मिले। प्राणियों की रक्षा करने और उन्हें सुखी करने में जो सुख है वैसा सुख तो स्वर्ग या ब्रह्मलोक में भी नहीं है। उसी समय वहाँ धर्मराज तथा इन्द्र आये। धर्मराजने कहा- राजन! मैं आपको स्वर्ग ले जाने के लिये आया हूँ। अब आप चलें। राजाने कहा- जब तक ये नरक में पड़े जीव इस कष्ट से नहीं छूटेंगे, मैं यहाँ से कहीं नहीं जाऊँगा। धर्मराज बोले- ये सब पापी जीव हैं। इन्होंने कोई पुण्य नहीं किया है। ये नरक से कैसे छूट सकते हैं? राजाने कहा- मैं अपना सब पुण्य इन लोगों को दान कर रहा हूँ। आप इन लोगों को स्वर्ग ले जायँ। इनके बदले मैं अकेले नरक में रहूँगा। राजाकी बात सुनकर देवराज इन्द्रने कहा- आपके पुण्य को पाकर नरक के प्राणी दु:खों से छूट गये हैं। देखिये ये लोग अब स्वर्ग जा रहे हैं। अब आप भी स्वर्ग चलिये। राजा ने कहा- मैंने तो अपना सब पुण्य दान कर दिया। अब आप मुझे स्वर्ग में चलने को क्यों कहते हैं? देवराज हँसकर बोले- दान करने से वस्तु घटती नहीं, बढ़ जाती है। आपने इतने पुण्यों का दान किया, यह दान उन सबसे बड़ा पुण्य हो गया। अब आप हमारे साथ पधारें। दु:खी प्राणियों पर दया करनेसे ये नरेश अनन्त काल तक स्वर्ग का सुख भोगते रहे।

# सोशल मीडिया की दुनिया में बढ़ती दिखावे की संस्कृति

**इस दुनिया के अलग-अलग रंग और रूप हैं। आम मौके पर, जहां सिर्फ परिवार, समाज और सामान्य लोग ही होते हैं, वहां भी लोग अपनी श्रेष्ठता साबित करने की भरपूर कोशिश करते हैं। अर्थशास्त्र में इच्छा, आवश्यकता और मांग में अंतर बताए गए हैं, लेकिन अब अर्थ के नित्य नए शास्त्र लिखे और पढ़े जा रहे हैं। एक डॉक्टर के लिए भी कार आवश्यकता की वस्तु है और एक शिक्षक के लिए भी। डॉक्टर को मरीजों के इलाज के लिए जल्दी पहुंचना होता है। समय पर नहीं पहुंचने पर मरीज की जान भी जा सकती है, इसलिए कार डॉक्टर की जरूरत है, लेकिन शिक्षक के साथ ऐसी बात नहीं है। अगर कुछ मिनटों की देरी से वह कक्षा में जाता है, तो किसी की जान पर खतरा नहीं है। ज्ञान पर भी असर पड़ने की गुंजाइश नहीं है। मगर कार खरीदने की सामर्थ्य डॉक्टर के पास भी है और प्राध्यापक के पास भी। इस तरह इच्छा, आवश्यकता और मांग आज गड्डमड्ड हो गए हैं।**

**आशुतोष कुमार**

इन दिनों एक कहावत हर तरफ कही-सुनी जाती है– 'जो दिखता है, वही बिकता है।' मतलब यह कि बिकने के लिए 'दिखना' जरूरी है। यह कहावत आज की 'अर्थवादी संस्कृति' की ओर इंगित करती है। साथ ही इसका निहितार्थ यह भी है कि बाजार के इस युग में मूल्य ही सर्वोपरि है। मूल्यांकन का आधार अलग-अलग हो सकता है। मूल्य सिर्फ नकद रूप में नहीं दिख सकता, लेकिन उस मूल्य की जद में अर्थ ही होता है, क्योंकि मोल तो मूल्य से ही होता है। हां, यह संभव है कि मूल्य का स्वरूप अलग हो। कोई व्यक्ति बहुत अमीर है, उसके पास काफी पैसे हैं, तो वह अपनी अमीरी दिखाने के लिए नोटों की गड्डियां सिर पर लादकर नहीं चल सकता। उसकी अमीरी उसके परिधान, उसके आभूषण, उसकी कार और दूसरे संसाधनों से आंकी जा सकती है।

दिखावे की दुनिया में पैसे के बिना रंग-रोगन नहीं चढ़ सकता। पैसे की चमक दूर से दिखती है, भले ही वह नकद रूप में न रहे। पैसे से न सिर्फ चलन बदल जाता है, बल्कि चाल भी बदल जाती है। अपनी अमीरी दिखाने के लिए लोग कोई भी उपक्रम अपनाने से बाज नहीं आते। विशेष मौकों पर यह उपक्रम अपनी पराकाष्ठा पर तो होता ही है, अन्य मौकों पर भी जहां गुंजाइश बनती है, लोग दिखावा करने से नहीं चूकते। इसके पीछे मानसिकता यह होती है कि समृद्धि और संपन्नता का आकलन कर ही व्यक्ति को समाज में प्रतिष्ठा मिलती है। कमोबेश यह सही भी है। आर्थिक युग में ऐसा संभव है। लोग मानते हैं कि पैसा सब कुछ नहीं, फिर भी बहुत कुछ है। पैसा है, तो सारे साधन और संसाधन उपलब्ध किए जा सकते हैं। यानी जिसके पास सारे संसाधन हैं या तमाम संसाधन जुटाने की क्षमता है, उसे अर्थप्रधान समाज में अपेक्षाकृत अधिक प्रतिष्ठा मिलना भी स्वाभाविक है।




इस दुनिया के अलग-अलग रंग और रूप हैं। आम मौके पर, जहां सिर्फ परिवार, समाज और सामान्य लोग ही होते हैं, वहां भी लोग अपनी श्रेष्ठता साबित करने की भरपूर कोशिश करते हैं। अर्थशास्त्र में इच्छा, आवश्यकता और मांग में अंतर बताए गए हैं, लेकिन अब अर्थ के नित्य नए शास्त्र लिखे और पढ़े जा रहे हैं। एक डॉक्टर के लिए भी कार आवश्यकता की वस्तु है और एक शिक्षक के लिए भी। डॉक्टर को मरीजों के इलाज के लिए जल्दी पहुंचना होता है। समय पर नहीं पहुंचने पर मरीज की जान भी जा सकती है, इसलिए कार डॉक्टर की जरूरत है, लेकिन शिक्षक के साथ ऐसी बात नहीं है। अगर कुछ मिनटों की देरी से वह कक्षा में जाता है, तो किसी की जान पर खतरा नहीं है। ज्ञान पर भी असर पड़ने की गुंजाइश नहीं है। मगर कार खरीदने की सामर्थ्य डॉक्टर के पास भी है और प्राध्यापक के पास भी। इस तरह इच्छा, आवश्यकता और मांग आज गड्डमड्ड हो गए हैं।

सामर्थ्य इच्छा, आवश्यकता और मांग के बीच के फासले को खत्म कर देती है। यह सामर्थ्य लोगों को सुविधाएं भी देती है और दिखावे का अवसर भी। दिखावे के पीछे सिर्फ एक ही मानसिकता होती है– अपने को श्रेष्ठ साबित करना। श्रेष्ठ साबित करने की यह मानसिकता अलग-अलग क्षेत्रों में अलग-अलग रंगों में दिखती है। यह कार से लेकर सरोकार तक दिखाई देती है। महंगी कारों के माध्यम से लोग अपनी अमीरी का प्रदर्शन करते हैं, वहीं रसूख वाले लोगों से अपने संबंधों को दिखाकर समाज में अपनी प्रतिष्ठा स्थापित करना चाहते हैं। प्रदर्शन ही प्रतिष्ठा पाने का माध्यम बन गया है। जो दिखता नहीं, वह बिकता भी नहीं। बिकने के लिए दिखना जरूरी है। वह भी सिर्फ बेहतर नहीं, उससे दो कदम आगे बेहतरीन।

प्रदर्शन का दर्शन सभा-समारोहों से लेकर मांगलिक कार्यक्रमों और सोशल मीडिया तक दिखाई देता है। जहां भी मौका मिलता है, लोग अपनी श्रेष्ठता साबित करने की कोशिश करते हैं। अक्सर देखा जाता है कि लोग सोशल मीडिया पर अपनी अत्यधिक सुविधाओं से लैस जिंदगी और तड़क-भड़क का दिखावा करते हैं। अपने जीवन की वास्तविक तस्वीरें न लगाकर वे तस्वीरें डालते हैं, जो उन्हें साधन-संपन्न होने की पुष्टि करती दिखती हैं। महंगी कारों के सामने खड़े होकर, महंगे होटल में या नकली सोना-चांदी के आभूषणों में फोटो लेकर सोशल मीडिया पर प्रदर्शित करने का चलन आम हो गया है। 'ऐसा करने में कोई बुराई नहीं, इससे किसी की क्षति तो नहीं होती, यह सिर्फ शौक है', ऐसा कहकर ऐसी हरकतों को सामाजिक स्वीकृति मिल जाती है।

यह कहना गलत नहीं होगा कि ऐसे लोग अपनी वास्तविकता से इतर सिर्फ दिखावे के लिए सोशल मीडिया पर अपनी ठसकदार तस्वीरें प्रदर्शित करते हैं। ऐसे लोगों को अपना यथार्थ स्वीकार करने में जरूर कठिनाई होती होगी। जीवन के सत्य को स्वीकारना ही सच्ची बहादुरी है। जीवन की सच्चाई को नकारना अंदर की छिपी कायरता को दिखाता है। दिखावे के पीछे का मूल कारण भी यही है। जो लोग अपने जीवन के यथार्थ और सच्चाई से कतराते हैं, वही दिखावा करते हैं।

नैतिक स्तर पर दिखावा करना किसी गुनाह से कम नहीं। नैतिकता कभी भी दिखावा करने की इजाजत नहीं देती। जो वास्तविकता है, वही दिखना चाहिए और जो दिखता है, वही अंदर भी होना चाहिए। दिखावे की दुनिया भ्रम की दुनिया होती है– अपने लिए भी और दूसरे के लिए भी। दिखावा करना अपने को भी धोखा देना है और दूसरे को भी। इसलिए दिखावा नहीं, बल्कि यथार्थ को स्वीकार करने का नैतिक आचरण अपनाना ही सच्चा सदाचार है।

## आज का कार्टून

पाकिस्तानी ड्रोन भारतीय पीएम के घर के उपर उड़ रहे थे: गृहमंत्री पाकिस्तान




## राशिफल

**मेष**
आपसे ईर्ष्या रखने वाले लोग आपकी चुगली कर सकते हैं। गलत संगत से आपको बचना चाहिये। परिवार के किसी सदस्य का स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

**वृषभ**
कार्यक्षेत्र में आप अत्यधिक सक्रिय रहेंगे। धार्मिक यात्रा करने के योग बन रहे हैं। बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त होगा। आपकी दृढ़ इच्छाशक्ति की प्रशंसा होगी।

**मिथुन**
मन में नकारात्मक विचार जन्म ले सकते हैं। जल्दबाजी में लिये गये निर्णयों के कारण परेशानी होगी। झूठ बोलने के कारण आप फँस सकते हैं।

**कर्क**
आय और व्यय में सन्तुलन बना रहेगा। लोग आपके व्यक्तित्व से प्रभावित रहेंगे। लोग अपने मन की परेशानी आपसे शेयर करेंगे। सभी कार्य समय पर पूर्ण हो जायेंगे।

**सिंह**
आप कुछ बेहतर सीखने का प्रयास करेंगे। कार्यक्षेत्र में आन्तरिक राजनीति का सामना करना पड़ सकता है। बच्चों का मन पढ़ाई से विचलित हो सकता है।

**कन्या**
आज आप अत्यधिक व्यस्त रहने वाले हैं। आर्थिक लाभ होने से मन की चिन्ता दूर होगी। नौकरी की खोज कर रहे युवाओं को सफलता मिल सकती है।

**तुला**
निजी सम्बन्धों में मजबूती आयेगी। अविवाहित लोगों का विवाह तय हो सकता है। छोटी-छोटी सफलताओं का पर्याप्त आनन्द उठायेंगे।

**वृश्चिक**
घर में धार्मिक वातावरण रहेगा। किसी विशेष व्यक्ति के द्वारा की गयी आलोचना से मन दुखी हो सकता है। सहकर्मियों के साथ अपने सम्बन्ध अच्छे रखें।

**धनु**
आपको अपना मन शान्त रखने की आवश्यकता है। प्रतिस्पर्धियों से आपको चुनौती मिल सकती है। ससुराल पक्ष की कुछ चिन्ता रहेगी। अनुसन्धान सम्बन्धी गतिविधियों में आपका मन लगेगा।

**मकर**
अपनी जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक पालन करेंगे। सहकर्मियों के साथ आपके सम्बन्ध मधुर रहेंगे। अपनी वाणी में सौम्यता बनाये रखें। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद प्राप्त हो सकता है।

**कुंभ**
रुका हुआ कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण हो जायेगा। पुरानी गलतियों से सीखने का प्रयास करें। ऑनलाइन शॉपिंग में अत्यधिक धन खर्च हो सकता है।

**मीन**
सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त होगा। निजी व्यवसाय में काम का दबाव बढ़ने वाला है। मेहनत के अनुसार परिणाम न मिलने से नाखुश हो सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### दो कारों के बीच टक्कर, कोई हताहत नहीं

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना-गया-डोभी एन एच-22 के केवड़ा ओपी स्थित पोठही के पास रविवार की दोपहर दो कारो में आमने सामने की जोरदार टक्कर में दोनों कार मे बैठे तिन लोग मामूल रूप से जख्मी हो गये. गनीमत था कि टक्कर के बाद दोनों कार मे लगे सेफ्टी बैलून खुल गये और एक बडा हादसा टल गया. बताया जाता है कि बैलून नही खुलने की स्थिति में दोनो कार सवार एक बडी दुर्घटना के शिकार हो जाते. इधर टक्कर के बाद एनएच का एक लेन आंशिक रूप से जाम हो गया , जिसे केवडा पुलिस मौके पर पहुंच कार को सड़क से हटा किनारे कराने के बाद परिचालन सामान्य किया.जानकारी के अनुसार धनरूआ थाना के अकौना निवासी अभिजीत कुमार अपनी कार से पटना की ओर से आ रहे थे, पोठही के पास सड़क मे कट होने की बजह से वे अपनी कार को एक लेन से दूसरे लेन मे घुमा लिया, इसीबीच गया की ओर से रांची के धुव्रा निवासी निशांत कुमार अपनी पत्नी के साथ पटना की ओर जा रहे थे. अभिजीत के द्वारा अचानक कार घुमाने से निशांत की कार उसमे जोरदार टक्कर मार दी. जिससे अभिजीत के कार का बाया हिस्सा का परखच्चे उडन गये.

### घर का ताला तोड़ 25 हजार नकद व चांदी की पायल की चोरी

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरुआ थाना क्षेत्र के मुस्तफापुर गांव में बंद घर का ताला तोड़कर चोरी की वारदात सामने आई है। चोर नकद 25 हजार रुपये और चांदी की पायल समेत कीमती सामान ले गए। मुस्तफापुर निवासी निवेश प्रसाद सिंह, पिता देवेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि वे सपरिवार कोलकाता में रहते हैं। 25 मई 2026 की सुबह करीब 6:30 बजे गांव के लोगों ने उनके पिता को फोन कर सूचना दी कि मकान के मुख्य दरवाजे का ताला



टूटा हुआ है।सूचना पर निवेश प्रसाद सिंह गया से करीब 10:30 बजे दिन में घर पहुंचे। देखा कि मुख्य दरवाजे के साथ तीन कमरों के ताले भी टूटे थे। घर का सामान बिखरा पड़ा था। कमरे से दो अटैची और एक छोटा बक्सा गायब था। खोजबीन के दौरान घर के पश्चिम स्थित बगीचे में दोनों अटैची और बक्सा पड़ा मिला। अटैची-बक्से से साड़ी-कपड़े निकालकर वहीं फेंक दिए गए थे। अटैची में रखे 25 हजार रुपये नकद और एक जोड़ी चांदी की पायल गायब थी।पीड़ित ने धनरुआ थाने में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### पुनपुन में 25 पुड़िया स्मैक तस्कर गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मादक पदार्थ के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुनपुन पुलिस ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई की। गुप्त सूचना पर पुनपुन पुल के पास छापेमारी कर पुलिस ने एक स्मैक तस्कर को रंगे हाथ गिरफ्तार किया। वह मौके पर ही स्मैक की पुड़िया बेच रहा था। पुनपुन थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि गिरफ्तार तस्कर का नाम चंदन कुमार है। वह आनंद लाल पासवान का बेटा है और पकड़ी गांव, पुनपुन थाना क्षेत्र का



रहने वाला है। तलाशी में उसके पास से 25 पुड़िया स्मैक बरामद हुई है।थानाध्यक्ष ने कहा कि गिरफ्तार तस्कर से पूरे नेटवर्क के बारे में पूछताछ की जा रही है। यह स्मैक कहां से लाता था, किस-किस को बेचता था और पुनपुन में इसका कितना बड़ा नेटवर्क है, इन सभी बिंदुओं पर जांच-पड़ताल जारी है। स्मैक तस्कर की गिरफ्तारी के बाद पुनपुन में स्मैक तस्करों में हड़कंप मच गई है,बहरहाल पुलिस नशे के कारोबार पर लगाम लगाने के लिए लगातार अभियान चला रही है।

### मोटरसाइकिल की डिक्की से 22 हजार रुपये की चोरी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल के सकसोहरा थाना क्षेत्र के पंजाब नेशनल बैंक शाखा से मुगलचक गांव की महिला प्रतिमा देवी अपने परिजन के साथ बैंक से 22000 हजार रुपये निकालकर मोटरसाइकिल के डिक्की में रखा और कुछ सामान की खरीदारी करने लगी। इसी दौरान घात लगाए दो शातिर चोर ने मोटरसाइकिल का डिक्की तोड़कर रुपए की चोरी करते हुए भाग निकला लेकिन चोर की करतूत सीसीटीवी में कैद हो गई है। मामले को लेकर शकसोहरा थाना की पुलिस अनुसंधान करने में जुट गई है। पीड़ित महिला ने बताया कि वह अपना कर्ज चुकाने के लिए बैंक से पैसे के निकासी करके कर्ज तोड़ने का प्रयास कर रही थी तभी सक सोहर बाजार में घटना घटित हो गई है।

### माले के वरिष्ठ नेता श्रीभगवान सिंह यादव का निधन

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भाकपा माले के वरिष्ठ नेता व अखिल भारतीय किसान महासभा के राज्य पार्षद कामरेड श्रीभगवान सिंह यादव का 24 मई की रात्रि 12 बजे निधन हो गया। वे 80 वर्ष के थे और पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। वे मसौढ़ी प्रखंड अंतर्गत नागस्थान गांव के निवासी थे और वर्तमान में मसौढ़ी के सती स्थान स्थित आवास पर रह रहे थे। किसानों के बीच वे काफी लोकप्रिय नेता थे। उनका जाना संगठन और जनता के लिए अपूरणीय क्षति है। सोमवार को उनका पार्थिव शरीर सती स्थान आवास से शव यात्रा के रूप में कश्मीर गंज होते हुए रहमतगंज स्थित शहीदे आजम भगत सिंह पार्क के पास माले कार्यालय लाया



गया। यहां अंतिम दर्शन के लिए माले, किसान महासभा और राजद के नेताओं-कार्यकताओं की भीड़ उमड़ी।श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता किसान महासभा के राज्य सचिव कामरेड उमेश सिंह ने की। सभी नेताओं व कार्यकताओं ने पार्थिव शरीर पर माल्यार्पण किया और दो मिनट का मौन रखकर शोक व्यक्त किया। सभा को माले के केंद्रीय कमेटी सदस्य व पूर्व विधायक गोपाल रविदास, पोलित ब्यूरो सदस्य व पटना ग्रामीण पश्चिम के जिला सचिव अमर, राजद के वरिष्ठ नेता प्रो. बृजनंदन सहाय, प्रखंड अध्यक्ष राकेश पंडित, माले राज्य कमेटी सदस्य कमलेश कुमार, मुख्य पार्षद प्रतिनिधि शंभू सिंह समेत राकेश नागेश्वर पासवान, अकलू पासवान, निरंजन वर्मा, कमला देवी, शशि यादव, गुड्डू अंसारी समेत दर्जनों नेताओं ने संबोधित किया। सती स्थान आवास पर उनकी धर्मपत्नी ऐपवा नेत्री उमा यादव, बेटा रजनीश, पोता शुभम कुमार, पुत्रवधू, पोती-नाती समेत परिजन मौजूद थे।

### अपहरण कर फिरौती मांगने का आरोप

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के दीघवां गांव में सोमवार को शराब छापेमारी के बाद एक्साइज पुलिस टीम पर गंभीर आरोप लगे हैं। गिरफ्तार शराब तस्करों को थाने ले जाने के बजाय अपहरण कर फिरौती मांगने का आरोप परिजनों ने लगाया है। सूचना पर अरढ मसौढ़ी और धनरुआ एवं मौके पर पहुंची। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक जांच के बाद दोनों को केवली गांव से बरामद किया गया।सोमवार करीब 3 बजे एक्साइज पुलिस की टीम एक केस के सिलसिले में दीघवां गांव गई थी। गुप्त सूचना मिली कि गांव में धड़ल्ले से शराब बन रही है। छापेमारी में 120 लीटर देसी शराब के साथ बालेश्वर यादव और उसके बेटे उदय उर्फ फुटूस को गिरफ्तार किया गया। दोनों पिता-पुत्र हैं।परिजनों का कहना है कि गिरफ्तारी के कई घंटे बाद भी एक्साइज टीम दोनों को थाने नहीं ले गई। आरोप है कि दोनों को कहीं छिपाकर रख दिया और मोबाइल से पैसे की डिमांड की गई। अपहरण की आशंका पर परिजनों ने पुलिस को सूचना दी।सूचना मिलते ही अरढ कोमल मीणा के नेतृत्व में मसौढ़ी और धनरुआ पुलिस एवं लहसुना पुलिस मौके पर पहुंची। डाटा डंप के सहारे जांच शुरू की गई। देर शाम दोनों गिरफ्तार तस्करों को केवली गांव से बरामद कर लिया गया। अरढ कोमल मीणा ने एक्साइज पुलिस की पूरी टीम को बुलाकर मामले की गंभीरता से छानबीन शुरू कर दी है। वहीं एक्साइज सुपरिटेंडेंट संजय कुमार चौधरी ने कहा, "पुलिस टीम पर जो आरोप लग रहे हैं, उसकी गंभीरता से जांच कराई जाएगी। सत्यता मिलने पर दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

# मसौढी में खाद नहीं मिलने पर किसानों ने किया हंगामा

**तीन दिनों से खाद के लिए काट रहे थे चक्कर, घंटों बाद पुलिस की मौजूदगी में किया गया खाद वितरण**





**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** खाद नहीं मिलने से एक बार फिर से किसान परेशान और हताश हैं,ऐसे में सोमवार को खाद नहीं मिलने से किसानों ने बिस्कोमान में घंटों विरोध जताया,दरअसल बिस्कोमान मसौढी में पर्याप्त खाद उपलब्ध होने के बावजूद वितरण नहीं होने से सोमवार को सैकड़ों किसान भड़क गए। आरोप है कि कर्मचारी ताला बंद कर फरार हो गए थे। बलियारी की उषा देवी, थललपुरा की पूनम देवी, खरांट के रंजीत कुमार, सुधीर चक के गुड्डू कुमार, घोरहुआं के शशि प्रकाश, जगदीशपुर के राजेश कुमार, गोढना के रामप्रवेश प्रसाद और राजेश, भदौरा के कुंदन समेत कई गांवों से किसान तीन दिन से बिस्कोमान के चक्कर काट रहे हैं। किसानों का आरोप है कि कागज जमा है, नंबर भी लगा है, लेकिन स्टाफ रोज 'आज-कल' कहकर टाल रहा है। आशंका है कि खाद की कालाबाजारी करने के लिए जानबूझकर वितरण रोका जा रहा है। वही खाद वितरण करने वाले कर्मचारियों ने कहा की पोलदार नहीं रहने की वजह से वितरण नहीं कर पा रहे हैं। बहरहाल हंगामे की सूचना पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी हर्ष पटेल ने स्थानीय पुलिस और वितरण कर्मियों को भेजा। पुलिस की मौजूदगी के बाद घंटों इंतजार कर रहे किसानों की लंबी कतार लगी और तब जाकर खाद बांटी गई।किसानों ने चेतावनी दी है कि अगर वितरण में पारदर्शिता नहीं लाई गई और कालाबाजारी पर रोक नहीं लगी तो उग्र आंदोलन होगा।

## एसएमडी कॉलेज पुनपुन के दो एनसीसी कैडेट बने अग्निवीर

**सानिया को वूमेन मिलिट्री पुलिस तो रोहित को क्लर्क पद पर मिली सफलता**



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एसएमडी कॉलेज पुनपुन, पटना की एनसीसी इकाई के दो कैडेट्स ने भारतीय सेना में जगह बनाकर कॉलेज और 29 बिहार बटालियन एनसीसी का नाम रोशन किया है। चयनित कैडेट्स में सानिया कुमारी वूमेन मिलिट्री पुलिस और रोहित कुमार अग्निवीर क्लर्क के पद पर चुने गए हैं। सफलता पर दोनों कैडेट्स ने कहा कि एनसीसी ने उन्हें अनुशासन, मेहनत और लगातार प्रयास करना सिखाया। उसी अनुशासन से तैयारी की और आज लक्ष्य तक पहुंचे।एनसीसी पदाधिकारी लेफ्टिनेंट मुकेश कुमार ने कहा कि इनके कठिन परिश्रम और उत्कृष्ट प्रदर्शन से महाविद्यालय और 29 बिहार बटालियन एनसीसी पटना गौरवान्वित हुआ है।प्राचार्य प्रो. डॉ. मधुरेंद्र ने दोनों कैडेट्स को बधाई देते हुए कहा कि एनसीसी युवाओं के समग्र विकास का सशक्त माध्यम है। इस उपलब्धि से महाविद्यालय, एनसीसी परिवार और चयनित कैडेट्स के परिजनों में खुशी का माहौल है।

## बकरीद को लेकर पालीगंज थाना परिसर में शांति समिति की बैठक



**पालीगंज (पटना)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ईद-उल-जोहा (बकरीद) पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर पालीगंज थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ सुशील कुमार एवं थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने की। बैठक में दोनों समुदायों के लोगों ने भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए बीडीओ सुशील कुमार ने मुस्लिम समाज के लोगों से साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की अपील की। उन्होंने कहा कि ऐसा कोई कार्य नहीं करें जिससे पड़ोसी या किसी अन्य समुदाय की भावना आहत हो। वहीं थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने कहा कि सभी पर्व शांति, सौहार्द और आपसी भाईचारे का संदेश देते हैं। उन्होंने लोगों से आपसी भाईचारा बनाए रखते हुए शांतिपूर्वक बकरीद पर्व मनाने की अपील की। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि सोशल मीडिया पर गलत संदेश या अफवाह फैलाने वालों पर प्रशासन की विशेष नजर रहेगी तथा ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। ज्ञात हो कि इस वर्ष बकरीद 28 मई को मनाई जाएगी। इस अवसर पर सुबह सभी मस्जिदों में नमाज अदा की जाएगी तथा कुबार्नी की रस्म अदा की जाएगी। बैठक में प्रखंड प्रमुख अनिशा देवी, मौलाना एहसान साहब, अजमल हुसैन, मो. असगर अंसारी, सुमेर सिंह, दुर्गा प्रसाद, कृष्ण गुप्ता, मधेश्वर यादव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### भूमि विवाद में मारपीट, एक की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पालीगंज नगर बाजार स्थित डीहपाली गांव में रविवार को आपसी विवाद के दौरान हुई मारपीट में एक व्यक्ति की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, रामईश्वर यादव और धर्मेंद्र यादव के बीच पूर्व से जमीनी विवाद चल रहा था। रविवार को किसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी शुरू हुई, जो देखते ही देखते हाथापाई और मारपीट में बदल गई। इसी दौरान रामईश्वर यादव अचानक गिर पड़े, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पालीगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस संबंध में पालीगंज थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार रामईश्वर यादव और धर्मेंद्र यादव के बीच आपसी झगड़े में हाथापाई के दौरान रामईश्वर यादव गिर गए, जिससे उनकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि अब तक मृतक के परिजनों की ओर से कोई लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है।

## मोकामा में बिहार पुलिस की 652 महिला सशस्त्र बल का भव्य दीक्षांत परेड समारोह संपन्न



**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ग्रुप केंद्र सीआरपीएफ, मोकामा घाट में सोमवार को बिहार पुलिस की 652 महिला सशस्त्र बल का 36 सप्ताह के विशेष प्रशिक्षण के बाद भव्य दीक्षांत परेड समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर बिहार पुलिस के महानिदेशक (प्रशिक्षण) निर्मल कुमार आजाद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने परेड का निरीक्षण किया और सभी प्रशिक्षु महिला जवानों को राष्ट्र सेवा की शपथ दिलाई। अपने संबोधन में डीजी आजाद ने कहा, "यह सिर्फ एक नियुक्ति नहीं, बल्कि राष्ट्र सेवा, जनसुरक्षा, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा का पवित्र संकल्प है।" उन्होंने सीआरपीएफ द्वारा दिए गए उत्कृष्ट प्रशिक्षण की भी सराहना की। सभी प्रशिक्षु आरक्षियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।समारोह में प्रशिक्षु महिला बलों ने कई आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। 'ऑपरेशन सिंदूर' सहित विभिन्न विषयों पर झांकियां निकाली गईं। महिला जवानों ने आँखों पर काली पट्टी बांधकर एके-47 जैसे हथियार को लोड-अनलोड करने का हैरतअंगेज प्रदर्शन कर सबका ध्यान खींचा। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 6 महिला जवानों को पुरस्कृत किया गया। सम्मान पाने वालों में जूही कुमारी, निशा रानी, स्वीटी कुमारी, अंजना प्रियदर्शी, साक्षी सिंह और दीपा राज शामिल रहीं। सीआरपीएफ बिहार सेक्टर के पुलिस महानिरीक्षक राजकुमार ने मुख्य अतिथि डीजी निर्मल कुमार आजाद को स्मृति चिह्न भेंट किया। महानिरीक्षक सीआरपीएफ रविन्द्र भगत ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर ग्रामीण एसपी कुंदन कुमार, बाढ़ एसडीपीओ राम कृष्णा, सर्किल इंस्पेक्टर संजय कुमार, मोकामा थानाध्यक्ष कुणाल कुमार, मराँची थानाध्यक्ष अवधेश कुमार सहित भारी संख्या में पुलिस बल और सीआरपीएफ के अधिकारी मौजूद थे। 36 सप्ताह के कठिन प्रशिक्षण के बाद अब ये 652 महिला जवान बिहार पुलिस में शामिल होकर कानून-व्यवस्था और जनसुरक्षा की जिम्मेदारी संभालेंगी।

## बकरीद को आपसी सौहार्द के साथ मनाने की अपील

**मसौढ़ी में अनुमंडल स्तरीय एसडीएम ने की शांति समिति की बैठक**



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ईद-उल-जोहा बकरीद को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर अनुमंडल स्तरीय शांति समिति की बैठक एसडीएम अभिषेक कुमार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में एएसपी कोमल मीणा समेत सभी बीडीओ, सीओ, थानाध्यक्ष और नगर कार्यपालक पदाधिकारी मौजूद रहे। एसडीएम अभिषेक कुमार ने स्पष्ट किया कि किसी भी नई परंपरा की अनुमति नहीं दी जाएगी। खुले में जानवरों की कुबार्नी पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। उल्लंघन करने वालों पर कानूनी कार्रवाई होगी। उन्होंने सरकार के दिशा-निदेर्शों का कड़ाई से पालन कराने का निर्देश दिया। एसडीएम ने मुस्लिम बंधुओं से अपील की कि साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दें। कोई ऐसा काम न करें जिससे पड़ोसी आहत हो। कहा कि सभी पर्व आपसी भाईचारा और सौहार्द का संदेश देते हैं। एएसपी कोमल मीणा ने कहा कि शरारती तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर है। अमन-चैन में खलल डालने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा। लोगों से अपील की कि संदिग्ध गतिविधि दिखते ही 112 पर तुरंत सूचना दें।बैठक में तय हुआ कि सभी पदाधिकारी अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर हर गतिविधि पर नजर रखेंगे। संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी, साफ-सफाई, पेयजल, बिजली, यातायात और सोशल मीडिया मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी संबंधित विभागों को दी गई। सभी विभागों को आपसी समन्वय से काम करने का निर्देश दिया गया। बैठक में मसौढ़ी बीडीओ प्रभाकर कुमार, सीओ प्रभात रंजन, धनरूआ बीडीओ सीमा कुमारी, सीओ श्वेता कुमारी, पुनपुन बीडीओ उदय कुमार, सीओ ममता कुमारी, कार्यपालक पदाधिकारी राजू रंजन समेत सभी थानाध्यक्ष मौजूद रहे। समाजसेवियों में संजय केसरी, लालमोहन सिंह, मसूद राजा, सुनील ग्वास्कर, सुनील कुमार वर्मा, अनिल साहनी समेत कई लोग शामिल हुए।

## दरधा नदी में डूबने से बच्चे की मौत, परिवार में मातम का माहौल



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरुआ थाना क्षेत्र के सांडा पंचायत स्थित रसूलपुर गांव में सोमवार की शाम दर्दनाक हादसा हो गया। दरधा नदी में स्नान करने गए 9 साल के बच्चे की डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान शिवम कुमार, पिता संजीत पासवान के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि शिवम सोमवार करीब 3 बजे अपने भाई के साथ रसूलपुर दरधा नदी में नहाने गया था। नहाने के दौरान वह गहरे पानी में चला गया। सांस फूलने से दम घुट गया और पानी में डूब गया।साथ गए भाई ने शोर मचाकर लोगों को सूचना दी। ग्रामीणों ने तुरंत नदी से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना के बाद पूरे परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर सांडा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सुनील कुमार चौधरी ऊर्फ डब्ल्यू मौके पर पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया और यथासंभव मदद का भरोसा दिया। धनरुआ पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन कर रही है।

## हमें स्मार्ट सिटी नहीं, स्मार्ट गांव चाहिए - पाटलिपुत्र कॉम्प्लेक्स के विरोध में पुनपुन बाजार बंद





**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पाटलिपुत्र ग्रीन फील्ड कॉम्प्लेक्स के विरोध में सोमवार को पुनपुन का पूरा बाजार बंद रहा। किसानों के समर्थन में दुकानदारों ने शटर गिरा दिए। सब्जी मंडी, चूड़ी मार्केट और आभूषण की दुकानें भी पूरी तरह बंद रहीं। विरोध कर रहे किसानों ने कहा कि हमें स्मार्ट सिटी नहीं, स्मार्ट गांव चाहिए। सरकार को इस योजना पर पुनर्विचार करना चाहिए। किसान के लिए खेती ही सब कुछ है। जमीन चली गई तो पूरा परिवार सड़क पर आ जाएगा।आंदोलनकारियों का कहना है कि सरकार अगर पाटलिपुत्र कॉम्प्लेक्स बनाना चाहती है तो बंजर जमीन पर निर्माण करे। कृषि योग्य जमीन छीनकर किसानों का जीवन बर्बाद करने पर सरकार तुली है।किसानों ने दावा किया कि पुनपुन की करीब 81000 एकड़ जमीन उपजाऊ और खेती योग्य है। हम विकास के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन विकास का मतलब यह नहीं कि किसानों के हाथ पंगु कर उनका जीवन बर्बाद कर दिया जाए।विरोध प्रदर्शन के दौरान किसानों ने बाजार में मार्च निकाला। चेतावनी दी कि अगर मांग नहीं मानी गई तो आने वाले दिनों में चक्का जाम कर पुरजोर तरीके से आंदोलन किया जाएगा।

## शिवलिंग के ऊपर लगे नाग की चोरी कर रहे युवक को जनता ने किया पुलिस के हवाले

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के सदर बाजार इलाका स्थित पत्थर शिव मंदिर और खान साहब घाट शिव मंदिर के शिवलिंग पर रखे गए तांबे का नाग बाजार के ही एक नसेरी शंकर कुमार नामक युवक ने मंदिर में घुसकर नाग देवता की चोरी कर ली। स्थानीय लोगों ने उसे चोरी करते हुए देख लिया और पकड़ कर 112 पुलिस को फोन करके बुलाया और बाढ़ थाना पुलिस के हवाले कर दिया लेकिन पुलिस ने ना कोई कार्रवाई की और चोर को छोड़ दिया। जिसको लेकर लोग काफी नाराज नजर आए। स्थानीय लोगों का कहना है कि एक तो चोर को मारपीट से बचाया गया और कार्रवाई के लिए पुलिस के हवाले किया गया लेकिन पुलिस बिना किसी कार्रवाई के चोर को छोड़ दिया, मामले पर बाढ़ थाना की पुलिस चुप्पी साधे हुए हैं।

# चंडासी का चमकता सितारा: नवीन इलेवन ने 10 विकेट से जीता शहीद विजय सीजन-4 का खिताब

**फाइनल बना एकतरफा, अमन यादव के बल्ले ने उगली आग, तोप किंग्स 10 विकेट से ढेर ● सरथुआ का रेलवे ग्राउंड गवाह बना खेल भावना का गवाह**




**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहीद विजय क्रिकेट प्रतियोगिता सीजन-4 का सरथुआ रेलवे ग्राउंड में रविवार देर रात रंगारंग समापन हुआ। फाइनल में नवीन इलेवन चंडासी ने तोप सुपर किंग्स को 10 विकेट से करारी शिकस्त देकर चमचमाती ट्रॉफी, मोमेंटो और एक लाख रुपये की नकद राशि पर कब्जा जमा लिया।

**मैच रिपोर्ट: अमन-शहबाज की जोड़ी ने उड़ाए तोप के परखच्चे**

दूसरे सेमीफाइनल जैसा रोमांच फाइनल में देखने को नहीं मिला। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए तोप सुपर किंग्स बड़ा स्कोर खड़ा करने में नाकाम रही। जवाब में नवीन इलेवन चंडासी के ओपनर अमन यादव ने 11 गेंद में 45 रन और शहबाज मैक्सी ने 12 गेंद में 27 रन की तूफानी पारी खेलकर फटाफट अंदाज में मैच खत्म कर दिया। अमन के लगातार लंबे-लंबे छक्कों पर दूधिया रोशनी में नहाए ग्रीनटॉप ग्राउंड में दर्शकों की तालियां गूंजती रहीं। सेमीफाइनल के हीरो, फाइनल में फेल: तोप किंग्स के सौरभ लाला ने सेमीफाइनल में आखिरी ओवर में सुमित इलेवन पटना से जीत छीनी थी, लेकिन फाइनल में वे सिर्फ 7 रन बना सके।

**पुरस्कारों की बौछार:** अमन बने 'मैन ऑफ द सीरीज'

**विजेता:** नवीन इलेवन चंडासी- ट्रॉफी + मोमेंटो + 1 लाख रुपये

**उपविजेता:** तोप सुपर किंग्स- 51 हजार रुपये + शील्ड

**मैन ऑफ द सीरीज:** अमन यादव -32 इंच एलईडी टीवी

**'टीम वर्क की जीत, सद्भावना की मिसाल'**

आयोजन समिति के मुकेश कुमार के लगन और हौसले ने इस टूनार्मेंट को पटना जिले में नई पहचान दी। उनके साथ ई. विक्कू रंजन, अंबर पटेल, अविनाश कुमार, मंटू कुमार, रवि रंजन, गणतंत्र, रवि कुमार, रंजन कुमार, सुमित कुमार की टीम ने दिन-रात एक कर कार्यक्रम को सफल बनाया। पूर्व एमएलसी वाल्मीकि सिंह, जदयू प्रखंड अध्यक्ष नवनीत कुमार, पैक्स अध्यक्ष मुन्ना कुमार, मनोज पटेल, मोहाबी कुमार, डॉ. राजीव नयन, सुधीर कुमार सिंह, उपेंद्र चौधरी, सोनू कुमार समेत कई गण्यमान्य लोगों ने मैदान में मौजूद रहकर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।

**दूधिया रोशनी में पनपा भाईचारा**

तेज पुरवाई हवा के झोंकों के बीच रेलवे ग्राउंड पर क्रिकेट का लुत्फ उठाना दर्शकों के लिए खूबसूरत एहसास रहा। आयोजन मंडल के मुकेश कुमार ने कहा, "ऐसे खेल आयोजनों का मकसद सिर्फ ट्रॉफी नहीं है। हम समाज में प्रेम, मैत्री, सद्भावना बढ़ाना चाहते हैं और युवाओं को टीम भावना से काम करने की प्रेरणा देना चाहते हैं।"

## संक्षिप्त समाचार

### नामांकन में ज्यादा शुल्क वसूली को लेकर छात्रों का प्रदर्शन

**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** श्री नारायण सिंह महाविद्यालय के प्रांगण में सोमवार को महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने नामांकन में प्रति सेमेस्टर ज्यादा शुल्क वसली को लेकर सोमवार को एनएसयूआई के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन का नेतृत्व एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष आशीष कुमार ने किया। छात्र-छात्राओं के मुख्य मांगे में नामांकन में 300 रूपया प्रति सेमेस्टर में प्रॉस्पेक्टस के नाम पर अवैध वसूली को बंद किया जाए, नामांकन में छात्राओं तथा एससी/एसटी के छात्रों को बिहार सरकार के नियम के अनुसार विशेष छूट प्रदान किया जाए, नामांकन शुल्क में ली जाने वाली राशि का विवरण सार्वजनिक किया जाए शामिल हैं। एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष आशीष कुमार ने बताया कि धरना प्रदर्शन कर नामांकन पर रोक लगवा दी गई है महाविद्यालय के प्राचार्य के साथ बातचीत के बाद ही महाविद्यालय में छात्रों का नामांकन शुरू होगा ।धरना प्रदर्शन में मो इकराम, आर्यन राज,मयंक कुमार, रिशु बाबू, कृषि राज, प्रिंस गुप्ता,आयुष कुमार, रौशन कुमार, रमन रेड्डी, जय शिखा, पूजा, अर्पिता, अंजली सहित एनएसयूआई के कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्रा शामिल थे।



### विशेष समकालीन अभियान के तहत तीन गिरफ्तार

**कोटवा (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र में अपराध नियंत्रण एवं फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी को लेकर चलाए जा रहे विशेष समकालीन अभियान के तहत पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अलग-अलग मामलों में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। थानाध्यक्ष मुकेश कुमार के नेतृत्व में चलाए गए अभियान के दौरान पुलिस ने हत्या के प्रयास एवं मारपीट मामले के नामजद प्राथमिक अभियुक्त आमवा गांव निवासी जुल्फी ठाकुर को गिरफ्तार किया। इसके अलावा न्यायालय द्वारा जारी कुर्की कार्रवाई में सोवैया गांव निवासी शंभू साह ने आत्मसमर्पण किया। वहीं लंबित वारंट के निष्पादन के दौरान पुलिस ने कोटवा कझिया गांव निवासी सुरेंद्र यादव को गिरफ्तार किया।थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि क्षेत्र में अपराध पर नियंत्रण, फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी तथा न्यायालय से जुड़े मामलों के निष्पादन को लेकर विशेष अभियान लगातार जारी रहेगा। पुलिस की लगातार कार्रवाई से क्षेत्र में अपराधियों के बीच हड़कंप का माहौल बना हुआ है।



### टीबी मुक्त भारत कार्यक्रम के तहत सीएचओ की बैठक

**रक्सौल (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रामगढ़वा प्रखण्ड के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामगढ़वा में सोमवार को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ नितेश ध्वज सिंह की अध्यक्षता में 100 दिवसीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम की गहन समीक्षा की गयी जिसमें उन्होंने सभी मरीजों का स्क्रीनिंग करते हुए संभावित मरीजों को जाँच के लिए भेजने को कहा गया एवं हेल्थ वेलनेस सेंटर में आने वाले मरीजों विशेषकर टीबी मरीज के संपर्क में रहने वाले लोगों को, गर्भवती, धात्रि, तंबाकू सेवन करने वाले, मधुमेह, बीपी, कैंसर, के मरीजों का स्क्रीनिंग अनिवार्य रूप से करें,साथ ही इस कार्यक्रम में जन भागीदारी की भी चर्चा की गई, इस दौरान मौजूद वरीय उपचार पर्यवेक्षक पप्पू कुमार राय ने सभी सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी को निःक्षय एप्प पर संभावित मरीजों की जानकारी एंट्री करने के बारे में विस्तृत जानकारी दी एवं अभी तक के उपलब्धि को साझा किए गए एवं इसमें प्रगति लाने को कहा गया। बैठक में प्रखण्ड स्वास्थ्य प्रबंधक अवनीश कुमार,वरीय उपचार पर्यवेक्षक पप्पू कुमार राय,प्रखण्ड अनुश्रवण ब्रजेश ओझा,बीसीएम आशुतोष कुमार,सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी झुना यादव,विजय कुमार, रवि जाटव,समेत अन्य सीएचओ मौजूद थे ।



### ट्रेन से गिरकर किशोर समेत दो की मौत

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रेल थाना क्षेत्र में शनिवार को दो अलग-अलग घटनाओं में ट्रेन से गिरकर एक किशोर समेत दो लोगों की मौत हो गई। दोनों मृतकों की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है।पहली घटना बरहपुर हाल्ट के समीप हुई। यहां एक 12 वर्षीय किशोर अज्ञात ट्रेन से गिर गया। स्थानीय लोगों ने घायल किशोर को तुरंत ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे पटना रेफर कर दिया, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। दूसरी घटना देर शाम लेमुआबाद इलाके में हुई। यहां एक युवक ट्रेन से गिर गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।मोकामा रेल थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि दोनों मृतकों की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस ने दोनों शवों का पोस्टमार्टम करवा दिया है और शवों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। आसपास के थानों को भी सूचना भेज दी गई है।

### ट्रक की चपेट में आने से साइकिल सवार की मौत

**कोटवा (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के बेलवा माधो चौक पर रविवार की सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में साइकिल सवार युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान डुमरियाघाट थाना क्षेत्र के नारायणा पुर गांव निवासी फुलेना यादव का 18 वर्षीय राम कौलेश यादव के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार,मृतक बेलवा माधो चौक से अपने घर जाने के लिए साइकिल से एनएच पार कर रहा था।इसी दौरान पिपराकोठी के तरफ से डुमरिया घाट के तरफ जा रही एक तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आ गया और घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई।आक्रोशित लोग लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं के स्थाई निदान के लिए सड़क जाम कर दिया। सूचना पर 112 की टीम और कोटवा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों के सहयोग से जाम हटवा यातायात सुचारू शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को भी जब्त कर लिया है। घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से सड़क सुरक्षा को लेकर ठोस कदम उठाने की मांग की है। थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।स्थानीय लोगों को समझा बुझा कर आधे घंटे के अंदर यातायात सुचारू कर दिया गया है।



### तालाब में डूबने से कक्षा-6 के छात्र की मौत

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा थाना क्षेत्र के नगर पंचायत एकमा बाजार के वार्ड संख्या चार स्थित भटोली गांव निवासी अजय यादव 11 वर्षीय पुत्र आदित्य कुमार यादव की तालाब में डूबने से सोमवार को मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया और पूरे गांव में मातम पसरा है। बताया जाता है कि भटोली गांव निवासी अजय यादव का इकलौता पुत्र आदित्य कुमार यादव सोमवार की सुबह घर से निकला था। इसी दौरान भीषण गर्मी से राहत के उद्देश्य से वह गांव के दो अन्य बच्चों के साथ राजापुर गांव स्थित एक तालाब में नहाने चला गया। नहाने के दौरान तीनों बच्चे गहरे पानी की ओर चले गए। बताया जाता है कि उक्त तालाब को पूर्व में मछली पालन और सिंघाड़ा की खेती के लिए भुईली गांव के काश्तकारों से राजापुर निवासी एक व्यक्ति द्वारा लिया गया था। स्थानीय लोगों के अनुसार तालाब में पानी काफी गहरा था तथा अंदर कीचड़ और दलदल होने के कारण आदित्य उसमें फंस गया, जिससे उसकी मौत हो गई। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए दो बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, लेकिन आदित्य को बाहर निकालने में देर हो गई। परिजन और ग्रामीण उसे तत्काल इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, एकमा ले गए, जहां चिकित्सक डॉ. आयुष्मान कुमार ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों को भरोसा नहीं होने पर वे उसे एक निजी क्लिनिक भी ले गए, लेकिन वहां भी चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक आदित्य हंसराजपुर मध्य विद्यालय में कक्षा छह का छात्र था और पढ़ाई में अच्छा बताया जाता था। वह अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था। उसकी एक बड़ी और एक छोटी बहन भी है। पिता अजय यादव बाहर रहकर एक निजी कंपनी में काम करते हैं।



# जनजातीय गरिमा उत्सव जन भागीदारी अभियान का समापन

## सबसे दूर सबसे पहले का डी ब्रीफिंग आयोजित

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जनजातीय गरिमा उत्सव 2026 के अंतर्गत 'जन भागीदारी अभियान - सबसे दूर, सबसे पहले' का 'डी ब्रिफिंग' आयोजित की गई। इस क्रम में पूर्वी चंपारण जिले में जनजातीय गरिमा उत्सव 2026 के अंतर्गत दिनांक 18 मई 2026 से 25 मई 2026 तक 'जन भागीदारी अभियान- सबसे दूर, सबसे पहले' के सफलतापूर्वक समापन होने उपरांत डी ब्रिफिंग के माध्यम से समीक्षा की गई। बैठक में जनजातीय गरिमा उत्सव से संबंधित विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा ,कार्यों के समुचित मूल्यांकन, अनुभवों के आदान-प्रदान एवं भविष्य के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दी गई।



अभियान का उद्देश्य जनजातीय समुदायों तक सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं की पहुँच सुनिश्चित करना तथा उन्हें लाभान्वित किया जाना था। अभियान के दौरान कल्याणपुर एवं केसरिया प्रखंडों में कुल 13 शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में कुल 1009 लोगों की सक्रिय सहभागिता रही। अभियान के तहत आयोजित 5 मेडिकल कैंपों में कुल 405 लाभार्थियों को स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान की गईं। साथ ही विभिन्न सरकारी योजनाओं से संबंधित कुल 92 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 72 आवेदनों का निष्पादन एवं हकदारी वितरण किया गया, शेष 20 आवेदनों का यथाशीघ्र निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। सूचना, शिक्षा एवं संचार गतिविधियों के के माध्यम से व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। इस क्रम में कुल 52 फोटो आदि प्रसारण पोर्टल पर तथा 57 फोटो गूगल ड्राइव पर अपलोड किए गए। इसके अतिरिक्त कुल 8 स्थानों पर दीवार लेखन/पेंटिंग के माध्यम से जन-जागरूकता फैलायी गयी। अभियान के दौरान दिनांक 20.5.2026 को ग्राम भ्रमण के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं को सुना गया तथा उनके समाधान हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की गई । 21.5.2026 को कल्याणपुर प्रखंड अंतर्गत सामुदायिक भवन , दरमहा एवं केसरिया प्रखंड के बैरिया वार्ड नंबर 07 तथा 23.05.2026 को पंचायत सरकार भवन सरोतर में जन सुनवाई कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।इसके माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं को सुना गया तथा उनके समाधान हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की गई। जिला प्रशासन ने इस अभियान की सफलता में सहयोग देने वाले संबंधित विभागों, जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय ग्रामीणों के प्रति आभार व्यक्त किया है तथा कहा है कि भविष्य में भी जनजातीय समुदायों के सर्वांगीण विकास हेतु ऐसे प्रयास जारी रहेंगे। मौके पर मुकेश कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता, राजस्व, संतोष कुमार पांडेय, जिला कल्याण पदाधिकारी मोतिहारी, ज्ञानेश्वर प्रकाश जिला जनसंपर्क पदाधिकारी मोतिहारी, संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी, संबंधित प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, संबंधित प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी , विकास मित्र एवं अन्य उपस्थित थे।

# रेलवे स्टेशन पर मुंगेर सेवा मंच ने की पानी पिलाकर यात्रियों की सेवा

## गर्मी और तपती धूप के बीच मुंगेर सेवा मंच ने प्रस्तुत किया मानव सेवा का कार्य

**जमालपुर (मुंगेर)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गर्मी और तपती धूप के बीच मानव सेवा की मिसाल प्रस्तुत करते हुए मुंगेर सेवा मंच द्वारा जमालपुर स्टेशन पर ब्रह्मपुत्र मेल एवं साहिबगंज इंटरसिटी के यात्रियों ठंड एवं शीतल पानी पिलाकर सेव यात्रियों के चेहरे पर मुस्कान दिख रहा था। वही पानी पिलाकर सेवा करने वाले मुंगेर मंच के तमाम कार्यकताओं में समर्पण और मुस्कान साफ रूप से देखा जा रहा था। इधर मानव सेवा का कार्य को देखकर ट्रेन में बैठे यात्री मुंगेर सेवा मंच के कार्यों की




किया। जमालपुर स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या एक पर जैसे ही ब्रह्मपुत्र मेल एवं साहिबगंज इंटरसिटी ट्रेन पहुंची तो मुंगेर सेवा मंच के कार्यकताओं ने सील बंद बोतल का पानी ट्रेन में बैठे यात्रियों को पिलाना शुरू किया। बढ़ती गर्मी के बीच यात्रियों को निशुल्क पानी वितरण करने की इस पहल की सराहना रेल अधिकारी से लेकर यात्रियों ने किया। इधर ठंड एवं शीतल पानी का निशुल्क सेवा देखकर जमकर सरवाना करते हुए उन्हें थैंक यू बोला।कार्यक्रम को सफल बनाने में स्टेशन अधीक्षक दीपक कुमार, हेल्थ इंस्पेक्टर पंकज कुमार एवं भवानी सिंह ने अपने सहयोगियों के साथ महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। रेलवे प्रशासन द्वारा मिले सहयोग एवं सकारात्मक समन्वय के कारण यह सेवा कार्य व्यवस्थित रूप से संपन्न हो सका। मौके पर संजय बबलू सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### सचिव द्वारा पैनल अधिवताओं के साथ महत्वपूर्ण बैठक

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार मोतिहारी के सचिव नितिन त्रिपाठी द्वारा नव निर्वाचित पैनल अधिवक्ताओं के साथ सचिव के कक्ष में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में विधिक जागरूकता कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संचालित करना, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करना तथा जरूरतमंद एवं वंचित वर्ग तक निःशुल्क विधिक सहायता की पहुंच को और सुदृढ़ बनाना था। बैठक के दौरान सचिव ने सभी पैनल अधिवक्ताओं को निर्देशित किया कि वे ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में नियमित रूप से विधिक जागरूकता शिविर आयोजित करें तथा महिलाओं, बच्चों, वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों, श्रमिकों एवं अन्य कमजोर वर्गों को NALSA की विभिन्न योजनाओं की जानकारी सरल एवं प्रभावी तरीके से उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि विधिक सेवा संस्थाओं का उद्देश्य केवल न्यायालयों तक सीमित न होकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय की पहुंच सुनिश्चित करना है ।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की सफलता को लेकर पतंजलि योग समिति की बैठक

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महिला पतंजलि योग समिति मुंगेर बिहार दक्षिणी की एक विशेष बैठक बड़ी दरियापुर, जमालपुर स्थित राज्य सोशल मीडिया प्रभारी पूनम विजय के आवास पर आयोजित की गई। अध्यक्षता जिला प्रभारी स्मिता देवी ने की। बैठक में आगामी 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी, दैनिक योग कक्षाओं को अधिक प्रभावी बनाने, संगठन विस्तार तथा महिला पतंजलि योग समिति ऐप के माध्यम से नियमित रिपोर्टिंग को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। तथा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 13 से 18 अगस्त तक हरिद्वार में आयोजित योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर में जमालपुर व मुंगेर जिला से हजारों की संख्या में योग प्रेमी हिस्सा लेंगे। इसके लिए प्रचार-प्रसार और अभियान चलाया जाएगा। मौके पर पूनम विजय ने योग के महत्व पर प्रकाश डाला, तथा कहा कि नियमित योग करने से शरीर स्वस्थ रहता है, मन शांत रहता है और रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है। योग व्यक्ति के जीवन



में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है तथा परिवार और समाज दोनों को खुशहाल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि आज के तनावपूर्ण जीवन में योग ही बेहतर स्वास्थ्य और मानसिक संतुलन का सबसे सशक्त माध्यम बन चुका है। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला प्रभारी स्मिता देवी ने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति और संस्कार का महत्वपूर्ण हिस्सा है। योग सेवा, अनुशासन और संस्कार के प्रचार-प्रसार के लिए सभी महिलाओं को अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वस्थ समाज और स्वस्थ भारत के निर्माण में योग की अहम भूमिका है। महामंत्री शर्मिला जी ने संगठन को मजबूत बनाने के लिए सदस्यता विस्तार पर जोर दिया। उन्होंने महिलाओं से ऑनलाइन योग कक्षाओं से जुड़कर नियमित प्रशिक्षण लेने की अपील की। वहीं हवेली खड़गपुर तहसील प्रभारी शैल अग्रवाल ने कहा कि महिलाएं घर और परिवार की जिम्मेदारियों में सबसे अधिक मेहनत करती हैं, इसलिए उन्हें अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना चाहिए और योग को दैनिक जीवन में अपनाना चाहिए। मौके पर कोषाध्यक्ष दीपा शर्मा, युवती प्रभारी प्रज्ञा दीप, मीना शर्मा, संगीता कुमारी, बिंदु कुमारी, सीमा कुमारी, अनीता शर्मा सहित कई उपस्थित थीं।

# कोटवा के युवक की तमिलनाडु में बिजली की चपेट में आने से मौत

## गांव में शव पहुंचते ही परिजनों में मची चीख पुकार, चार वर्षीय सिद्धार्थ ने दी मुखाग्नि

**कोटवा (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के मच्छरगवा पंचायत के नान्हकार वार्ड नंबर -7 के एक युवक की तमिलनाडु में बिजली के चपेट में आने से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।रविवार संध्या ज्यों ही उसका शव लेकर एंबुलेंस पहुंचा तो परिजनों में चीख पुकार मच गया। पत्नी, मां और पिता का रो रो कर बुरा हाल था।गांव के लोग अपने एक युवक को ऐसे देख दुखी थे।गांव में मानो मातमी सन्नाटा छा गया था। घटना के संबंध में बताया गया है कि नान्हकार निवासी राम विनय दास का 26 वर्षीय पुत्र हिमांशु कुमार दास अपने परिवार के भरण पोषण करने के लिए तमिलनाडु के तिरुचि जिला के तबराम कूची में पेंटर का काम करता था। 21 मई गुरुवार को एक मकान का छज्जा पर पेंट कर रहा था।इसी दौरान घर के बगल से 11 हजार वोल्ट की तार के चपेट में आ गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। गांव में सूचना पहुंचते ही घर में कोहरा मच गया उसके पत्नी एवं उसके माता-पिता का रो-रो कर बुरा हाल हो गया।रविवार की संध्या जैसे ही एम्बुलेंस मृतक हिमांशु दास का शव घर पहुंचा,घर मे कोहराम मच गया आसपास के लोग इकट्ठा हो गये उसके दो छोटे छोटे 4 वर्ष एवं 11 माह बच्चे हैं। आसपास के लोगों की उसे देख आंखें नम हो गई। खास कर जब 4 वर्षीय पुत्र सिद्धार्थ ने पिता की मुखाग्नि दी वहां खड़े लोग इस हृदय विदारक दृश्य को देख अपने आसूं रोक नहीं पाए। लोग अब यही कह रहे थे कि उस बच्चे क्या होगा जिसका 4 वर्ष की उम्र में पिता साया उठ गई । हलाकि स्थानीय विधायक सचिंद्र प्रसाद सिंह भी मौके पर पहुंच कर परिवार को हर संभव सहायता देने का भरोसा दिलाया। घटना के संबंध में मच्छरगांवा पंचायत के स्थानीय मुखिया पूनम देवी एवं उनके पति अनिल सिंह ने घटना पर दुख व्यक्त की। करते हुए मदद की बात कही है।



### दो हादसों में दो की मौत, एक की पहचान नहीं

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्वी चंपारण जिला में पिछले 24 घंटे के दौरान हुई दो अलग-अलग दुर्घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को बताया कि सुगौली थाना क्षेत्र के छपवा स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग-28ए पर रविवार देर रात अज्ञात वाहन की चपेट में आने से करीब 50 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान अब तक नहीं हो सकी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं दूसरी घटना रक्सौल-दरभंगा रेलखंड के गुरहनवा स्टेशन के समीप हुई, जहां चलती ट्रेन से गिरकर एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान घोड़ासहन थाना क्षेत्र के लौखान गांव निवासी 26 वर्षीय मुस्तफा के रूप में की गई है।

# जनसुनवाई के प्रति गंभीर दिख रहे हैं जिलाधिकारी



**मुंगेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं संवेदनशील समाधान के उद्देश्य से संचालित जन समाधान सह जन सुनवाई कार्यक्रम के तहत जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पाणीकर ने समाहरणालय में आयोजित जन संवाद में नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना।उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को प्रत्येक मामले में तत्परता एवं पारदर्शिता के साथ कार्रवाई सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए।जन सुनवाई में कुल 13 फरियादियों ने अपनी समस्याएं जिलाधिकारी के समक्ष रखीं। प्राप्त आवेदनों में अधिकांश मामले भूमि विवाद से संबंधित थे, जिन पर जिलाधिकारी ने संबंधित अंचल एवं राजस्व पदाधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर जांच कर शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस दौरान कई मानवीय संवेदनाओं से जुड़े मामले भी सामने आए, जिसका जिलाधिकारी द्वारा त्वरित समाधान किया गया। नौवागढ़ी बजरंगबली नगर निवासी मसोमात नगीना देवी ने अपने बेटे बहु पर उनके साथ मारपीट करने कि शिकायत की। पिंकू कुमार ने कुतलुपुर वार्ड संख्या पांच में 60 परिवारों को अब तक नल जल योजना का लाभ नहीं मिलने और इस भीषण गर्मी में पेय जल की व्यवस्था कराने की मांग की। एचडब्लूसी सिंघिया में कार्यरत एएनएम सिम्मी कुमारी ने अपने दो माह के बकाये वेतन के भुगतान का अनुरोध किया। दरियापुर निवासी अनूप कुमार ने सदर अंचलाधिकारी एवं कर्मचारी पर उनकी द्वारा ऑनलाइन परिमार्जन करने के बावजूद भी अब तक उनका परिमार्जन नहीं करने की शिकायत की। जिलाधिकारी ने सभी आवेदनों पर तत्काल संज्ञान लेते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को जांचोपरान्त उचित कार्रवाई के निदेश दिए।

# स्कूल-कॉलेज की छात्राओं की सुरक्षा को लेकर आयोजित हुआ पुलिस दीदी कार्यक्रम

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जमालपुर थाना क्षेत्र के स्कूल कॉलेज में थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान के नेतृत्व में पुलिस दीदी का कार्यक्रम चलाकर छात्र-छात्राओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। शहर के हर देवी तुलसी उच्च विद्यालय परिसर में पुलिस दीदी के कार्यक्रम के दौरान थानाध्यक्ष एवं पुलिस दीदी कंचन यादव ने छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने और उन्हें अपने अधिकारों व कानूनों के प्रति जागरूक करने के लिए चलाई जा रही एक विशेष पुलिस पहल है।यह महिला सुरक्षा को मजबूत करने के लिए व्यापक स्तर पर लागू करने को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस दीदी कंचन यादव ने यह भी बताया कि इसके तहत महिला पुलिसकर्मियों को विशेष रूप से तैनात किया जाता है जो स्कूटी के माध्यम से स्कूल, कॉलेज और कोचिंग संस्थानों आने जाने वाली छात्राओं को सुरक्षा देने का करती है। उन्होंने यह भी बताई की पुलिस दीदी' छात्राओं के सीधे संपर्क में रहती हैं ताकि वे बिना किसी डर के अपनी शिकायतें या समस्याएं साझा कर सके। इधर समय-समय पर शिक्षण संस्थानों में जाकर पुलिस अधिकारी छात्राओं को महिला सुरक्षा कानूनों, साइबर सुरक्षा और आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारी दिए।



### जनगणना कार्य को लेकर बीडीओ ने की बैठक

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित सूचना एवं प्रौद्योगिकी भवन के सभागार में बीडीओ डॉ. संजय कुमार की अध्यक्षता में जनगणना कार्य की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनगणना कार्य में प्रतिनियुक्त पर्यवेक्षकों एवं कर्मियों ने भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए बीडीओ डॉ. संजय कुमार ने कहा कि जनगणना कार्य में पारदर्शिता बनाए रखते हुए इसमें तेजी लाएं। सभी पर्यवेक्षक निर्धारित समय सीमा से पूर्व कार्य पूर्ण करने का प्रयास करें ताकि बचे हुए अवधि में उसकी समीक्षा की जा सके। उन्होंने कहा कि किसी भी परिवार या मकान का विवरण छूटना नहीं चाहिए। बीईओ सरोज कुमार सिंह ने जनगणना को राष्ट्रीय महत्व का कार्य बताते हुए कहा कि सभी प्रगणक बचे हुए मकानों और परिवारों का सही क्रमांकन कर उसे ऐप पर दर्ज कर कार्य को जल्द पूर्ण करें।

# बिहार चैम्बर के शताब्दी समारोह में गूंजा रक्सौल के व्यापारियों का मुद्दा







**रक्सौल(पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के शताब्दी वर्ष समारोह एवं व्यवसायिक समागम का दो दिवसीय भव्य आयोजन 23 एवं 24 मई को पटना स्थित चैम्बर भवन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में रक्सौल चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की ओर से अध्यक्ष राकेश कुमार कुशवाहा, महासचिव शम्भु प्रसाद चौरसिया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नितिन कुमार तथा कोषाध्यक्ष दिलीप कुमार शाह ने भाग लिया। समारोह के पहले दिन राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सैयद अत्ता हसनैन, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, मुख्य सचेतक सह दीघा विधायक डॉ. संजीव कुमार चौरसिया एवं खेल व उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही। दीप प्रज्वलन एवं राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। बिहार चैम्बर के अध्यक्ष पी.के. अग्रवाल ने सभी अतिथियों को अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ एवं शताब्दी स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में बिहार चैम्बर के उपाध्यक्ष एन.के. ठाकुर, महामंत्री मुकेश कुमार जैन, विशाल टेकरीवाल, प्रदीप कुमार चौरसिया, पूर्व अध्यक्ष सुभाष कुमार पटवारी एवं अजय कुमार गुप्ता सहित कई पदाधिकारियों की सक्रिय भागीदारी रही। बिहार के विभिन्न जिलों से आए करीब 250 से 300 व्यवसायिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने समारोह में हिस्सा लिया। समारोह के दूसरे दिन का उद्घाटन बिहार सरकार के माननीय मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान रक्सौल चैम्बर के अध्यक्ष राकेश कुमार कुशवाहा एवं महासचिव शम्भु प्रसाद चौरसिया ने मुख्यमंत्री को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। रक्सौल प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री के समक्ष भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र के व्यापारियों की प्रमुख समस्याओं को मजबूती से उठाया। विशेष रूप से भारतीय एवं नेपाली मुद्रा विनिमय के लिए भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा संचालित बैंकिंग काउंटरों पर बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने की मांग रखी गई। साथ ही सीमावर्ती व्यापार से जुड़ी अन्य व्यावसायिक परेशानियों से भी मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने व्यापारियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि व्यापारी वर्ग की समस्याओं का गंभीरता से संज्ञान लेकर समाधान की दिशा में त्वरित पहल की जाएगी। इसकी जानकारी रक्सौल चैम्बर के महासचिव सह मीडिया प्रभारी शम्भु प्रसाद चौरसिया ने दी।

## एक नजर

### कुटुंबा विधानसभा में बसपा कमिटी का गठन, लक्ष्मण दास बने अध्यक्ष

**अंबा (औरंगाबाद)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता** । बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की ओर से कुटुंबा विधानसभा क्षेत्र में संगठन विस्तार को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधानसभा स्तरीय नई कमिटी का गठन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से लक्ष्मण दास को विधानसभा अध्यक्ष, शंकर राम को महासचिव, बलवंत कुमार मेहता को उपाध्यक्ष, सनोज कुमार को कोषाध्यक्ष तथा रामजीवन राम को सचिव बनाया गया। वहीं बिरजू मेहरा को प्रथम विधानसभा प्रभारी, कृष्णा राम पासवान को द्वितीय विधानसभा प्रभारी तथा रामबृक्ष पासवान को प्रखंड अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बसपा के औरंगाबाद जिला अध्यक्ष प्रेम चंद राम, जिला महासचिव कुलदीप मेहता, जिला सचिव धर्मेंद्र प्रजापति एवं सेवानिवृत्त भिखारी राम उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता नवनियुक्त विधानसभा अध्यक्ष लक्ष्मण दास ने की। इस दौरान पार्टी नेताओं ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और आगामी चुनावों में बसपा की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

### आज बंद रहेगी बिजली आपूर्ति

**मदनपुर (औरंगाबाद)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता** । मेंटेनेंस कार्य को लेकर 26 मई को बिजली आपूर्ति छह घंटे बंद रहेगी। विद्युत सहायक अभियंता शिवरतन लाल व कनीय अभियंता राकेश कुमार राम ने बताया कि 33 केवी न्यू उचौली एवं पुराना उंचौली फिडर का शटडाउन 26 मई को समय सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक होगा। इस अवधि में मेंटेनेंस कार्य किया जाएगा। विद्युत शक्ति केन्द्र उंचौली एवं देव से निकले सभी 11 केवी फिडर का विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि विद्युत उपभोक्ताओं से अपील किया जाता है कि वे पेयजल व्यवस्था के साथ अन्य विद्युत से संबंधित आवश्यक कार्यों का निपटारा कर लेंगे, ताकि परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

### 1 जून को मनाई जाएगी अहिल्याबाई होलकर जयंती

**औरंगाबाद/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता** । देव के मधुबन लॉज चौरसिया नगर में बिहार राज्य पाल महासंघ देव द्वारा आगामी 1 जून को अहिल्याबाई होलकर जयंती समारोह धूमधाम से मनाया जाएगा। संघ के अध्यक्ष अजीत पाल, उपाध्यक्ष राजेश पाल, कोषाध्यक्ष सुजीत पाल (गुड्डू), सचिव रमेश पाल, उपसचिव धनंजय कुमार, मीडिया प्रभारी पंकज बघेल सहित ने जानकारी देते हुए बताया कि न्यायप्रियता धर्मनिस्ट शासन के वैश्विक प्रतीक उनके शासन न्याय की अवधारणा दंड पर नहीं बल्कि धर्म और सत्य पर आधारित न्याय प्रियता लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 301वी जयंती पर बिहार राज्य पाल महासंघ अंचल देव के तत्वाधान मे वर्तमान परिवेश में माता अहिल्याबाई होलकर कि संघर्षों की प्रासंगिकता विषय पर एक दिवसीय अहिल्याबाई होलकर के संघर्षों और बिहार में अति पिछड़ा वर्ग पाल समाज के राजनैतिक भागिदारी एवं सामाजिक सशक्तिकरण और शिक्षा पर विमर्श किया जाएगा। कहा कि महारानी अहिल्याबाई होलकर जयंती को लेकर डोर टू डोर संपर्क किया गया है।

### गुम मोबाइल पाकर फोन धारकों के खिल उठे चेहरे

**मदनपुर (औरंगाबाद)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता** । ऑपरेशन मुस्कान के तहत मदनपुर पुलिस द्वारा खोए मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों को सुपुर्द किया गया। फोन पाकर फोन धारक खुश दिखे। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि आम लोगों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए तकनीकी अनुसंधान एवं पुलिस टीम की सतर्क कार्रवाई के जरिए कई गुम मोबाइल फोन पीएसआई सुरेन्द्र कुमार के नेतृत्व में बरामद किया गया। इसके बाद फोन की पहचान कर संबंधित धारकों को थाना बुलाकर सुपुर्द किया गया। फोन वापस मिलने पर लोगों ने मदनपुर पुलिस के कार्यों की सराहना की। कई लोगों ने कहा कि फोन में जरूरी दस्तावेज, फोटो और व्यक्तिगत जानकारी थी, जिसके खो जाने से वे काफी परेशान थे। थानाध्यक्ष बताया कि ऑपरेशन मुस्कान का उद्देश्य लोगों की खोई खुशियां लौटाना है। पुलिस आमजन की सुरक्षा और सहायता के लिए हमेशा तत्पर है। उन्होंने लोगों से अपील की कि मोबाइल गुम होने पर वे थाना में सूचना दें ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

### दो अभियुक्त गिरफ्तार

**मदनपुर (औरंगाबाद)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता** । आंजन पुलिस ने छापेमारी के फलस्वरूप नामजद दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान थाना क्षेत्र के वकील गंज निवासी ललेश कुमार एवं रंगीला कुमार उर्फ गुड्डू के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष राहुल कुमार ने बताया कि अपराध नियंत्रण को लेकर चलाए जा रहे विशेष अभियान के फलस्वरूप दो नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। आवश्यक कार्रवाई के बाद दोनों को जेल भेज दिया गया।

### ओबरा पुलिस ने किया शराब जब्त

**औरंगाबाद/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता** । ओबरा थाना पुलिस ने गश्ती के दौरान महादेवा गांव में छापेमारी कर पुरानी सोन टीला से 52 लीटर देशी महुआ शराब जब्त कर ली है। साथ ही तस्कर बिमल चौधरी व छोटेलाल चौधरी दाउदनगर थाने के अंछा निवासी को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि जिनके खिलाफ कांड संख्या 204/26 दर्ज कर बिहार मद्य निषेद संशोधन अधिनियम के तहत दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। वहीं विशेष छापेमारी के दौरान न्यायालय एसडी जेएन दाउदनगर द्वारा निर्गत वारंट के वारंटी ओबरा थाना कांड सं 156 /13 जीआर नंबर 953/13 के वारंटी कड़ियाही गांव निवासी सुरेश भुइयां, लक्ष्मण भुइयां को गिरफ्तार का भेज दिया गया है।

### सदर अंचल कार्यालय से प्रभारी प्रधान सहायक की बाइक चोरी

**औरंगाबाद/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता** । सदर अंचल कार्यालय से अज्ञात चोरों ने सोमवार की दोपहर प्रभारी प्रधान सहायक उपाध्याय कुमार मंगलम की पल्सर बाइक चोरी कर फरार हो गए। जानकारी देते हुए प्रभारी प्रधान सहायक ने बताया कि सोमवार को करीब 10 बजे प्रतिदिन की तरह सदर अंचल कार्यालय ड्यूटी पर अपनी बाइक बीआर26एस-6171 से पहुंचा। मैं बाइक खड़ी कर कार्यालय के अंदर कार्य करने चला गया। इसके बाद करीब दो बजे कार्यालय के बाहर निकला तो मेरी बाइक उक्त स्थल पर नहीं थी। इसके बाद मैंने काफी खोजबीन की परंतु कहीं सुराग नहीं चल सका। बताया कि बाइक चोरी की सूचना नगर थाना को दी गई है। इधर नगर थानाध्यक्ष बबन बैठा ने बताया कि बाइक चोरी से संबंधित आवेदन प्राप्त हुई है। मामले में कांड दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### वारंटी सतेंद्र यादव गिरफ्तार

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। प्रखंड क्षेत्र में फरार वारंटियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने पिपराही गांव निवासी वारंटी सतेंद्र यादव को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। गिरफ्तारी के बाद इलाके में पुलिस कार्रवाई की चर्चा तेज हो गई। थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि न्यायालय से जारी वारंट के आधार पर सतेंद्र यादव की लगातार तलाश की जा रही थी। गुप्त सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने कहा कि अपराध और वारंटियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा तथा किसी भी हाल में कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में कानून का भय बना है और आम लोगों ने भी पुलिस की तत्परता की सराहना की है। थानाध्यक्ष ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि अपराधियों एवं संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

### पीड़ित परिवार को अविलंब मुआवजा मिले : विजय कुमार अकेला

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। मुख्यमंत्री सड़क निर्माण कार्य में लगे इटार (रफीगंज) निवासी मजदूर सहेंद्र यादव (33 वर्ष) की कार्यस्थल पर हुई मौत पर लोजपा (रामविलास) के प्रदेश सचिव सह वैश्य चेतना समिति के जिला संयोजक विजय कुमार अकेला ने गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने सरकार से पीड़ित परिवार को अविलंब उचित मुआवजा देने की मांग की है। प्रेस विज्ञप्ति जारी कर श्री अकेला ने कहा कि मृतक बेहद गरीब परिवार से था। उनके निधन के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। परिवार में अब पत्नी और छोटे-छोटे बच्चे ही सहारा के लिए बचे हैं। उन्होंने कहा कि मौत हीट वेव से हुई या फिर बिजली स्पर्शाघात से, यह जांच का विषय हो सकता है, लेकिन सरकार को मानवीय आधार पर तत्काल सहायता प्रदान करनी चाहिए।

# मनरेगा में मशीनों से मिट्टी कटाई और भराई पूर्णतः प्रतिबंधित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बिहार सरकार के विकास आयुक्त की अध्यक्षता में जल संसाधन विभाग के अंतर्गत मनरेगा एवं विकसित भारत-जी-राम जी से क्रियान्वित की जा रही योजनाओं की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा, उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, डीआरडीए निदेशक अनुपम कुमार सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे। बैठक में जल संसाधन विभाग द्वारा मनरेगा के प्रावधानों के अनुरूप योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, तकनीकी स्वीकृति, प्रशासनिक स्वीकृति, जियो टैगिंग, कार्य प्रारंभ एवं भुगतान प्रक्रिया की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में बताया गया कि 05 जनवरी 2026 को विकास आयुक्त की अध्यक्षता में "हर खेत को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने" एवं "चौर से जल निकासी" से संबंधित कार्यों को मनरेगा के तहत जल संसाधन विभाग के माध्यम से कराने का निर्णय लिया गया था। इसके उपरांत 10 फरवरी 2026 को ग्रामीण विकास विभाग एवं जल संसाधन विभाग द्वारा संयुक्त आदेश जारी कर जल संसाधन विभाग को कार्यान्वयन इकाई के रूप में अधिकृत किया गया। साथ ही 2 मार्च 2026 को योजनाओं के प्रभावी संचालन हेतु आवश्यक तैयारियों एवं कार्य विभाजन के संबंध में सभी जिला पदाधिकारियों, विकास आयुक्तों एवं मुख्य अभियंताओं को आवश्यक निर्देश निर्गत किए गया। बैठक में बताया गया कि योजनाओं के अंतर्गत मुख्य रूप से नहर एवं कैनाल का डी-सिल्टेशन, चौर क्षेत्रों से जल निकासी, सिंचाई क्षमता का विस्तार तथा जल संरक्षण एवं जल प्रबंधन से संबंधित कार्य किए जाएंगे। जल संसाधन विभाग के कार्य प्रमंडलों द्वारा योजनाओं की पहचान कर उन्हें प्रखंडवार एवं ग्राम पंचायतवार विभाजित किया जाएगा तथा संबंधित योजनाओं को मनरेगा की वार्षिक कार्य योजना में सम्मिलित किया जाएगा। बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि कार्यपालक अभियंता, जल संसाधन विभाग योजनाओं के कार्यान्वयन एजेंसी होंगे तथा कनीय अभियंता संयोजक के रूप में कार्य करेंगे। योजनाओं की प्रविष्टि युक्तधारा पोर्टल पर संबंधित ग्राम पंचायत के लॉगिन से की जाएगी। मजदूरों की उपस्थिति राष्ट्रीय मोबाइल निगरानी प्रणाली (एनएमएमएस) के माध्यम से दर्ज की जाएगी तथा भुगतान एन-ईएफएमएस/ईएफएमएस प्रणाली के माध्यम से किया जाएगा। समीक्षा के दौरान यह स्पष्ट किया गया कि मनरेगा योजनाओं में मिट्टी कटाई एवं भराई कार्यों में मशीनों का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। केवल निर्धारित प्रावधानों के अनुसार कम्पेक्शन संबंधी कार्यों में मशीन का उपयोग किया जा सकेगा। मजदूरी का भुगतान मनरेगा की निर्धारित दर के अनुसार किया जाएगा। वित्तीय वर्ष 2026-27 से सभी योजनाओं की वार्षिक कार्य योजना युक्तधारा पोर्टल के माध्यम से तैयार करना अनिवार्य किया गया है। समीक्षा बैठक में प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार औरंगाबाद जिले में 65 योजनाएं वार्षिक कार्य योजना में सम्मिलित की गई हैं, जिनमें से 31 योजनाओं को तकनीकी एवं प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त हुई है। स्वीकृत योजनाओं की प्राक्कलित राशि 178.66 लाख रुपये है। 20 योजनाओं की जियो टैगिंग की जा चुकी है तथा 19 योजनाओं पर कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। बैठक में विकास आयुक्त द्वारा सभी जिलों को योजनाओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में सिंचाई सुविधा, जल निकासी एवं रोजगार सृजन को बढ़ावा मिल सके। बैठक के उपरांत जिलाधिकारी द्वारा संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि मनरेगा एवं विकसित भारत-जी-राम जी अंतर्गत संचालित योजनाओं का क्रियान्वयन निर्धारित मानकों एवं समय-सीमा के अनुरूप सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग, जियो टैगिंग, श्रमिकों की उपस्थिति की सतत निगरानी तथा भुगतान प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सिंचाई सुविधा सुदृढ़ करने, जल निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाने एवं अधिकाधिक रोजगार सृजन के उद्देश्य से योजनाओं का गुणवत्तापूर्ण एवं शीघ्र क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

## शोकाकुल परिजनों से मिले राजद विधायक अमरेंद्र कुशवाहा



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। दाउदनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत केसराड़ी गांव निवासी दिवंगत कुंदन यादव के शोकाकुल परिजनों से गोह के राजद विधायक अमरेंद्र कुशवाहा ने मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की। इस दौरान उनके साथ राजद के कई नेता एवं कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। गौरतलब है कि पिछले सप्ताह मंगलवार की देर शाम भुईंया बिगहा के समीप अपराधियों ने कुंदन यादव की गोली मारकर हत्या कर दी थी। घटना के बाद इलाके में आक्रोश व्याप्त है। हत्याकांड के उद्भेदन एवं अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर दाउदनगर में कैंडल मार्च भी निकाला गया था। केसराड़ी गांव पहुंचकर विधायक अमरेंद्र कुशवाहा ने पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया और कहा कि दुख की इस घड़ी में राजद पूरी मजबूती के साथ परिवार के साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि कुंदन यादव को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष जारी रहेगा। जब तक हत्याकांड का खुलासा कर अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं हो जाती, तब तक संगठन दाउदनगर से लेकर पटना तक आवाज उठाता रहेगा। विधायक ने बताया कि मामले को लेकर पुलिस अधिकारियों से भी बातचीत की गई है। अधिकारियों द्वारा कुछ समय मांगा गया है तथा जल्द ही मामले के उद्भेदन की संभावना जताई गई है। मौके पर पूर्व मुखिया कुणाल प्रताप, राजद प्रखंड अध्यक्ष देवेंद्र कुमार सिंह, नगर अध्यक्ष मुन्ना अजीज, युवा राजद नेता अजीत कुमार, अरुण कुमार यादव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## जन सुराज पार्टी ने गोह में नवनियुक्त पदाधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। राज्य में अपनी राजनीतिक जमीन को मजबूत कर रही जन सुराज पार्टी द्वारा गोह प्रखंड में संगठन विस्तार को लेकर एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पूर्व विधायक अवध सिह स्मृति भवन में आयोजित इस भव्य समारोह में पार्टी के नवनियुक्त पदाधिकारियों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। जिलाध्यक्ष मनोज शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में नए पदाधिकारियों को फूल-माला पहनाकर और पार्टी का पारंपरिक पीला गमछा सौंपकर सम्मानित किया गया तथा उन्हें नए सांगठनिक दायित्वों की जिम्मेदारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित जन सुराज पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष उषा कुंवर, जिला महासचिव भगवान सिह, किसान प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष रामाधार सिह, महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष अर्चना यादव और जिला प्रवक्ता शर्मिला यादव, ओबीसी जिलाध्यक्ष सत्येंद्र यादव सहित कई जिला व राज्य स्तरीय नेताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। बकरीद को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं भाईचारे के माहौल में संपन्न कराने को लेकर रफीगंज थाना परिसर में शांति समिति की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीपीओ-2 आदित्य कुमार के देखरेख में हुई। बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं शांति समिति के सदस्यों ने भाग लिया। इस दौरान रफीगंज अंचलाधिकारी भारतेंदु सिंह, नगर पंचायत की कार्यपालक पदाधिकारी मैमून निशा एवं थानाध्यक्ष शंभू कुमार उपस्थित रहे। अधिकारियों ने दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने, आपसी समन्वय एवं सामाजिक सौहार्द कायम रखने पर विशेष जोर दिया। बैठक में उपस्थित लोगों से अपील की गई कि बकरीद का त्योहार शांति एवं भाईचारे के साथ मनाएं तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। सोशल मीडिया पर भ्रामक संदेश फैलाने वालों पर प्रशासन की कड़ी नजर रहेगी। एसडीपीओ-2 आदित्य कुमार ने कहा कि पर्व के दौरान संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जाएगी तथा पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और आम लोगों के सहयोग से पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराया जाएगा। अंचलाधिकारी ने कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि, विवाद या अप्रिय घटना की सूचना तुरंत स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस को दें, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके। बैठक में मौजूद जनप्रतिनिधियों एवं शांति समिति के सदस्यों ने भी प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का भरोसा दिलाया। इसमे समाजसेवी नुरुल होंदा खान, भाजपा जिला मंत्री सुबोध कुमार सिंह, राजद जिला महासचिव रणविजय यादव, मुखिया सेराज अंसारी, यूसुफ अली खान, वार्ड पार्षद सुबोध शर्मा, राजेश गुप्ता, मदन चौधरी, समाजसेवी खाजा अतीक रज्जा, डॉ विकास कुमार, सत्येन्द्र यादव, रविन्द्र सिंह, भाजपा नगर अध्यक्ष संतोष साहू, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष बबलू सिंह, सचिन कुमार, मो शाहनवाज, टुनटुन खान, गुलाम राशूल, लड्डू खान सहित अन्य गणमान्य लोगों शामिल हुए।

## सबका सम्मान–जीवन आसान के तहत एसपी ने सुनी फरियादियों की समस्याएं



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। सबका सम्मान–जीवन आसान अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक अंबरीश राहुल ने अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार लगाकर लोगों की फरियाद सुनी। इस जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे 41 आगंतुकों ने अपनी समस्याएं पुलिस अधीक्षक के समक्ष रखीं। जमीन विवाद, पारिवारिक झगड़े, मारपीट, धोखाधड़ी, लंबित कांड, थाना स्तर पर कार्रवाई में देरी सहित कई तरह की शिकायतें सामने आयी। जनता दरबार के दौरान पुलिस अधीक्षक अंबरीश राहुल ने प्रत्येक फरियादी की बात को गंभीरता और धैर्यपूर्वक सुना। उन्होंने स्पष्ट किया कि आम लोगों की समस्याओं का समयबद्ध और निष्पक्ष समाधान पुलिस प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। पुलिस अधीक्षक ने संबंधित थाना प्रभारियों एवं पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि शिकायतों की जांच कर नियमानुसार त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा फरियादियों को अनावश्यक रूप से थानों का चक्कर न लगाना पड़े। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सबका सम्मान–जीवन आसान अभियान का उद्देश्य आम लोगों के जीवन को सरल बनाना है, ताकि वे अपनी शिकायतें सीधे वरीय अधिकारियों तक पहुंचा सके। जनता दरबार के माध्यम से पुलिस और जनता के बीच विश्वास का सेतु मजबूत होता है। उन्होंने पदाधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि जनता से संवेदनशील व्यवहार रखें और हर शिकायत को गंभीरता से लें। जनता दरबार में कई मामलों में मौके पर ही समाधान का रास्ता निकाला गया, वहीं कुछ मामलों में संबंधित थानों को निश्चित समय-सीमा के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश दिया गया।

## जिलाधिकारी के आदेश पर आवेदकों को तुरन्त मिली बिजली



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। जिले के ओबरा प्रखंड अंतर्गत पंचायत सरकार भवन डिहरी में 19 मई 2026 को आयोजित "सहयोग शिविर" में ग्राम हरिना बिगहा निवासी शिव पूजन पासवान, नन्हे पासवान, विजय राम, रीना देवी, अजय राम एवं श्रीकांत पासवान ने आवेदन देकर बताया कि उनके गांव एवं घरों तक अब तक पोल और तार के माध्यम से विद्युत आपूर्ति उपलब्ध नहीं कराई गई है। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला पदाधिकारी औरंगाबाद अभिलाषा शर्मा ने तत्काल संज्ञान लिया और कार्यपालक अभियंता, विद्युत को निर्देश दिया कि सभी छह परिवारों के घरों तक पोल एवं तार के माध्यम से बिजली आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाए। जिला पदाधिकारी के निर्देश के बाद विद्युत विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी छह परिवारों के घरों तक बिजली के खंभे और तार लगाकर विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी। विभागीय पदाधिकारियों ने संबंधित परिवारों के घरों का निरीक्षण कर बिजली आपूर्ति की स्थिति का जायजा भी लिया। जिला प्रशासन ने बताया कि मुख्य सचिव बिहार, पटना के निर्देशानुसार आम नागरिकों की शिकायतों की सुलभ प्राप्ति और उनके त्वरित समाधान के उद्देश्य से प्रत्येक माह के प्रथम और तृतीय मंगलवार को पंचायत स्तर पर "सहयोग शिविर" आयोजित किए जा रहे हैं। प्रत्येक शिविर के लिए वरीय पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी और सहयोगी पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। साथ ही संबंधित प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी और प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी को शिविर संचालन एवं आवश्यक व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिला प्रशासन ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे अपने पंचायत सरकार भवन में समयपूर्व आवेदन जमा करें, ताकि शिविर के दिन ही समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जा सके। प्रशासन के अनुसार 2 जून 2026 को जिले के विभिन्न प्रखंडों की कई पंचायतों में "सहयोग शिविर" आयोजित किए जाएंगे। इनमें बारूण, औरंगाबाद, देव, मदनपुर, रफीगंज, कुटुम्बा, नबीनगर, ओबरा, दाउदनगर, गोह और हसपुरा प्रखंड की पंचायतें शामिल हैं। जिला प्रशासन ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि शिविरों का आयोजन सुव्यवस्थित, पारदर्शी और परिणामोन्मुखी तरीके से किया जाए, ताकि अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ मिल सके।

## छठ घाट निर्माण पूरा, श्रद्धालुओं को मिलेगी बेहतर सुविधा



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज प्रखंड अंतर्गत अरथूआ पंचायत के ग्राम ढोल में छठ पर्व को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। गांव में छठ व्रतियों और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए नए छठ घाट का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है। यह निर्माण कार्य 15वीं वित्त आयोग टाईंड योजना 2025-26 के तहत जिला परिषद क्षेत्र संख्या-09 से कराया गया है। इस योजना की अनुशंसा जिला परिषद सदस्य प्रदीप कुमार चौरसिया द्वारा की गई थी। नवनिर्मित छठ घाट बनने से ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। वर्षों से ग्रामीणों को छठ पूजा के दौरान असुविधाओं का सामना करना पड़ता था, लेकिन अब श्रद्धालु सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण में भगवान सूर्य की उपासना कर सकेंगे। घाट के निर्माण से गांव की धार्मिक और सामाजिक गतिविधियों को भी मजबूती मिलेगी। जिला परिषद सदस्य प्रदीप कुमार चौरसिया ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का विकास उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि छठ पर्व आस्था और संस्कृति का महापर्व है, इसलिए श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इस छठ घाट का निर्माण कराया गया है। उन्होंने कहा कि आगे भी क्षेत्र के विकास और जनहित से जुड़े कार्य लगातार किए जाते रहेंगे।

## पुलिस व्यवस्था को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के लिए प्रशिक्षण सह कार्यशाला

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद**। बिहार में डिजिटल पुलिसिंग व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राज्य सूचना विज्ञान पदाधिकारी डॉ. शैलेश कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में एनआईसी बिहार द्वारा जिले में सीसीटीएनएस सीएएस 1.0 का सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। बिहार पुलिस द्वारा सीसीटीएनएस सीएएस 1.0 के क्रियान्वयन का दायित्व एनआईसी बिहार को सौंपा गया है। इसी क्रम में एनआईसी बिहार द्वारा राज्य के 343 नवस्थापित पुलिस थानों हेतु सीसीटीएनएस सीएएस 1.0 पर कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान एनआईसी बिहार एवं एनसीआरबी के पदाधिकारियों द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस अवसर पर औरंगाबाद जिले के 6 नवस्थापित थानों के अधिकारियों एवं




कर्मियों ने भाग लिया, जिनमें साइबर थाना, ट्रैफिक पुलिस स्टेशन, देवजरा थाना, बड़ेम थाना, आजान थाना एवं कांचनपुर थाना शामिल हैं। प्रशिक्षण सत्र का संचालन संयुक्त निदेशक राम भगवान सिंह, प्रदीप नायक, उप निदेशक अभिषेक कुमार तथा एनसीआरबी टीम द्वारा किया गया। प्रशिक्षण के उपरांत औरंगाबाद जिले के सभी नवस्थापित थानों के अधिकारियों एवं कर्मियों को सीसीटीएनएस सीएएस 1.0 सॉफ्टवेयर के विभिन्न मॉड्यूल्स का एनआईसी कार्यालय में व्यावहारिक अभ्यास भी कराया गया। औरंगाबाद जिले में इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी (डीआईओ) ऋतिक आनंद, अपर जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी (एडीआईओ) सुमन कुमार, एनआईसी के सहयोगी कर्मियों एवं सीसीटीएनएस प्रोग्रामर के सक्रिय सहयोग एवं समन्वय से संपन्न हुआ। यह कार्यशाला बिहार में डिजिटल पुलिसिंग व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि सिद्ध होगी।

### सड़क दुर्घटना में किशोर समेत दो घायल

**अंबा (औरंगाबाद)**। अंबा थाना क्षेत्र में सोमवार को एनएच-139 पर दो बाइकों की आमने-सामने हुई टक्कर में एक किशोर समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान 25 वर्षीय विशाल कुमार एवं 15 वर्षीय बिल्लू कुमार के रूप में हुई है। इनमें किशोर बिल्लू कुमार की हालत चिंताजनक बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों बाइकें तेज रफ्तार में थीं और टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए।


**बिहार सरकार**

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल औरंगाबाद।**

श्री कृष्ण मुरारी सिंह के मकान, वार्ड नं०–03, रोड नं०–01, सरस्वती पथ, सत्येन्द्र नगर,औरंगाबाद–824101

Mobile No.-9470001322 E-mail.eenhaurangabad@gmail.com

**सर्वसाधारण के लिए आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या–139 (पुराना एन०एच०–98) के कि०मी० 141+600 पर अवस्थित बटाने पुल (कुल लंबाई 225 मी0 (9X25.00 m) जो औरंगाबाद से हरिहरगंज, झारखण्ड को जोड़ती है, क्षतिग्रस्त एवं इसकी स्थिति अत्यंत ही दयनीय रहने के कारण वर्तमान में भारी वाहनों के आवागमन के लिए सुरक्षित नही है।

जनधन की सुरक्षा और किसी भी संभावित दुर्घटना को रोकने के लिए, सक्षम अधिकारी के आदेशानुसार इस पुल से सभी प्रकार के भारी वाहनों का आवागमन तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक पूर्णतः प्रतिबंधित किया जाता है। इस पुल से केवल हल्के वाहन ही सिमित गति के अन्तर्गत आ जा सकेंगे।

बटाने पुल के मरम्मति कार्य कराने तक उक्त मार्ग से भारी वाहनो के आवागमन पर रोक लगाये जाने के कारण वाहन चालकों/ट्रॉसपोर्टर एवं आमलोगों को हो रही असुविधा के लिए खेद है।

PR- 004248 ( R C D ) 2026-27

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

कार्यपालक अभियंता, रा0उ0 पथ प्रमंडल, औरंगाबाद।

# बेगूसराय जिले में सामाजिक सौहार्द एवं शांतिपूर्ण वातावरण मे मनेगी बकरीद : डीएम

## तैयारी को लेकर समाहरणालय सभा कक्ष में बैठक हुई आयोजित



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** समाहरणालय स्थित कारगिल विजय सभा भवन में सोमवार को आगामी ईद-उल-जोहा पर्व के अवसर पर जिले में विधि-व्यवस्था, सामाजिक सौहार्द एवं शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला पदाधिकारी ने कहा कि बकरीद आपसी भाईचारे, संवेदनशीलता एवं सामाजिक सद्भाव का पर्व है। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान जिले में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क एवं प्रतिबद्ध है। उन्होंने प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि पर्व के अवसर पर किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा सभी संवेदनशील एवं चिन्हित स्थलों पर विशेष निगरानी सुनिश्चित की जाए। बैठक में विशेष रूप से 28 मई से 30 मई, 2026 तक जिले में सतत निगरानी एवं प्रभावी विधि-व्यवस्था संधारण की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। जिला पदाधिकारी ने पर्व के दौरान मांस वितरण तथा उससे संबंधित अफवाहों के कारण उत्पन्न होने वाली संभावित परिस्थितियों पर विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों पर फैलने वाली भ्रामक सूचनाओं एवं अफवाहों पर प्रशासन द्वारा त्वरित एवं सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिला पदाधिकारी ने सभी शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में नमाज अदा किए जाने वाले स्थलों पर साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने नगर निकायों एवं स्थानीय प्रशासन को आपसी समन्वय के साथ सभी तैयारियां समयबद्ध रूप से पूर्ण करने को कहा। बैठक में पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि संवेदनशील स्थलों पर विशेष गश्ती, निरंतर पेट्रोलिंग तथा असामाजिक एवं विधि-विरुद्ध गतिविधियों पर कड़ी निगरानी की जा रही है, साथ ही स्थानीय स्तर पर शांति समिति की बैठकों को सक्रिय रूप से आयोजित कर जनप्रतिनिधियों, धर्मगुरुओं एवं समाज के प्रबुद्ध लोगों से निरंतर संवाद एवं समन्वय बनाए रखने पर बल दिया गया। बैठक के अंत में जिला प्रशासन द्वारा जिलेवासियों से आपसी भाईचारा, सामाजिक सौहार्द एवं शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखते हुए बकरीद पर्व मनाने की अपील की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री मनीष, उप विकास आयुक्त आकाश चौधरी, नगर आयुक्त सोमेश बहादुर माथुर, सिविल सर्जन, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सहित शांति समिति के सदस्य एवं संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## डीएम ने की 37 मामलों की सुनवाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में बिहार सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम सबका सम्मान, जीवन आसान के अंतर्गत जनता दरबार का जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा आयोजन किया गया। जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों से आए आम नागरिकों ने अपनी समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन जिला पदाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किए। जनता दरबार के दौरान भूमि विवाद, राजस्व, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन कार्ड, विद्युत आपूर्ति, पेयजल, अतिक्रमण, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा अन्य जनहित से जुड़े 37 मामलों पर सुनवाई की गई। जिला पदाधिकारी ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों पर त्वरित एवं पारदर्शी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिला पदाधिकारी श्री शास्त्री ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप आम नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जनता दरबार शासन और आमजन के बीच संवाद स्थापित करने का प्रभावी माध्यम है। जिसके माध्यम से लोगों की शिकायतों का निष्पादन शीघ्रता से सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता दरबार में प्राप्त मामलों का गंभीरता से परीक्षण कर निर्धारित समय सीमा के भीतर समाधान सुनिश्चित करें, ताकि आम लोगों को अनावश्यक कार्यालयों का चक्कर न लगाना पड़े और सुशासन की भावना को और अधिक सुदृढ़ किया जा सके।

# जिले के सभी 18 प्रखंडों में आयोजित होगा द्वितीय सहयोग शिविर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** जिला प्रशासन द्वारा द्वितीय सहयोग शिविर का आयोजन मंगलवार को जिले के सभी 18 प्रखंडों की चयनित पंचायतों में किया जाएगा। इस संबंध में जिला प्रशासन द्वारा पंचायतवार रोस्टर जारी कर दिया गया है। यह सहयोग शिविर प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होगा। जिला प्रशासन की इस जनहितकारी पहल का उद्देश्य आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए जिला मुख्यालय का चक्कर लगाने से राहत प्रदान करना तथा स्थानीय स्तर पर ही उनकी शिकायतों एवं आवेदनों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करना है। जिला प्रशासन द्वारा जारी निर्देश के अनुसार प्रत्येक शिविर स्थल पर वरीय प्रशासनिक पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहेंगे। शिविर के दौरान प्राप्त शिकायतों एवं आवेदनों का यथासंभव ऑन-द-स्पॉट निस्तारण किया जाएगा तथा आवश्यक मामलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही वर्तमान मौसम एवं भीषण गर्मी को देखते हुए सभी शिविर स्थलों पर आमजनों के लिए पेयजल, बैठने की समुचित व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। जिला प्रशासन द्वारा जारी रोस्टर के अनुसार बरौनी प्रखंड अंतर्गत सिमरिया-1 एवं सिमरिया-2, बेगूसराय प्रखंड में खम्हार एवं वनद्वार, वीरपुर में डीहपर, मटिहानी में रामदीरी-3 एवं रामदीरी-2, शाम्हो में सलहा सैदपुर बरारी-2, बलिया में बड़ी बलिया उत्तरी, साहेबपुर कमाल में चौकी एवं विष्णुपुर आहोक, डंडारी में कटरमाला दक्षिणी, चेरियाबरियारपुर में गोपालपुर, खोदावंदपुर में दौलतपुर, छौड़ाही में मालपुर, बखरी में घाघड़ा, गढ़पुरा में गढ़पुरा एवं सोनमा, नावकोठी में पहसारा पश्चिम, तेघड़ा में रातगाँव, बछवाड़ा में फतेहा एवं गोविन्दपुर-3, भगवानपुर में बनवारीपुर तथा मंसूरचक में गोविन्दपुर-1 पंचायत में सहयोग शिविर आयोजित किया जाएगा। जिला प्रशासन ने जिले के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे इस द्वितीय सहयोग शिविर का अधिकाधिक लाभ उठाएं तथा निर्धारित तिथि एवं समय पर अपने संबंधित पंचायत शिविर स्थल पर पहुंचकर अपनी समस्याओं, शिकायतों एवं आवेदनों को प्रस्तुत करें, ताकि उनका त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

# सरकारी एवं निजी विद्यालयों में वर्ग 8 तक का पठन-पाठन रहेगा प्रतिबंधित : डीएम

**गर्मी का असर**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** जिले में लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी तथा लू की स्थिति को देखते हुए जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा विद्यार्थियों के स्वास्थ्य एवं जीवन की सुरक्षा के दृष्टिकोण से आवश्यक आदेश जारी किया गया है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा-163 के अंतर्गत जारी आदेश के अनुसार जिले के सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों में वर्ग-08 तक की शैक्षणिक एवं आंगनबाड़ी केंद्रों की शैक्षणिक गतिविधियों का संचालन पूर्व निर्धारित समयानुसार जारी रहेगा।जबकि वर्ग-09 से वर्ग-12 तक की शैक्षणिक गतिविधियों एवं पठन-पाठन पर प्रतिदिन पूर्वाह्न 11:30 बजे के बाद प्रतिबंध रहेगा। जिला प्रशासन द्वारा विद्यालय प्रबंधन को निर्देश दिया गया है कि उक्त आदेश के अनुरूप शैक्षणिक गतिविधियों का पुनर्निर्धारण सुनिश्चित करें तथा विद्यार्थियों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें।यह व्यवस्था 26 से 31 मई तक प्रभावी रहेगी। जिला प्रशासन ने आमजन, अभिभावकों एवं शिक्षण संस्थानों से अपील की है कि गर्मी एवं लू के प्रभाव को देखते हुए सतर्कता बरतें तथा प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करें।

# एनटीपीसी कांटी में बालिका सशक्तीकरण अभियान का शुभारंभ




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**कांटी।** एनटीपीसी कांटी में सोमवार को नैगमिक सामाजिक दायित्व पहल के अंतर्गत बालिका सशक्तीकरण अभियान - 2026 का शुभारंभ किया गया। सशक्त बालिका, सशक्त काँटी थीम पर आयोजित इस विशेष आवासीय अभियान का उद्घाटन परियोजना प्रमुख श्री संजीब कुमार सुआर ने दीप प्रज्वलित कर किया। यह अभियान 26 मई से 20 जून 2026 तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें काँटी प्रखंड के विभिन्न गांवों से चयनित 50 बालिकाएं भाग ले रही हैं। ये बालिकाएं क्षेत्र के 9 विद्यालयों का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की बालिकाओं को शिक्षा, आत्मविश्वास एवं व्यक्तित्व विकास के माध्यम से सशक्त बनाना है। चार सप्ताह तक चलने वाले इस निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में छात्राओं को गणित, अंग्रेजी, हिंदी, विज्ञान आदि विषयों की शिक्षा प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त प्रतिभागियों को पौष्टिक भोजन, सुरक्षित आवास एवं आवश्यक अध्ययन सामग्री भी उपलब्ध कराई जाएगी। बालिकाओं के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए योग, नृत्य, संगीत, पेंटिंग, खेलकूद तथा अन्य सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों का भी आयोजन किया जाएगा। साथ ही छात्राओं को कंप्यूटर प्रशिक्षण देकर डिजिटल शिक्षा से भी जोड़ा जाएगा। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए परियोजना प्रमुख संजीब कुमार सुआर ने कहा, एनटीपीसी काँटी सदैव क्षेत्र के विकास एवं सामाजिक उत्थान के लिए प्रतिबद्ध रही है। बालिका सशक्तीकरण अभियान हमारी ऐसी ही एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसके माध्यम से हम बालिकाओं को केवल शैक्षणिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि जीवन में आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बनने के लिए आवश्यक कौशल भी प्रदान करेंगे। अगले चार सप्ताह तक इन 50 बालिकाओं की सुरक्षा, शिक्षा एवं समग्र विकास की पूरी जिम्मेदारी एनटीपीसी कांटी निभाएगी। इस अभियान को सफल बनाने में सहयोग देने हेतु मैं सभी अभिभावकों, शिक्षकों एवं प्रधानाध्यापकों का आभार व्यक्त करता हूँ। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) महेश कुमार सुथार ने कहा, यह अभियान केवल बालिकाओं के जीवन में ही नहीं, बल्कि उनके परिवार एवं पूरे समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का माध्यम बनेगा। 28 दिनों के इस प्रशिक्षण के उपरांत ये बच्चियाँ अधिक आत्मविश्वासी, जागरूक एवं सशक्त बनकर निकलेंगी। कार्यक्रम में उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) संजीत कुमार सहित एनटीपीसी काँटी के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन देते हुए संजीत कुमार ने सभी बालिकाओं, ग्रामीणों, अभिभावकों एवं उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त किया तथा अभियान की सफलता के लिए शुभकामनाएँ दीं।

# माउंट लिट्रा पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय सेमिनार का आयोजन




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** माउंट लिट्रा पब्लिक स्कूल उलाव के परिसर में सोमवार को दो दिवसीय सेमिनार का सफल आयोजन किया गया। आयोजक निदेशक प्राचार्या माउंट लिट्रा पब्लिक स्कूल उलाव डॉक्टर शीतल अग्रवाल एवं सीबीएसई रिसोर्स पर्सन नीरज कुमार सिंह प्राचार्य बीआर डीएवी स्कूल रिफाइनरी टाउनशिप व तक्षशिला स्कूल, रमजानपुर बेगूसराय प्राचार्य अनिल कुमार दुबे ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरुआत की। सेमिनार का मुख्य विषय किशोरावस्था काल की शिक्षण पद्धतियों के विभिन्न स्वरूपों पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके अंतर्गत रिसोर्स पर्सन ने बताया कि किशोरावस्था में हार्मोनल बदलाव के नाजुक उम्र में सही मार्गदर्शन और देखभाल की अत्यंत आवश्यकता होती है। इस उम्र में हमें और पेरेंट्स को बच्चों के साथ दोस्त जैसा व्यवहार करना चाहिए ताकि वह अपनी परेशानियों को खुलकर बता सके।क्योंकि किशोर के मन में भावनाओं का उतार -चढ़ाव बहुत तेजी से होता है उनकी विपरीत लिंग के प्रति आकर्षण स्वाभाविक रूप से बढ़ जाता है, वह तार्किक रूप से सोचने और भविष्य के करियर को लेकर कल्पनाएं करने लगते हैं। आयोजक निदेशक डॉ शीतल अग्रवाल ने कहा कि इस सेमिनार का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों और स्कूलों की शैक्षणिक गुणवत्ता को बढ़ाना यह शिक्षकों को जहां आधुनिक एवं व्यवहारिक तकनीक से प्रशिक्षित करता है वहीं बच्चों को तनाव मुक्त कौशल आधारित समग्र शिक्षा प्राप्त करने को प्रोत्साहित करता है। उन्होंने कार्यक्रम की सफलता के लिए शिक्षकों की उपस्थिति के साथ ही प्रशिक्षक टीम को भी धन्यवाद दिया।

## चर्चित शहादत टेलर मामले में पांच दोषी करार

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ऋषिकांत की अदालत ने जिले के चर्चित शहादत टेलर परिवार से जुड़े पांच लोगों को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई है। फैसले के बाद पूरे इलाके में मामले को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। यह फैसला सेशन केस संख्या 583/19 (719/19) एवं मुफस्सिल थाना कांड संख्या 411/2014 में सुनाया गया। अदालत ने मोहम्मद महफूज अंसारी, मोहम्मद हुमायूं, अफसर इमाम, मसनून और मोहम्मद वकील को भारतीय दंड संहिता की धारा 323, 341 और 147 के तहत दोषी पाया। कोर्ट ने सभी दोषियों पर तीन-तीन हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है। साथ ही एक वर्ष तक शांति एवं सदाचार बनाए रखने के लिए प्रोबेशन बॉन्ड भरने का निर्देश दिया गया है। अदालत ने यह भी आदेश दिया कि वसूली गई जुर्माने की राशि घायल पक्षों को क्षतिपूर्ति के तौर पर बराबर-बराबर बांटी जाएगी। घटना 12 नवंबर 2014 की बताई जाती है। प्राथमिकी के अनुसार मुफस्सिल थाना क्षेत्र के लडवारा चौक स्थित एक चाय दुकान पर सुबह करीब 10 बजे सूचक मोहम्मद सैफुल्लाह चाय पी रहे थे। तभी लाठी-डंडों से लैस आरोपी वहां पहुंचे और अचानक हमला बोल दिया। आरोप है कि सभी ने मिलकर मोहम्मद सैफुल्लाह की बेरहमी से पिटाई कर दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। हंगामा और चीख-पुकार सुनकर जब चाय दुकानदार मोहम्मद नौशाद बीच-बचाव करने पहुंचे तो हमलावरों ने उन्हें भी नहीं छोड़ा। उनके सिर पर हमला कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया गया। मामले में मुफस्सिल थाना में प्राथमिकी दर्ज होने के बाद लंबी न्यायिक प्रक्रिया चली। अभियोजन पक्ष की ओर से लोक अभियोजक संतोष कुमार ने अदालत में मजबूत पैरवी की।ट्रायल के दौरान कुल आठ गवाहों की गवाही कराई गई। इनमें सूचक मोहम्मद सैफुल्लाह, चिकित्सक डॉ. रामजतन सिंह, मोहम्मद अफसर, मोहम्मद रफीक, मोहम्मद मोज्जम, मोहम्मद नौशाद, मोहम्मद मल्टू और अनुसंधानकर्ता रमेश कुमार शामिल रहे।सभी गवाहों, मेडिकल

**एक नजर**

### भगाई गई नाबालिग लड़की बरामद

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के एक गांव से भगाई गई नाबालिग को नावकोठी पुलिस ने बरामद किया है। थानाध्यक्ष मो फिरदौस ने बताया कि इसे बेगूसराय से तकनीकी साक्ष्य तथा मोबाइल लोकेशन के आधार पर बरामद किया गया है। इसे 15 मार्च को गांव के लड़के ने बहला फुसला कर भगा ले गया था। इसकी लिखित शिकायत इसके पिता ने थाना में दर्ज कराकर गांव के चार व्यक्तियों पर भगा ले जाने का आरोप लगाकर नामजद किया था। पुलिस ने कांड में वांछित एक व्यक्ति को हिरासत में लिया था। उससे वांछित अन्य लोगों पर पुलिसिया दबिश बढ गई। बरामद नाबालिग को बयान दर्ज कराने के लिए न्यायालय भेजा गया है।

### समस्तीपुर में दारोगा विनोद सिंह निलंबित

**समस्तीपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिहार मे समस्तीपुर जिले के मुसरीघरारी थाना मे डायल 112 पर पदस्थापित पुलिस अवर निरीक्षक विनोद कुमार सिंह को शराब पीने के मामले मे निलंबित कर दिया गया है। पुलिस सूत्रों ने आज यहां बताया कि 23 मई को सोशल मीडिया पर एक वायरल वीडियो में जिले के मुसरीघरारी थाना के डायल-112 पर प्रतिनियुक्त पुलिस अवर निरीक्षक विनोद कुमार सिंह का कथित रूप से शराब पीकर गश्ती करने का वीडियो वायरल हुआ था। सूत्रों ने बताया कि प्रभारी सदर पुलिस उपाधीक्षक सह- यातायात डीएसपी द्वारा इस मामले की जांच की गई। जिसमें आरोपी पुलिस अवर निरीक्षक विनोद कुमार सिंह पर शराब पीने की पुष्टि की गई।

# 8.8 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ दो गिरफ्तार




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बौंसी/बांका।** बांका पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए ब्राउन शुगर के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से कुल 8.8 ग्राम ब्राउन शुगर, दो मोबाइल फोन तथा एक मोटरसाइकिल भी बरामद कर जब्त किया है। जिसकी जानकारी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी इंद्रजीत बैठा ने प्रेस कांफ्रेंस कर दी। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक बांका उपेंद्रनाथ वर्मा के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बौंसी इंद्रजीत बैठा के नेतृत्व में विशेष छापेमारी अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि बौंसी थाना क्षेत्र के पंडाटोला स्थित दत्ता पोखर के पास दो युवक ब्राउन शुगर और स्मैक की खरीद-बिक्री कर रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने वंशीपुर निवासी अरमान खान और गज्जर निवासी मो. गुलाम जामी अंसारी को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान अरमान खान के पास से 3.01 ग्राम ब्राउन शुगर जैसी सामग्री और एक एंड्रॉयड मोबाइल बरामद किया गया। वहीं मो. गुलाम जामी अंसारी के पास से 5.07 ग्राम ब्राउन शुगर जैसा पदार्थ, एक की-पैड मोबाइल तथा एक होंडा एक्स ब्लेड मोटरसाइकिल बरामद हुई। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ बौंसी थाना कांड संख्या 128/26 दर्ज किया है। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की जानकारी जुटाई जा रही है। इस कार्रवाई में अंचल निरीक्षक मनीष कुमार, थानाध्यक्ष पंकज झा, राकेश कुमार, अनुप कुमार, मिथिलेश कुमार सहित बौंसी थाना के पुलिस बल की सक्रिय भूमिका रही। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि जिले में नशे के कारोबार को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसे तत्वों के खिलाफ आगे भी लगातार अभियान जारी रहेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि ब्राउन शुगर के कारोबार में संलिप्त लोगों की सूची तैयार कर ली गई है और इसे गोपनीय रखा गया है। समय आने पर सख्त से सख्त

# बाढ़ से पूर्व तैयारियों की डीएम ने की समीक्षा, तैयारियां पूर्ण करने का दिया निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** जिला पदाधिकारी बेगूसराय श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में वर्ष 2026 में संभावित बाढ़ की स्थिति से निपटने हेतु पूर्व तैयारियों को लेकर आपदा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पदाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को सभी आवश्यक तैयारियां समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से पूर्ण करने का निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले के सभी 18 अंचलों में साधारण वर्षामापी यंत्र एवं स्वचालित मौसम केन्द्र स्थापित हैं। इसके अतिरिक्त सभी 217 पंचायतों में स्वचालित वर्षामापी यंत्र अधिष्ठापित हैं, जो वर्तमान में सुचारू रूप से कार्यरत हैं। आगामी 01 जून 2026 से जिला सांख्यिकी पदाधिकारी द्वारा दैनिक वर्षापात प्रतिवेदन तैयार कर नियमित रूप से आपदा प्रबंधन विभाग को उपलब्ध कराया जाएगा। बैठक में बताया गया कि गंगा नदी से प्रभावित होने वाले 08 अंचलों–बेगूसराय सदर, बरौनी, बछवाड़ा, तेघड़ा, मटिहानी, बलिया, साहेबपुर कमाल एवं शाम्हो अकहा कुरहा तथा बूढ़ी गंडक नदी से प्रभावित 03 अंचलों–बखरी, नावकोठी एवं चेरिया बरियारपुर के अंतर्गत आने वाले कुल 37 ग्राम पंचायतों तथा 02 नगर निकायों के संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। इन क्षेत्रों की लगभग 04 लाख आबादी एवं 80 हजार पशुधन की सुरक्षा के लिए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियां सुनिश्चित की जा रही हैं। कार्यपालक अभियंता, बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल द्वारा अवगत कराया गया कि जिले के अंतर्गत 05 अत्यंत संवेदनशील स्थलों पर कटाव निरोधक कार्य पूर्ण कर लिया गया है, जबकि अन्य 06 स्थलों पर कार्य प्रगति पर है। अनुमंडल पदाधिकारियों द्वारा किए गए संयुक्त निरीक्षण में बेगूसराय, मंझौल, बलिया, तेघड़ा एवं बखरी के तटबंध सुरक्षित पाए गए हैं। संभावित बाढ़ के दौरान विस्थापित परिवारों के लिए जिले में कुल 228 सामुदायिक रसोई केन्द्र एवं 80 राहत शिविर स्थल चिन्हित किए गए हैं। साथ ही, ड्राई राशन पैकेट तैयार करने के लिए अंचलवार 56 स्थलों का चयन कर टीमों का गठन किया जा चुका है। राहत एवं बचाव कार्यों की दृष्टि से उलाव हवाई अड्डा, शताब्दी मैदान मंझौल एवं चमरिया मैदान बलिया सहित कुल 15 हेलीपेड स्थलों को भी चिन्हित किया गया है। बैठक में यह भी बताया गया कि वर्तमान में जिला मुख्यालय एवं अंचलों को मिलाकर कुल 11,885 पॉलीथीन शीट्स उपलब्ध हैं तथा अतिरिक्त 30,000 पॉलीथीन शीट्स की मांग की गई है। आवागमन एवं बचाव कार्यों के लिए 21 सरकारी नावें परिचालन योग्य हैं। इसके अतिरिक्त 271 निजी नावों की आवश्यकता के विरुद्ध अब तक 140 नाव मालिकों से एकरारनामा किया जा चुका है तथा शेष प्रक्रिया प्रगति पर है। एसडीआरएफ टीम के पास 06 मोटरबोट तथा सिमरिया गंगा घाट पर 01 अतिरिक्त मोटरबोट उपलब्ध है। मानव स्वास्थ्य सुरक्षा को लेकर सिविल सर्जन द्वारा कुल 60 चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है, जिसके तहत 14 चलंत, 18 अस्थायी एवं 28 स्थायी चिकित्सा दल सक्रिय रहेंगे।


बिहार सरकार

समाहरणालय, औरंगाबाद

(जिला उर्दू भाषा कोषांग)

मंत्रिमंडल सचिवालय (उर्दू निदेशालय) विभाग, बिहार,पटना के आदेशानुसार जिला उर्दू भाषा कोषांग, समाहरणालय, औरंगाबाद से प्रकाशित होने वाले पत्रिका "जिला उर्दू नामा" औरंगाबाद वित्तीय वर्ष 2026–27 प्रकाशन के लिए जिला औरंगाबाद के उर्दू लेखकों, कथा लेखकों, कवियों और अन्य उर्दू/हिन्दी भाषी प्रेमियों से औरंगाबाद जिले के शैक्षणिक, सांस्कृतिक, एतिहासिक, आर्थिक एवं समाजिक पहलुओं पर आधारित लेखों की आवश्यकता है।

लेख/रचनाएँ कृपया उर्दू/हिन्दी में टाईप किया हुआ (हार्ड कॉपी) तथा अपना मोबाईल नं0 और एक पासपोर्ट साईज रंगीन तस्वीर और संपर्क विवरणी दिनांक–20.06.2026 तक स्वंय जिला उर्दू भाषा कोषांग, समाहरणालय, औरंगाबाद में जमा करें। उर्दू नामा में केवल चयनित रचनाएँ ही शमिल की जायेगी।

जिला उर्दू नामा औरंगाबाद में सम्मिलित आलेखों के प्रकाशन के लिए संस्था द्वारा कोई प्रोत्साहन राशि नहीं दी जायेगी।

किसी भी तरह की जानकारी के लिए कार्यालय के मोबाईल नं0 एवं ईमेल आई0 डी0 पर राबता करें।
9097381726, 8294080207,8409879112, aurangabadurducell@gmail.com

मो0 गजाली
प्रभारी पदाधिकारी
जिला उर्दू भाषा कोषांग–सह–
उप निर्वाचन पदाधिकारी, औरंगाबाद

उक्त सूचना state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।
PR. No.004113 (District) 2026-27

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

# डीसी ने की शिक्षा विभाग की योजनाओं और विद्यालयों में व्यवस्था की समीक्षा

## ई विद्यावाहिनी पोर्टल पर बच्चों की उपस्थिति कम होने पर जताई गई चिंता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने सोमवार को शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों एवं कर्मियों के साथ बैठक कर जिले में संचालित विभिन्न शैक्षणिक योजनाओं और विद्यालयों की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। समाहरणालय सभागार में आयोजित बैठक में छात्रवृत्ति, पोशाक वितरण, पाठ्य पुस्तक, मध्याह्न भोजन सहित कई महत्वपूर्ण योजनाओं की प्रगति पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। बैठक के दौरान उपायुक्त ने ई-विद्यावाहिनी पोर्टल पर बच्चों की उपस्थिति की समीक्षा करते हुए कई प्रखंडों में कम अटेंडेंस पर चिंता जतायी। उन्होंने संबंधित प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारियों को बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि कम इनरोलमेंट और उपस्थिति के पीछे स्थायी पलायन, बाल श्रम तथा शिक्षा के प्रति अभिभावकों की घटती रुचि जैसे कारण हो सकते हैं। इन कारणों की गंभीरता से समीक्षा कर समाधान की दिशा में कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने ड्रॉपआउट बच्चों की पहचान कर पुनः विद्यालय से जोड़ने पर विशेष जोर दिया। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि शिक्षक व्यक्तिगत स्तर पर ऐसे बच्चों एवं उनके अभिभावकों से संपर्क कर उन्हें दोबारा नामांकन के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चे तक शिक्षा का अधिकार पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। बैठक में मध्याह्न भोजन योजना की भी समीक्षा की गयी। उपायुक्त ने निर्धारित रोस्टर के अनुरूप बच्चों को गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही विद्यालयों में किचन गार्डन, लाइब्रेरी एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की स्थिति पर भी चर्चा की गयी। इस दौरान हाल ही में जारी जैक बोर्ड की 10वीं एवं 12वीं परीक्षा परिणामों की भी समीक्षा की गयी। उपायुक्त ने लगातार तीन वर्षों से खराब प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों की सूची तैयार कर अलग से समीक्षा करने की बात कही। उन्होंने प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारियों, सीआरपी एवं बीआरपी को विद्यालयों का नियमित निरीक्षण करने तथा निरीक्षण की जियोटैग फोटो जिला कार्यालय को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक में समग्र शिक्षा अभियान, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों में नामांकन, डिजिटल शिक्षा, साइकिल वितरण, स्कूल किट, मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में सीबीएसई के माध्यम से चयन, आईसीटी प्रोग्राम एवं स्मार्ट क्लास जैसी योजनाओं की भी समीक्षा की गयी। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, अकाउंटेंट, बीपीओ, विभिन्न वार्डन सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## भीषण गर्मी में आमजनों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना हमारी जिम्मेदारी : उपायुक्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मेदिनीनगर (पलामू)।** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने सोमवार को एनआईसी सभागार से ऑनलाइन माध्यम से पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कनीय एवं सहायक अभियंताओं तथा सभी बीडीओ के साथ बैठक की। बैठक का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में सार्वजनिक स्थलों पर आमजनों एवं राहगीरों के लिए शुद्ध पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करना था। बैठक के दौरान उपायुक्त ने कहा कि पलामू की गर्मी अपने उच्च तापमान के लिए जानी जाती है। ऐसे में चिलचिलाती धूप में लोगों को शुद्ध एवं शीतल पेयजल उपलब्ध कराना प्रशासन की नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर भीड़भाड़ वाले बाजार, चौक-चौराहों एवं सार्वजनिक स्थलों को चिन्हित करते हुए वहां प्याऊ एवं पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करें। उपायुक्त श्री शेखावत ने नगर निगम क्षेत्र में सभी प्रमुख चौक-चौराहों पर प्याऊ की व्यवस्था करने, पाइपलाइन लीकेज वाले स्थानों को चिन्हित कर त्वरित मरम्मत कराने, स्टैंड पोस्ट में टैप कनेक्शन सुनिश्चित करने तथा जल संकट वाले क्षेत्रों में टैंकर के माध्यम से नियमित जलापूर्ति कराने का निर्देश दिया। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों को लेकर उन्होंने बंद पड़े चापाकलों एवं जलमीनारों की शीघ्र मरम्मत कर चालू कराने, पेयजल संकट वाले क्षेत्रों की पहचान करने तथा जहां जलस्तर नीचे चला गया है वहां टैंकर के माध्यम से नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि इस कार्य में सामाजिक संगठनों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों का भी सहयोग लिया जाए ताकि अधिक से अधिक लोगों तक राहत पहुंचाई जा सके।इस अवसर पर एनआईसी के सभागार में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता समेत अन्य उपस्थित रहे।

## कृषि से संबंधित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यों की प्रगति को लेकर आयुक्त ने की समीक्षा बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**मेदिनीनगर (पलामू)।** प्रमंडलीय आयुक्त श्रीमती कुमुद सहाय की अध्यक्षता में आज कृषि विभाग से संबंधित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यों की समीक्षा को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में कृषि उत्पादन बढ़ाने, किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराने जैसे (किसान पाठशाला), बीज वितरण, सिंचाई व्यवस्था, उर्वरक उपलब्धता, फसल बीमा योजना एवं कृषि यंत्रीकरण से जुड़े कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। राष्ट्रीय बागवानी को जोर देते हुए आयुक्त ने निर्देश दिया कि स्ट्रॉबेरी, ड्रैगन फ्रूट, आम इत्यादि की खेती में बढ़ोतरी की जाए । किसानों को पारंपरिक खेती के साथ-साथ बागवानी आधारित आधुनिक खेती के लिए प्रोत्साहित करना आवश्यक है, ताकि उनकी आय में वृद्धि हो सके। आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसानों को उन्नत तकनीक, गुणवत्तापूर्ण पौधे एवं आवश्यक प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि जलवायु एवं भूमि की उपयुक्तता को ध्यान में रखते हुए क्षेत्र में ऑर्गेनिक फर्मिंग के विस्तार की व्यापक कार्ययोजना तैयार की जाए। साथ ही कृषि विज्ञान केंद्र से अधिक लोगों को उत्तम ट्रेनिंग उपलब्ध कराने का आदेश दिया। कृषि क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए आयुक्त ने किसानों को आसान ऋण सुविधा उपलब्ध कराने एवं आधुनिक कृषि गतिविधियों से जोड़ने पर विशेष बल दिया। इस बैठक मे जिला उद्यान पदाधिकारी (पलामू, गढ़वा, लातेहार) एवं जिला कृषि पदाधिकारी (पलामू, गढ़वा, लातेहार) मौजूद थे।

## अफवाह फैलाने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

**बौंसी/बांका (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर सोमवार को बौंसी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय लोगों ने भाग लेकर आपसी भाईचारे और शांति बनाए रखने का संकल्प लिया। बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी इंद्रजीत बैठा ने की। उन्होंने उपस्थित लोगों से अपील करते हुए कहा कि पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और सोशल मीडिया पर भ्रामक संदेश साझा करने से बचें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अफवाह फैलाने या माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। थानाध्यक्ष पंकज कुमार झा ने कहा कि पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और त्योहार के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष निगरानी रखी जाएगी। उन्होंने लोगों से प्रशासन का सहयोग करने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को देने की अपील की। वहीं अंचल निरीक्षक मनीष कुमार ने भी आपसी सौहार्द बनाए रखने पर जोर देते हुए कहा कि बौंसी की पहचान हमेशा से भाईचारे और सामाजिक एकता की रही है, जिसे कायम रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। बैठक में एसआई राकेश कुमार, पवन कुमार, मिथिलेश कुमार, प्रदीप कुमार घोष, मोहम्मद गफार उर्फ गब्बर, भोला प्रसाद सिंह, प्रफुल्ल चंद्र यादव, मोहम्मद अयूब खान, मोहम्मद मनोहर अंसारी, संतोष कुमार शाह, मोहम्मद कलाम, नवशाद अंसारी, अजय कुमार शाह, श्रीकांत यादव, मोहम्मद मिराज अंसारी, मोहम्मद जफरूल, मोहम्मद मिकाइल, धनंजय दास, निरंजन मांझी, भूलो प्रसाद यादव, विजय कुमार, मणिकांत चौधरी, लोकी पासवान सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे। बैठक के अंत में सभी लोगों ने मिलजुल कर पर्व मनाने एवं क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने का भरोसा दिलाया।

# रामपुर गोलीकांड में दो गिरफ्तार

### 15 एफआइआर आरोपियों को गिरफ्तारी की कार्रवाई की गई है तेज : पुलिस अधीक्षक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के रामपुर में जमीन विवाद को लेकर गोलीबारी की घटना में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। 15 नामजद आरोपी अभी भी फरार हैं। गिरफ्तार आरोपियों को लेकर पुलिस अधीक्षक कपिल चौधरी ने सोमवार दोपहर 2.30 बजे अपने कार्यालय कक्ष के सभागार में पत्रकारों को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 23 मई शनिवार को रामपुर गांव में जमीन विवाद में दो पक्षों में मारपीट एवं गोलीबारी की घटना हुई थी। इसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। जबकि तीन जख्मी हुए थे। इस संबंध में पीड़ित पक्ष की ओर से 17 लोगों के खिलाफ नामजद जबकि 25 अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। मामला दर्ज होते ही एसआईटी का गठन कर तेजी से अनुसंधान किया गया और 17 नामजद में से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। उनकी पहचान 28 वर्षीय गोलू सिंह उर्फ नितेश कुमार सिंह व 80 वर्षीय ब्रह्मदेव सिंह व इस कंाड में फरार 15 नामजद आरोपियों समेत अज्ञात के खिलाफ छापामारी की जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। बताते चलें कि शनिवार को रामपुर में जमीन विवाद में एक विधवा महिला के घर को गिरा दिया गया था। इस दौरान एक पक्ष की ओर से फायरिंग भी की थी, जिसमें सकेंद्र चौधरी नामक युवक की मौत हो गई थी, जबकि तीन जख्मी हो गए थे। घटना के विरोध में ग्रामीणों ने चैनपुर-मेदिनीनगर के बीच शाहपुर में कोयल पुल के पास रोड जाम किया था। पुलिस अधिकारियों ने समझा बुझाकर जाम को रोड से हटाया था। वहीं घटना में जख्मी और मृतक के पिता मधु चौधरी के बयान के आधार पर 17 नामजद, जबकि 25 अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

## राजीव कुमार को कांग्रेस मजदूर संघ में जिला उपाध्यक्ष बनने पर हर्ष

**बौंसी/बांका (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शिक्षा और व्यवसाय जगत से जुड़े चर्चित चेहरा तथा एमके पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर सह व्यवसायी संघ अध्यक्ष राजीव कुमार सिंह को बांका जिला कांग्रेस मजदूर संघ में जिला उपाध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनके मनोनयन के बाद जिले के व्यवसायियों और मजदूर वर्ग में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। यह जिम्मेदारी राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस संघ के जिला अध्यक्ष विनय कापरी द्वारा औपचारिक रूप से दी गई। उन्हें लिखित मनोनयन पत्र प्रदान कर माला पहनाकर सम्मानित किया गया और जिला उपाध्यक्ष पद का कार्यभार सौंपा गया। मौके पर उपस्थित यूनियन सदस्यों और मजदूरों ने उम्मीद जताई कि राजीव सिंह के नेतृत्व में मजदूरों की समस्याओं को मजबूती से उठाया जाएगा तथा संगठन को नई दिशा मिलेगी।

# वर्चस्व को लेकर गोलीबारी मामले में तीन शातिर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर।** जिले के एकचारी थाना क्षेत्र के दियारा इलाके में वर्चस्व कायम करने के लिए अंधाधुंध फायरिंग करने वाले तीन शातिर अपराधियों को पुलिस ने हथियार के साथ धर दबोचा है। इनके पास से पुलिस ने एक देशी कट्टा, पांच जिंदा कारतूस और दस खोखे बरामद किए हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक भागलपुर के निर्देश पर गठित विशेष छापेमारी दल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इन बदमाशों को सलाखों के पीछे पहुंचाया। गिरफ्तार अपराधियों में कर्पूरी मंडल, अशोक मंडल उर्फ अनिकेत कुमार और आशीष कुमार शामिल हैं। पुलिस ने एक देशी कट्टा, 05 जिंदा कारतूस और 10 खोखे बरामद किए हैं। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कहलगांव-02 के नेतृत्व में एसटीएफ और भारी पुलिस बल की छापेमारी की गयी। मिली जानकारी के अनुसार, बीते 23 मई 2026 की रात करीब 10:30 बजे पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एकचारी दियारा स्थित प्राथमिक स्कूल (तिनघरीया) के पास कुछ अपराधियों द्वारा दहशत फैलाने के उद्देश्य से ताबड़तोड़ गोलीबारी की जा रही है। इधर सूचना मिलते ही सिटी एसपी के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, कहलगांव 02 गरिमा की निगरानी में एक विशेष टीम का गठन किया गया। इस टीम में एसटीएफ भागलपुर और एकचारी, पीरपैंती, शिवनारायणपुर समेत करीब डेढ़ दर्जन थानों के कप्तानों व सशस्त्र बल को शामिल किया गया था। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 मई को एकचारी थाना कांड संख्या-26/2026 दर्ज कर अपराधियों की धरपकड़ शुरू कर दी। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने सबसे पहले अभियुक्त कर्पूरी मंडल को उसके बासा के समीप से गिरफ्तार किया। पुलिसिया पूछताछ में कर्पूरी मंडल ने जो खुलासा किया, वह चौंकाने वाला था। कर्पूरी मंडल ने कबूला कि उसके मामा अगहनु मंडल को पुलिस ने पहले ही किसी मामले में जेल भेज दिया था। मामा के जेल जाने के बाद गांव के लोगों में उनका खौफ कम हो गया था। इसी दहशत और दबदबे को दोबारा कायम करने के लिए उसके ममेरे भाई नीतीश कुमार ने उसे कट्टा और गोली दी थी। जिसके बाद उन्होंने गांव में फायरिंग कर माहौल खराब करने की साजिश रची। कर्पूरी मंडल की निशानदेही और गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए काली मंदिर के पास से दूसरे आरोपी अशोक मंडल उर्फ अनिकेत कुमार और फिर उसके बासा के पास से तीसरे आरोपी आशीष कुमार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी आशीष कुमार की निशानदेही पर घटना में इस्तेमाल किया गया एक देशी कट्टा, 10 खोखे (चले हुए कारतूस) और 5 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। इस बड़े ऑपरेशन को सफल बनाने में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कहलगांव-02 के साथ मुख्य रूप से एकचारी थाना के पु0अ0नि0 सह-थानाध्यक्ष बबलू कुमार, स0अ0नि0 अमजद अली अंसारी, स0अ0नि0 राजकुमार प्रसाद, एसटीएफ टीम भागलपुर और विभिन्न थानों का सशस्त्र बल शामिल रहा। फिलहाल पुलिस इस घटना में संलिप्त अन्य फरार अभियुक्तों नीतीश कुमार आदि की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।

## बकरीद को लेकर पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**धनबाद।** धनबाद में बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर जिला पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड में नजर आ रही है। इसी कड़ी में धनबाद पुलिस ने पुलिस कंट्रोल रूम परिसर से सोमवार को सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव के नेतृत्व में सिटी हॉक्स बाइक दस्ते के साथ फ्लैग मार्च निकाला। यह फ्लैग मार्च शहर के संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले इलाकों में निकाला गया, ताकि असामाजिक तत्वों में भय का माहौल बने और आम लोगों में सुरक्षा का विश्वास कायम हो सके। सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव ने कहा कि बकरीद को लेकर जिले में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। कंट्रोल रूम पूरी तरह सक्रिय है और पुलिस का चलंत दस्ता लगातार क्षेत्र में भ्रमण करेगा। साथ ही क्विक रिस्पॉन्स टीम भी हर परिस्थिति से निपटने के लिए तैनात रहेगी। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक खबरों पर ध्यान न दें और किसी भी समस्या की सूचना तुरंत पुलिस प्रशासन को दें। जिले को अलग-अलग जोन में बांटा गया है, जहां जोनल दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारियों की तैनाती की गई है। इसके अलावा सभी थाना और ओपी क्षेत्रों में भी दंडाधिकारी के साथ पुलिस बल मौजूद रहेगा।

## धनबाद स्टेशन रोड में खाद्य सुरक्षा विभाग ने चलाया विशेष जांच अभियान, मचा हड़कंप

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**धनबाद।** धनबाद में जिला प्रशासन और खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से मिलावटखोरी और स्वास्थ्य के लिए हानिकारक खाद्य पदार्थों के खिलाफ एक विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। धनबाद के उपायुक्त के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. राजा कुमार के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई, जिसके तहत विशेष रूप से धनबाद स्टेशन रोड क्षेत्र में स्थित होटल, रेस्टोरेंट, स्ट्रीट फूड स्टॉल्स और मिठाई दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया।इस अभियान के दौरान टीम ने मौके पर ही 'फूड सेफ्टी ऑन व्हील्स' मोबाइल लैब के जरिए 140 से अधिक खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए और उनकी ऑन-द-स्पॉट जांच की। जांच के दौरान कई चौंकाने वाले मामले सामने आए हैं। कई नामचीन और स्थानीय दुकानों में एक्सपायरी डेट (समयावधि पार) वाले पैकेट बंद सामान, सॉस और मसालों का धड़ल्ले से इस्तेमाल किया जा रहा था, जिसे तुरंत जब्त कर लिया गया।इतना ही नहीं, स्टेशन रोड की कई चाट और स्ट्रीट फूड दुकानों में छोले, चिकन और अन्य व्यंजनों को आकर्षक बनाने के लिए प्रतिबंधित घातक केमिकल और चंपई रंगों का इस्तेमाल किया जा रहा था। डॉ. राजा कुमार के आदेश पर टीम ने सैकड़ों किलो दूषित, बासी और अस्वास्थ्यकर खाद्य सामग्री को मौके पर ही नाले में फेंकवाकर नष्ट कर दिया। इसके साथ ही अधिकारियों ने दुकानदारों के स्टॉक रजिस्टर, साफ-सफाई और एक्सपायरी डेट के मानकों को कड़ाई से खंगाला। जिन दुकानदारों के पास फूड लाइसेंस नहीं था, उन्हें सख्त चेतावनी देते हुए जल्द से जल्द अनिवार्य रूप से रजिस्ट्रेशन और फूड लाइसेंस बनवाने का अल्टीमेटम दिया गया है।

## बांका में शुरू होगा आम्रपाली प्रशिक्षण केंद्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बांका।** बांका में कला एवं संस्कृति के क्षेत्र से जुड़ी प्रतिभाओं को नया मंच देने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। बिहार सरकार के कला एवं संस्कृति विभाग द्वारा जिले में आम्रपाली प्रशिक्षण केंद्र का संचालन शुरू किया जा रहा है। इसे लेकर समाहरणालय स्थित मिनी सभागार में कला एवं संस्कृति पदाधिकारी की अध्यक्षता में प्रतिनियुक्त शिक्षकों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशिक्षण केंद्र के सफल संचालन को लेकर कई दिशा-निर्देश जारी किए गए। अधिकारियों ने बताया कि प्रत्येक कला विधा में अधिकतम 40 प्रशिक्षुओं का चयन किया जाएगा। नामांकन प्रक्रिया ल्पहले आओ, पहले पाओॖ के आधार पर पूरी की जाएगी। सत्र 2026-27 के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। यह प्रशिक्षण केंद्र एस0 एस0 बालिका उच्च विद्यालय परिसर में संचालित होगा। यहां विद्यार्थियों एवं कला प्रेमियों को भारतीय शास्त्रीय कला की विभिन्न विधाओं में पूरी तरह निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण केंद्र में शास्त्रीय गायन, कथक, भरतनाट्यम, तबला एवं हारमोनियम जैसे पाठ्यक्रम शामिल किए गए हैं। अनुभवी गुरुओं द्वारा प्रशिक्षण के साथ-साथ सफल प्रशिक्षुओं को सरकारी प्रमाणपत्र भी प्रदान किया जाएगा। नामांकन के लिए न्यूनतम आयु सीमा 6 वर्ष निर्धारित की गई है।

## थानों के बाहर शुरू हुई प्याऊ व्यवस्था




**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान के बीच आम लोगों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से गिरिडीह पुलिस ने मानवीय पहल करते हुए जिले के मुफ्फसिल एवं पचम्बा थाना परिसर के बाहर प्याऊ की व्यवस्था शुरू की है। इस व्यवस्था के तहत राहगीरों, मजदूरों और आम जनता को शीतल पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। इस जनहित अभियान की शुरुआत रविवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय के निर्देश पर की गई। मौके पर पुलिस अधीक्षक स्वयं उपस्थित रहे और दोनों थाना परिसरों में की गई व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने राहगीरों एवं आम लोगों को ठंडा पानी पिलाकर इस पहल का शुभारंभ किया पुलिस अधीक्षक ने कहा कि चिलचिलाती धूप और गर्मी में सड़क पर निकलने वाले लोगों को स्वच्छ और ठंडा पेयजल आसानी से उपलब्ध हो, इसी उद्देश्य से यह कदम उठाया गया है।

## 44 डिग्री की गर्मी में ट्रैफिक पुलिस को मिली 'एसी जैकेट'

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रांची।** झारखंड की भीषण गर्मी के बीच रांची ट्रैफिक पुलिस के लिए खास इंतजाम किया गया है। अब पुलिसकर्मी कूलिंग जैकेट पहनकर ड्यूटी कर रहे हैं, जिसमें फैन लगा है और जो पावर बैंक से चलती है। झारखंड में पड़ रही भीषण गर्मी ने आम लोगों के साथ-साथ ड्यूटी पर तैनात ट्रैफिक पुलिसकर्मियों की मुश्किलें भी बढ़ा दी हैं. तेज धूप, लू और 40 से 44 डिग्री तक पहुंचते तापमान के बीच घंटों सड़क पर खड़े रहना आसान नहीं है. ऐसे हालात को देखते हुए रांची ट्रैफिक पुलिस ने इस बार एक नया और अलग कदम उठाया है।

पहली बार ट्रैफिक कांस्टेबल्स को कूलिंग जैकेट दी गई हैं, ताकि वे इस झुलसा देने वाली गर्मी में भी बिना ज्यादा परेशानी के अपनी ड्यूटी कर सकें. फिलहाल 5 जैकेट ट्रायल के तौर पर दी गई हैं और इन्हें पहनकर पुलिसकर्मी शहर के अलग-अलग चौराहों पर ट्रैफिक संभाल रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि अगर यह प्रयोग सफल रहता है, तो आगे और जवानों को भी ये सुविधा दी जाएगी। इस बार जो कूलिंग जैकेट दी गई हैं, वो साधारण जैकेट नहीं हैं, बल्कि एक तरह का पोर्टेबल कूलिंग सिस्टम हैं। इसमें इनबिल्ट फैन लगा हुआ है, जो लगातार जैकेट के अंदर हवा को सर्कुलेट करता रहता है. इससे शरीर के आसपास ठंडी हवा बनी रहती है और पसीना जल्दी सूखता है, जिससे गर्मी का असर कम होता है। खास बात यह है कि इस जैकेट को पावर बैंक से भी चलाया जा सकता है। एक बार फुल चार्ज करने के बाद यह करीब 8 घंटे तक लगातार काम कर सकती है, यानी पुलिसकर्मी अपनी पूरी शिफ्ट में इसे इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके साथ ही इसमें लगा कपड़ा एसपीएफ 50 की सुरक्षा देता है, जो तेज धूप से शरीर को बचाने में मदद करता है। सुरक्षा के लिहाज से भी इसमें खास ध्यान रखा गया है। जैकेट पर रिफ्लेक्टिव रेडियम स्ट्रिप्स लगी हैं, जिससे रात के समय भी पुलिसकर्मी आसानी से दिखाई देते हैं और उनकी विजिबिलिटी बनी रहती है.

## 10.30 बजे के बाद शैक्षणिक गतिविधियों पर रोक

**बांका (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नवदीप शुक्ला के निर्देश पर जिले में पड़ रही भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान को देखते हुए प्रशासन ने एहतियाती कदम उठाया है। मौसम विभाग द्वारा जारी लू के पूर्वानुमान के बाद बच्चों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले संभावित खतरे को ध्यान में रखते हुए बांका जिले के सभी विद्यालयों एवं कोचिंग संस्थानों में शैक्षणिक गतिविधियों पर अस्थायी प्रतिबंध लगाया गया है। जारी आदेश के अनुसार प्री-स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र, निजी एवं सरकारी विद्यालयों के साथ-साथ सभी कोचिंग संस्थानों में पूर्वाह्न 10:30 बजे के बाद किसी भी प्रकार की शैक्षणिक गतिविधि संचालित नहीं की जाएगी। यह आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा-163 के तहत लागू किया गया है। जिला प्रशासन ने विद्यालय प्रबंधन को निर्देश दिया है कि बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए आवश्यकता पड़ने पर वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करें। प्रशासन का मानना है कि तेज धूप और लू की स्थिति बच्चों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन सकती है। यह आदेश 26 मई से 27 मई 2026 तक पूरे बांका जिले में प्रभावी रहेगा। प्रशासन ने अभिभावकों से भी अपील की है कि अत्यधिक गर्मी के दौरान बच्चों को अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलने दें और पर्याप्त पानी व सावधानी बरतें।

# उत्तर कोयल नहर परियोजना के काम में लाएं तेजी

## मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने की समीक्षा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार सरकार के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उत्तर कोयल नहर परियोजना (एनकेआरपी) से संबंधित निर्माण कार्यों, भूमि अधिग्रहण एवं वितरण प्रणाली की प्रगति की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी उपेंद्र पंडित सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी मौजूद रहे। समीक्षा के दौरान परियोजना के विभिन्न पैकेजों के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों, भौतिक प्रगति, मशीनरी एवं मानव संसाधन की उपलब्धता, भूमि अधिग्रहण, निविदा प्रक्रिया तथा वितरण प्रणाली की स्थिति का विस्तृत अवलोकन किया गया। समीक्षा के क्रम में परियोजना की प्रगति पर चर्चा करते हुए बताया गया कि परियोजना की समग्र प्रगति 51.47 प्रतिशत दर्ज की गई है जबकि कुल भौतिक प्रगति 34.15 प्रतिशत है। विगत सात दिनों में 1.06 प्रतिशत भौतिक प्रगति दर्ज की गई। औरंगाबाद एवं गया के मुख्य अभियंता द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के अनुसार विभिन्न पैकेजों में कुल आवश्यक 310 मशीनों के विरुद्ध 164 मशीनें तथा आवश्यक 1241 मानव संसाधन के विरुद्ध 499 मानव संसाधन उपलब्ध पाए गए, जो क्रमशः 52.90 प्रतिशत एवं 40.21 प्रतिशत उपलब्धता को दर्शाता है। समीक्षा के दौरान बताया गया कि नवीनगर, अंबा, औरंगाबाद एवं मदनपुर डिवीजन सहित गया एनकेसीडी की वितरण प्रणाली हेतु पुनर्निविदा की प्रक्रिया डब्लूएपीसीओएस द्वारा अभी तक पूर्ण नहीं की गई है। साथ ही गया वितरण प्रणाली के एक भाग हेतु निविदा प्रक्रिया प्रारंभ नहीं होने पर भी चिंता व्यक्त की गई। बैठक में बताया गया कि भूमि अधिग्रहण मद में 30 करोड़ रुपए की मदर सैंक्शन केंद्रीय जल आयोग द्वारा 18 मई को जारी की गई है। इसके उपरांत नवीनगर, अंबा, औरंगाबाद, मदनपुर एवं गया के कार्यपालक अभियंताओं तथा जिला भू-अर्जन पदाधिकारियों को 21 मई को वर्चुअल आवंटन उपलब्ध करा दिया गया है। इसके अंतर्गत गया जिले हेतु 26.83 करोड़ रूपये तथा औरंगाबाद जिले हेतु 23.17 करोड़ रूपये आवंटित किए गए हैं। भूमि अधिग्रहण की समीक्षा के दौरान बताया गया कि बिहार भाग में परियोजना हेतु औरंगाबाद जिले में कुल 41.251 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहित की जानी है, जिसमें से 38.5734 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण पूर्ण कर लिया गया है। अंत में मुख्य सचिव ने परियोजना की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने, निर्माण कार्यों में तेजी लाने तथा सभी संबंधित विभागों एवं पदाधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए परियोजना को निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण करने का निर्देश दिया ताकि क्षेत्र के किसानों को सिंचाई सुविधा का लाभ शीघ्र उपलब्ध कराया जा सके।

# कपड़ा दुकान के गोदाम में आग लगने से लाखों का नुकसान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शहर के सब्जी मार्केट के समीप पोस्ट ऑफिस के बगल वाली गली में सोमवार को एक कपड़ा दुकान के गोदाम में अचानक आग लगने से लाखों रुपये के कपड़े और अन्य सामान जलकर राख हो गए। प्रारंभिक तौर पर आग लगने का कारण बिजली का शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। घटना में करीब 20 लाख रुपए से अधिक के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। जानकारी के अनुसार एएम गारमेंट्स नामक कपड़ा दुकान के संचालक मोहम्मद आसिफ दोपहर में दुकान बंद कर खाना खाने घर गए थे। इसी दौरान आसपास के दुकानदारों ने उनके मोबाइल पर सूचना दी कि दुकान के अंदर से धुआं निकल रहा है। सूचना मिलते ही मोहम्मद आसिफ मौके पर पहुंचे तो देखा कि दुकान के अंदर आग तेजी से फैल रही है। देखते ही देखते पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना की सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस और अग्निशमन विभाग को दी गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की एक छोटी और दो बड़ी दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। हालांकि दुकान का शटर बंद रहने के कारण दमकल कर्मियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। करीब आधे घंटे तक शटर खोलने की कोशिश की गई लेकिन सफलता नहीं मिलने पर शटर को तोड़ना पड़ा। इसके बाद दमकल कर्मियों ने अंदर पानी डालकर आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया। करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह नियंत्रण पाया जा सका। आगलगी के कारण दुकान के अंदर रखा भारी मात्रा में कपड़ा, रेडीमेड वस्त्र और अन्य सामान जलकर नष्ट हो गया। दुकान संचालक मोहम्मद आसिफ ने बताया कि उनका कारोबार थोक और खुदरा दोनों स्तर पर चलता था। आग लगने से बड़ी मात्रा में स्टॉक जल गया है जिससे 20 लाख रुपए से अधिक का आर्थिक नुकसान हुआ है। आग की घटना के बाद आसपास के दुकानदारों में भी दहशत फैल गई। एहतियात के तौर पर कई दुकानदारों ने अपने-अपने दुकानों से सामान बाहर निकाल लिया ताकि आग फैलने की स्थिति में नुकसान से बचा जा सके। फिलहाल पुलिस और अग्निशमन विभाग मामले की जांच में जुटे हैं।

# छात्रों को 21वीं सदी के कौशल से लैस करना प्राथमिकता




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** विद्यालयों में आधुनिक तकनीक आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में विवेकानंद वीआईपी स्कूल में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) एवं संगणनात्मक चिंतन विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों और शिक्षकों के तकनीकी कौशल, तार्किक सोच एवं समस्या समाधान क्षमता का विकास करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के चेयरमैन मनीष वत्स, निर्णायक मंडल के सदस्य अनूप कुमार, मो. आलम तथा विद्यालय के प्राचार्य नरेंद्र सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित एवं स्वामी विवेकानंद के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। इस अवसर पर सभी अतिथियों को विद्यालय का प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया। कार्यशाला में संसाधन सेवी के रूप में विभिन्न विद्यालयों के 11 शिक्षकों ने प्रस्तुति दी जबकि करीब 40 शिक्षकों ने इसमें भाग लिया। प्रस्तुतकर्ताओं ने सरल एवं रोचक तरीके से बताया कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता आज मोबाइल वॉइस असिस्टेंट, ऑनलाइन शॉपिंग, चिकित्सा एवं अन्य क्षेत्रों में किस प्रकार उपयोगी साबित हो रही है। अपने संबोधन में चेयरमैन मनीष वत्स ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप छात्रों को 21वीं सदी के कौशल से लैस करना विद्यालय की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि ऐसी कार्यशालाएं छात्रों में जिज्ञासा, रचनात्मकता एवं नवाचार की भावना विकसित करती हैं और भारत को डिजिटल युग में अग्रणी बनाने में नई पीढ़ी की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। विद्यालय की उपप्राचार्य सूची कुमारी ने कहा कि छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए विज्ञान, तकनीक एवं नवाचार से जुड़े आयोजन भविष्य में भी जारी रहेंगे। धन्यवाद ज्ञापन शिक्षक अविनाश कुमार ने किया।

# जैन समाज के साधु-संतों को मिले पर्याप्त सुरक्षा : कन्हैया लाल जैन




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** श्री दिगंबर जैन समाज, औरंगाबाद के अध्यक्ष कन्हैयालाल जैन के नेतृत्व में सोमवार को जैन समाज के लोगों ने देश के सभी साधु-संतों की सुरक्षा की मांग को लेकर शहर में मौन जुलूस निकाला। जुलूस में बड़ी संख्या में जैन समाज के महिला-पुरुष एवं युवा शामिल हुए। जैन समाज के लोगों ने बताया कि कुछ दिनों पूर्व मध्य प्रदेश के रीवा में दो जैन साध्वियों की वाहन की चपेट में आने से मृत्यु हो गई थी। इस घटना से पूरे देश का जैन समाज शोक संतप्त है। इसी के विरोध एवं साधु-संतों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग को लेकर देशभर में मौन जुलूस निकाला जा रहा है। मौन जुलूस के दौरान लोगों ने हाथों में तख्तियां लेकर शांतिपूर्ण ढंग से अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। जुलूस के उपरांत जैन समाज के प्रतिनिधिमंडल ने जिला पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर साधु-संतों की सुरक्षा के लिए विशेष व्यवस्था एवं प्रशासनिक सहयोग की मांग की। समाज के लोगों ने कहा कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए प्रशासन को आवश्यक कदम उठाना चाहिए ताकि साधु-संत सुरक्षित रूप से अपने धार्मिक कार्य कर सकें।

# भीषण गर्मी में लोगों को शुद्ध एवं ठंडा पेयजल उपलब्ध कराना पुण्य का कार्य : सुशील सिंह




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** भीषण गर्मी में श्रद्धालुओं एवं आमजनों को शुद्ध एवं ठंडा पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में औरंगाबाद चैम्बर ऑफ कॉमर्स ने जल ही जीवन है अभियान के तहत शहर के धर्मशाला मोड़ स्थित प्राचीन महावीर मंदिर परिसर में आरओ युक्त कोल्ड वाटर कूलर समर्पित किया। चैम्बर ऑफ कॉमर्स द्वारा मंदिर समिति को 80 लीटर स्टोरेज क्षमता वाला कोल्ड वाटर कूलर एवं 40 लीटर क्षमता का आरओ प्लांट उपलब्ध कराया गया है। इसका उद्घाटन पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने चैम्बर की पहल की सराहना करते हुए कहा कि भीषण गर्मी में लोगों को शुद्ध एवं ठंडा पेयजल उपलब्ध कराना पुण्य का कार्य है। उन्होंने कहा कि समाज के प्रति इस प्रकार की जिम्मेदारी निभाना अन्य संस्थाओं के लिए भी प्रेरणादायक है। कार्यक्रम में वार्ड सदस्य रंजय अग्रहरि, चैम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष मुकेश कुमार गुप्ता अमित कुमार, आदित्य कुमार सिंह, कुणाल सौरभ, राकेश गुप्ता, बालचंद गुप्ता, राज कुमार लहरी, मिथलेश कुमार, सुरेंद्र जैन, रणविजय मेहता, सचिन सिन्हा, नवीन सिन्हा, ओमप्रकाश कुमार, गुड्डू गुप्ता, ललन गुप्ता सहित शहर के कई गणमान्य व्यवसायी एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विभिन्न मामलों में 73 गिरफ्तार

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में रविवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई। कार्रवाई में कुल 73 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 37 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार पुलिस पर हमला मामले में तीन, पोक्सो एक्ट में एक, हत्या प्रयास में 16, मद्यनिषेध अधिनियम के तहत 11 तथा अन्य मामलों में 42 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं 214.55 लीटर देसी शराब, 4.20 विदेशी शराब, 100 खाली बोतल बरामद तथा 1000 लीटर महुआ को विनिष्ट किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 1385 वाहनों की जांच की गई जिसमें 60 हजार रूपये शमन की राशि वसूल की गई। एसपी ने बताया कि जिले में अपराध नियंत्रण को लेकर नियमित रूप से छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**

31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**

मो.- 09818366269

# जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों पर हो त्वरित कार्रवाई

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार सरकार की पहल सबका सम्मान-जीवन आसान के तहत सोमवार को जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के समक्ष परिवादियों की ओर से जनहित से जुड़े प्राप्त परिवादों की सुनवाई की गयी। जनता दरबार में प्राप्त सभी परिवादों को विधिवत पंजी में दर्ज कर संबंधित विभागों को अग्रसारित किया गया तथा संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित एवं आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिला प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी मामलों का निष्पादन निर्धारित समय-सीमा के भीतर किया जाए ताकि आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक विलंब न हो।

